वर्ष-3, अंक-312
इन्दौर बुधवार 06 मई 2026 पृष्ठ 8,
मूल्य 2 रु.

दैनिक
# राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761,

चाणक्य नीति



जिसने अपने मन पर विजय प्राप्त कर लिया, वो किसी भी हार से उबरकर फिर से उठ सकता है।

प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

## बिहार में 7 मई को होगा मंत्रिमंडल का विस्तार

**जदयू कोटे से 11 मंत्रियों के नाम लगभग तय सम्राट चौधरी कैबिनेट में दिखेंगे 3 नए चेहरे**

**पटना, ईएमएस।** बिहार में मंत्रिमंडल के विस्तार की तारीख का एलान हो गया है। नई सरकार के गठन के बाद अब 7 मई को नई कैबिनेट का गठन होगा। अभी तक मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और दोनों उपमुख्यमंत्री वियज चौधरी और बिजेंद्र यादव के ही पास सारे विभागों की जिम्मेदारी थी।

हालांकि, अब नए लोगों को विभिन्न विभागों की जिम्मेदापी सौंपी जाएगी। इससे जनता के हितों में किए जा रहे कार्यों को और गति मिलने की संभावना है। बिहार में सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। ताजा जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड के कोटे से 11 मंत्रियों के शपथ लेने की संभावना है। इस सूची में न केवल पुराने अनुभवी चेहरों पर भरोसा जताया गया है, बल्कि सामाजिक समीकरणों को साधने के लिए तीन नए चेहरों को भी जगह दी जा सकती है। सूत्रों के मुताबिक, जदयू से जिन 11 लोगों को मंत्री बनाए जाने की चर्चा है, उनमें से 8 पूर्व में भी नीतीश सरकार का हिस्सा रह चुके हैं।

### सीटें खाली रखेगा जदयू

फिलहाल जदयू दो उपमुख्यमंत्री (विजय चौधरी और बिजेंद्र यादव) सहित 13 मंत्रियों की संख्या पर चर्चा कर रहा है। हालांकि, खबर है कि पार्टी अपने कोटे की कुछ सीटें फिलहाल रिक्त रखेगी, जिन्हें भविष्य में होने वाले अगले विस्तार के दौरान भरा जाएगा। इसी रणनीति के तहत अभी केवल 11 नए नामों पर मुहर लगने की संभावना है।

**नतीजों के बाद सरकार गठन की तैयारी**



## बंगाल में शाह तो असम में नड्डा बने पर्यवेक्षक



**नई दिल्ली, ईएमएस।** भाजपा आलाकमान ने दोनों अहम राज्यों में विधायक दल के नए नेता के चयन के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षकों और सह-पर्यवेक्षकों के नामों की आधिकारिक घोषणा कर दी। पश्चिम बंगाल जैसे राजनीतिक रूप से संवेदनशील और महत्वपूर्ण राज्य में यह बड़ी जिम्मेदारी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को दी गई है। वहीं, पूर्वोत्तर के सबसे अहम राज्य असम के लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। इन दोनों दिग्गज नेताओं के साथ-साथ दो राज्यों के मौजूदा मुख्यमंत्रियों को भी बतौर सह-पर्यवेक्षक जोड़ा गया है, ताकि स्थानीय समीकरणों को ध्यान में रखते हुए सही फैसला लिया जा सके।

### अमित शाह के साथ किसे मिली है यह अहम जिम्मेदारी?

पश्चिम बंगाल हमेशा से ही भाजपा के लिए एक प्रमुख राजनीतिक रणभूमि रहा है। यहां विधायक दल का नेता चुनने की प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और सर्वसम्मति से निपटाने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को केंद्रीय पर्यवेक्षक बनाया गया है। उनके इस काम में पूरी मदद करने के लिए ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी को केंद्रीय सह-पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है। अमित शाह की गहरी रणनीतिक समझ और मोहन चरण माझी का अनुभव मिलकर बंगाल में भाजपा के विधायकों के बीच से एक मजबूत नेता का चुनाव करेंगे, जो विधानसभा में पार्टी की आवाज को पूरी ताकत के साथ उठा सके।

**ट्रम्प ने एक बार फिर से राष्ट्रपति बनने की इच्छा जताई, कहा...**

## 8-9 साल और राष्ट्रपति रहूंगा



**वॉशिंगटन, ईएमएस।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर से राष्ट्रपति बनने की इच्छा जताई है। व्हाइट हाउस में एक कार्यक्रम के दौरान ट्रम्प ने कहा कि वे 8-9 साल बाद पद छोड़ेंगे। यह सुनकर वहां मौजूद लोग हंसने लगे तो ट्रम्प ने कहा कि वह मजाक नहीं कर रहे। उन्हें काम करना पसंद है। ट्रम्प ने यह भी कहा कि अभी उनके कार्यकाल की शुरुआत ही है और बहुत काम बाकी है। ट्रम्प अगले महीने 80 साल के हो जाएंगे। उन्होंने अपनी उम्र को लेकर भी मजाक किया। उन्होंने कहा कि मैं बुजुर्ग नहीं हूं; मैं बुजुर्ग से कहीं ज्यादा जवान हूं। मुझे आज भी वैसा ही महसूस होता है जैसा 50 साल पहले होता था। इससे पहले भी ट्रम्प कई बार तीसरे टर्म का संकेत दे चुके हैं। इससे पहले एंडी ओगल्स ने 23 जनवरी 2025 को हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव में एक बिल पेश किया था। इस बिल का मकसद अमेरिकी संविधान में बदलाव करके डोनाल्ड ट्रम्प के लिए तीसरी बार राष्ट्रपति बनने का रास्ता खोलना था। इस प्रस्ताव में कहा गया था कि जो व्यक्ति लगातार दो बार राष्ट्रपति नहीं रहा है, वह तीसरी बार चुनाव लड़ सके। चूंकि ट्रम्प 2020 में चुनाव हार गए थे, इसलिए इस बदलाव के बाद वे फिर से राष्ट्रपति बनने के लिए योग्य हो सकते थे। हालांकि यह बिल आगे नहीं बढ़ पाया और हाउस में वोटिंग तक भी नहीं पहुंच सका। दरअसल, अमेरिका में संविधान बदलना बहुत मुश्किल होता है। इसके लिए हाउस और सीनेट दोनों में दो-तिहाई बहुमत चाहिए होता है। मौजूदा हालात में रिपब्लिकन पार्टी के पास इतना बहुमत नहीं है। इसके अलावा, ऐसे बदलाव को लागू करने के लिए 50 में से कम से कम 38 राज्यों की मंजूरी भी जरूरी होती है।

**हार के बाद अब रार... दीदी का भाजपा और चुनाव आयोग पर फूटा गुस्सा, कहा... मैं हारी नहीं हूं, हमें साजिश करके हराया गया, केंद्रीय बल गुंडों की तरह तैनात थे और कई जगहों पर मतदाताओं और कार्यकर्ताओं को डराया-धमकाया गया**

# ममता बनर्जी नहीं देंगी इस्तीफा!



### मुझे मारा गया...

उन्होंने अपने ऊपर हमले का भी आरोप लगाया और कहा कि उन्हें धक्का देकर बाहर निकाला गया तथा पेट और पीठ पर मारा गया। उन्होंने कहा कि अगर एक महिला उम्मीदवार के साथ ऐसा हो सकता है, तो बाकी उम्मीदवारों के साथ क्या हुआ होगा, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। ममता बनर्जी ने पूरे घटनाक्रम को 'लोकतंत्र की निर्मम हत्या' बताते हुए कहा कि कल जो हुआ, वह बंगाल के इतिहास का काला दिन है। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी भवन पर कब्जा करने की कोशिश भी की गई और राज्यभर में अराजकता का माहौल बनाया गया। अंत में उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी अभी भी सिस्टम के भीतर रहकर लड़ाई लड़ेगी और सही समय पर अपनी रणनीति का खुलासा करेगी। उन्होंने दोहराया, हम बीजेपी के खिलाफ लड़ते रहेंगे। ममता बनर्जी ने कहा कि हम वापसी करेंगे।

**कोलकाता, ईएमएस**

टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने चुनाव परिणामों को लेकर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि उनकी पार्टी चुनाव नहीं हारी बल्कि 'हराई गई' है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग ने पूरे चुनाव में पक्षपातपूर्ण भूमिका निभाई और इस पूरे घटनाक्रम में 'मुख्य विलेन' की तरह काम किया। उन्होंने कहा कि मैं हारी नहीं हूं और इस्तीफा नहीं दूंगी। मीडिया से बात करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में ऐसे चुनाव कभी नहीं देखे। उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर के नाम पर करीब 90 लाख वोट काटे गए और बीजेपी ने चुनाव जीतने के लिए हर तरह के संसाधनों का इस्तेमाल किया। इस्तीफे के लिए लोकभवन जाने के सवाल पर ममता बनर्जी ने आगे कहा कि मैं लोकभवन जाकर इस्तीफा नहीं दूंगी। मैं हारी नहीं हूं, हमें साजिश करके हाराया गया है। उन्होंने कहा कि मेरे पास अब कोई कुर्सी नहीं है और मैं एक आम नागरिक हूं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि केंद्रीय बलों, खासकर सीआरपीएफ का दुरुपयोग किया गया और राज्य के पुलिस अधिकारियों को बड़े पैमाने पर बदला गया। बनर्जी के मुताबिक, केंद्रीय बल गुंडों की तरह तैनात थे और कई जगहों पर मतदाताओं और कार्यकर्ताओं को डराया-धमकाया गया।

तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने दावा किया कि उनके कार्यकर्ताओं और उनके परिवारों पर अत्याचार किए गए। यहां तक कि कुछ जगहों पर बुजुर्गों को पानी तक पीने नहीं दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि काउंटिंग सेंटरों पर बीजेपी कार्यकर्ताओं ने मारपीट की और टीएमसी कार्यकर्ताओं को धमकाया। ममता बनर्जी ने यह भी कहा कि जब वह खुद काउंटिंग सेंटर के अंदर जाना चाहती थीं तो उन्हें रोका गया जबकि वह वहां उम्मीदवार थीं। उनके अनुसार, काउंटिंग सेंटर को हाईजैक कर लिया गया था, सीसीटीवी कैमरे बंद कर दिए गए और पूरे काउंटिंग प्रोसेस में गड़बड़ी की गई।

### अब मैं एक आम नागरिक हूं

बनर्जी ने प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री पर भी आरोप लगाते हुए कहा कि दोनों ने मिलकर उनकी पार्टी को हराने की कोशिश की। साथ ही उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के नेता- सोनिया गांधी, राहुल गांधी, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव, हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल ने उनसे बात की और समर्थन जताया। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन और मजबूत होगा और वे मिलकर इस लड़ाई को आगे बढ़ाएंगे।

### काउंटिंग सेंटर को हाईजैक किया गया

उन्होंने कहा कि हम लोगों ने निर्णय किया है कि हम लोग एक्शन लेंगे। इस बारे में बाद में रणनीति खुलासा करेंगे। हम लोग 10 सदस्यीय सदस्यों के साथ एक फाइंडिंग कमेटी का गठन करेंगे। वे विभिन्न इलाकों में जाएंगे और दौरा करेंगे। ममता बनर्जी ने कहा कि हमारे कार्यालय पर कब्जा कर लिया गया। हमारे पार्टी कार्यकर्ताओं पर अत्याचार शुरू हुए हैं।

### हम लोग बाउंस बैक करेंगे

ममता बनर्जी ने कहा कि हमारे लोग पूरी दुनिया में है। लोगों को जानने दें कि कैसा अत्याचार किया गया। यदि वह खुद जीतते थे तो मैं कुछ नहीं बोलती, लेकिन जबरदस्ती हराया गया। ममता बनर्जी ने कहा कि केंद्र सरकार केवल एक पार्टी की सरकार चाहती है। पूरी दुनिया में गलत मैसेज जा रहा है कि प्रजातात्रिक तरीके से लड़ाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि हम लोग बाउंस बैक करेंगे। बंगाल में हम लोगों ने फाइट किया। हमारी फाइट बीजेपी के साथ नहीं थी हमारी फाइट इलेक्शन कमीशन से था।

**इंडियन यंग लॉयर्स एसोसिएशन की पीआईएल के मकसद पर सवाल उठाते हुए सुप्रीम कोर्ट बोला...**



## पीआईएल अब पैसा इंटरेस्ट लिटिगेशन बनी

**नई दिल्ली, ईएमएस।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन (जनहित याचिका) अब प्राइवेट इंटरेस्ट और पब्लिसिटी इंटरेस्ट, पैसा इंटरेस्ट लिटिगेशन और पॉलिटिकल इंटरेस्ट लिटिगेशन बन गई हैं। यह कमेंट नौ जजों की संविधान बेंच ने केरल के सबरीमाला मंदिर से जुड़ी याचिकाओं की सुनवाई के दौरान किया। कोर्ट ने इंडियन यंग लॉयर्स एसोसिएशन के 2006 के पीआईएल के मकसद पर सवाल उठाया, जिसमें केरल के सबरीमाला मंदिर में 10 से 50 साल की महिलाओं के प्रवेश पर रोक को चुनौती दी गई थी। कोर्ट ने कहा कि पीआईएल कानून की प्रोसेस का गलत इस्तेमाल है और एसोसिएशन को ऐसी पीआईएल फाइल करने के बजाय बार और अपने युवा सदस्यों की भलाई के लिए काम करना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट में धार्मिक जगहों पर महिलाओं के साथ भेदभाव और अलग-अलग धर्मों में धार्मिक आजादी के दायरे से जुड़ी याचिकाओं पर 11वें दिन की सुनवाई चल रही है। सितंबर 2018 में 5 जजों की संविधान बेंच ने 4:1 के बहुमत से फैसला सुनाते हुए सबरीमाला अयप्पा मंदिर में 10 से 50 साल की महिलाओं के प्रवेश पर लगी रोक हटा दी थी।

## फ्लाइट में पावर बैंक ब्लास्ट, 5 यात्री घायल

**हैदराबाद से चंडीगढ़ आ रहा था विमान**

**चंडीगढ़, ईएमएस।** हैदराबाद से चंडीगढ़ आ रही इंडिगो की एक फ्लाइट में भीषण विस्फोट हुआ है। जानकारी के अनुसार, विस्फोट का कारण एक पावर बैंक था। पावर बैंक को बैग में रखा गया था। पावर बैंक के फटने से फ्लाइट में धुआं भर गया। कुछ देर बाद आग भी लग गई, जिसे एयर होस्टेस ने बड़ी मुश्किल से बुझाया। यह हादसा तब हुआ जब फ्लाइट चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर लैंडिंग कर रही थी। जानकारी के अनुसार, इंडिगो की एक फ्लाइट हैदराबाद से चंडीगढ़ आ रही थी। फ्लाइट 6ई 108 में एक यात्री का पावर बैंक फट गया। मोहाली में मौजूद शहीद भगत सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उस समय अफरातफरी मच गई। जब फ्लाइट में एक यात्री का पावर बैंक फटने से ब्लास्ट हो गया।

**मोहन कैबिनेटः विकास और जन-कल्याण के लिए 38,555 करोड़ की वित्तीय स्वीकृतियां प्रदान**

## मप्र में बनेगा राज्य व्यापारी कल्याण बोर्ड



**भोपाल, ईएमएस।** मुख्यमंत्री मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। कैबिनेट ने प्रदेश के विकास और जन-कल्याण के लिए 38 हजार 555 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृतियां प्रदान कीं। मध्यप्रदेश सरकार ने व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए बड़ा निर्णय लिया है। कैबिनेट ने 'राज्य व्यापारी कल्याण बोर्ड' और जिला स्तर पर समितियां बनाने को मंजूरी दी है, ताकि व्यापारियों की समस्याओं का जल्द समाधान हो सके और उनके विकास को बढ़ावा मिले। इस बोर्ड की अध्यक्षता मुख्यमंत्री मोहन यादव करेंगे। इसमें औद्योगिक नीति, एमएसएमई समेत कई विभागों के मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहेंगे। साथ ही वित्त, कृषि, स्वास्थ्य, ऊर्जा, पर्यटन जैसे विभागों के प्रतिनिधि भी बोर्ड का हिस्सा होंगे। बोर्ड में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, नाबार्ड, एनएचएआई और एफएसएसएआई जैसे संस्थानों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इसके अलावा उद्योग संगठनों जैसे सीआईआई, एफआईसीसीआई और डीआईसीसीआई के प्रतिनिधियों को भी जोड़ा जाएगा। हर जिले में जिला स्तरीय समिति बनाई जाएगी, जिससे स्थानीय व्यापारियों की समस्याओं को वहीं हल किया जा सके। इन समितियों का गठन और कार्य तय करने की जिम्मेदारी सदस्य सचिव की होगी। राज्य व्यापारी कल्याण बोर्ड की बैठक साल में चार बार, यानी हर तीन महीने में होगी। वहीं जिला स्तरीय समितियों की बैठक हर महीने आयोजित की जाएगी। इस व्यवस्था से व्यापारियों और सरकार के बीच सीधा संवाद बनेगा।

## मध्यप्रदेश के कई जिलों में बारिश, डिंडौरी में ओले गिरे

**भोपाल, ईएमएस।** मप्र में मंगलवार सुबह से धार, बड़वानी, झाबुआ सहित कई जिलों में बारिश हुई, वहीं दोपहर में डिंडौरी में ओले गिरे। प्रदेश में एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन (चक्रवात) एक्टिव है। वहीं, पास से दो ट्रफ भी गुजर रही हैं। इस वजह से कहीं ओले गिर रहे हैं तो तेज आंधी के साथ बारिश हो रही है। 8 मई तक ऐसा ही मौसम बना रहेगा। डिंडौरी जिले के मेहदवानी जनपद मुख्यालय में दोपहर में तेज आंधी तूफान आया। इससे एक पेड़ उखड़कर आजीविका दीदी कैफे के छप्पर पर गिर गया।

**आदमपुर कचरा खंती पर सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई, मोबाइल कोर्ट चलाने का प्लान**

## एनवायरमेंट प्रोटेक्शन के कलेक्टरों को अधिकार

**भोपाल, ईएमएस।** भोपाल की आदमपुर कचरा खंती में आग लगने के केस में सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। इसमें एनवायरमेंट प्रोटेक्शन एक्ट के कलेक्टरों को अधिकार दिए जाने पर बात की गई।

वहीं, मोबाइल कोर्ट चलाने का भी प्लान बनाने को कहा गया। इससे पहले फरवरी में हुई सुनवाई में कोर्ट ने कहा था कि सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स-2026 भोपाल ही नहीं, बल्कि पूरे देश में लागू हो। यह मामला नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) से जुड़ा है। पर्यावरणविद् डॉ. सुभाष सी. पांडे ने आदमपुर खंती में आग लगने की घटनाओं को लेकर एनजीटी में मार्च 2023 में याचिका दाखिल की थी। इस पर 31 जुलाई-23 को नगर निगम पर 1 करोड़ 80 लाख रुपए का जुर्माना लगाया था। एनजीटी के इस आदेश के खिलाफ निगम ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी। जिस पर 16 मई-25 को सुनवाई हुई थी। इसमें निगम की ओर से जुर्माने की राशि माफ किए जाने की मांग रखी गई थी। इसी मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है। मामले में एमपी के मुख्य सचिव समेत 6 वरिष्ठ अधिकारियों को भी प्रतिवादी बनाया जा चुका है। 19 फरवरी को फिर से सुनवाई हुई थी।

## कर्ज से परेशान पाकिस्तान ने शुरू किया शराब एक्सपोर्ट

**50 साल पहले इस्लाम का हवाला देकर बैन किया था**

**इस्लामाबाद, ईएमएस।** कर्ज से जूझ रहे पाकिस्तान ने 50 साल बाद फिर से दूसरे देशों को शराब बेचना शुरू कर दिया है। देश की इकलौती लोकल कंपनी मरी ब्रूअरी ने अप्रैल 2026 में ब्रिटेन, जापान, पुर्तगाल और थाईलैंड जैसे देशों को बीयर और अन्य अल्कोहलिक ड्रिंक्स भेजी हैं। कंपनी के एक्सपोर्ट मैनेजर रमीज शाह के मुताबिक, अभी शुरुआत में विदेशों में नेटवर्क बनाया जा रहा है और आगे चलकर प्रोडक्शन बढ़ाने की योजना है। पाकिस्तान में मुस्लिम आबादी के लिए करीब 50 साल पहले इस्लामिक नियमों का हवाला देकर शराब पर बैन लगाया गया था।

**रेटिंग एजेंसी मूडीज ने एक बार फिर से भारत की इकोनॉमी पर जताया है पूरा भरोसा**

## ग्लोबल इकोनॉमी की सुपरपावर बनने की ओर आगे बढ़ रहा भारत!

**मुंबई, ईएमएस।** भारत उभरते बाजारों में 2020 के बाद से सबसे मजबूत इकोनॉमी बना हुआ है और इसके बड़े विदेशी मुद्रा भंडार ने ग्लोबल झटकों के दौरान करेंसी की अस्थिरता को कंट्रोल करने तथा विश्वास को मजबूत करने में मदद की है। साख तय करने वाली एजेंसी मूडीज रेटिंग्स ने मंगलवार को उभरते बाजारों पर अपनी रिपोर्ट में कहा कि स्पष्ट एवं भरोसेमंद मॉनिटरी पॉलिसी रूपरेखा, महंगाई अपेक्षाओं का स्थिर रहना और जरूरत पड़ने पर एक्सचेंज रेट्स का समायोजित हो पाना, इन सभी कारणों से भारत भविष्य के झटकों से निपटने के लिए अच्छी स्थिति में है। मूडीज ने कहा कि उभरते देशों में भारत बेहतर स्थिति में है और भविष्य में किसी भी तनाव के समय में देश मजबूत सुरक्षा बनाए रखेगा। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि घरेलू फंडिंग पर भारत की निर्भरता स्थानीय बाजारों की मजबूती और बेहतर भंडार से संतुलित होती है। हालांकि, भारत का अपेक्षाकृत हाई डेट बोझ और कमजोर राजकोषीय संतुलन लगातार झटकों से निपटने के लिए उपलब्ध गुंजाइश को सीमित करता है।

## श्योपुर में सरकारी जमीन विवाद में दो गुटों में खूनी संघर्ष

**24 लोग घायल 8 की हालत गंभीर**

**श्योपुर /वीरपुर, ईएमएस।** सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात वीरपुर थाना क्षेत्र के नेहलापुरा गांव में सरकारी जमीन पर कब्जे को लेकर दो गुटों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। रावत और जाटव समाज के लोगों के बीच शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया।

घटना के दौरान दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर जमकर लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी से हमला किया। इतना ही नहीं, पथराव भी हुआ जिससे हालात और बिगड़ गए। इस हिंसा में कुल 24 लोग घायल हो गए, जिनमें महिला और पुरुष दोनों शामिल हैं। कुछ घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, नेहलापुरा गांव में सरकारी जमीन पर कब्जे को लेकर दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसी विवाद ने सोमवार रात उग्र रूप ले लिया और दोनों गुट आमने-सामने आ गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकारी जमीनों से अतिक्रमण हटाना प्रशासन की जिम्मेदारी है, लेकिन संबंधित अधिकारी समय रहते कार्रवाई नहीं करते। हल्का पटवारी से लेकर तहसील स्तर तक ढिलाई के कारण इलाके में सरकारी जमीनों पर कब्जे बढ़ते जा रहे हैं। वीरपुर क्षेत्र में कई कीमती जमीनें दबंगों के कब्जे में होने के आरोप भी लगाए जा रहे हैं।

**करेंसी बाजार में मचा कोहराम... तीन हफ्तों में डॉलर के सामने रुपए में करीब 3 रुपए की गिरावट**

# डॉलर के मुकाबले रूपया सबसे निचले स्तर 95.23 पर बंद

**नई दिल्ली, ईएमएस**

बीते करीब 3 हफ्तों में डॉलर के सामने रुपए में करीब 3 रुपए की गिरावट देखे को मिल चुकी है। करेंसी मार्केट में बीते कुछ सालों में इतने कम समय में इतनी बड़ी गिरावट देखने को नहीं मिली। आंकड़ों को देखें तो 17 अप्रैल को आरबीआई के प्रयासों से रुपए 92 के लेवल पर देखने को मिला था, जो बढ़कर 95.50 के लेवल के करीब पहुंचकर लाइफ टाइम लोअर लेवल पर आ गया है।

जानकारों की मानें तो विदेशी निवेशकों की बेरुखी, डॉलर इंडेक्स में तेजी, कच्चे तेल की कीमतों में इजाफा और जियो पॉलिटिकल टेंशन की वजह? से डॉलर के मुकाबले में रुपए में रिकॉर्ड गिरावट आई है। जानकारों की मानें तो जब तक जियो पॉलिटिकल टेंशन कम नहीं होगा और कच्चे तेल की कीमतों में कमी नहीं आएगी, तब तक डॉलर के मुकाबले में रुपए में गिरावट देखने को मिलती रहेगी।



### 20 दिनों में 3 रुपए की गिरावट

खास बात तो ये है कि डॉलर के मुकाबले में रुपए में 3 रुपए की गिरावट देखने को मिल चुकी है। आंकड़ों को देखें तो 17 अप्रैल को डॉलर के मुकाबले में रुपए 92.60 के लेवल पर आ गया था। जिसमें तब से अब तक करीब 3 रुपए की गिरावट देखने को मिल चुकी है और आंकड़ा 95.43 के लेवल पर आ गया है। हाल के कुछ दिनों में मात्र 20 दिनों में रुपए में डॉलर के मुकाबले में सबसे बड़ी गिरावट मानी जा सकती है। जानकारों की मानें तो आने वाले दिनों में आंकड़ा 96 से 97 के लेवल के बीच भी जा सकता है।

### लाइफटाइम लो पर रुपया

मंगलवार को शुरुआती कारोबार में, खाड़ी क्षेत्र में र और ईरानी सेनाओं के बीच फिर से सैन्य टकराव होने के बाद बाजार का माहौल कमजोर बना रहा, जिसके चलते रुपया 20 पैसे गिरकर डॉलर के मुकाबले 95.43 पर पहुंच गया। फॉरेक्स ट्रेडर्स ने बताया कि खाड़ी क्षेत्र में अस्थिरता के कारण निवेशकों में घबराहट है, जिससे वे बड़े पैमाने पर अपना पैसा सुरक्षित जगहों पर लगा रहे हैं। इस स्थिति का सबसे ज्यादा फायदा डॉलर को मिल रहा है। इसके अलावा, ब्रेंट तेल की कीमतें 113 डॉलर प्रति बैरल के आस-पास बनी हुई हैं, जिससे भारत जैसे तेल आयात करने वाले देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर दबाव बना हुआ है। इंटरबैंक फॉरेन एक्सचेंज मार्केट में रुपया 95.30 पर खुला, लेकिन शुरुआती कारोबार में ही यह कमज़ोर होकर डॉलर के मुकाबले 95.43 पर पहुंच गया। इस तरह, पिछले बंद भाव के मुकाबले इसमें 20 पैसे की गिरावट दर्ज की गई। सोमवार को रुपया 39 पैसे गिरकर डॉलर के मुकाबले अपने अब तक के सबसे निचले स्तर 95.23 पर बंद हुआ था। इसका मतलब है कि दो दिनों में डॉलर के मुकाबले रुपए में 59 पैसे की गिरावट देखने को मिल चुकी है।

संपादकीय

# चुनाव आयोग की साख संकट में ?

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के एक महत्वपूर्ण स्तंभ भारत निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर गंभीर प्रश्न उठने लगे हैं। चुनाव परिणामों को लेकर राजनीतिक दलों, विशेषकर तृणमूल कांग्रेस द्वारा परिणाम स्वीकार नही किया गया है। इस बार का मामला केवल राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित नहीं रहा। आम जनता के बीच भी आयोग की विश्वसनीयता को लेकर संशय गहरा गया है। पिछले दो वर्षों में चुनाव आयुक्त की कार्य प्रणाली को लेकर जो विवाद सामने आ रहे हैं, उनमें सबसे प्रमुख विवाद 'गोपनीयता' का है। चुनाव आयोग पहले सभी राजनैतिक दलों से परामर्श करके चुनाव की सारी व्यवस्था करता था। मतदाता सूची से लेकर मतदान तक की सभी जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध कराई जाती थी। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में बल्कि जब चुनाव आयुक्त राजीव कुमार बने उसके बाद से यह व्यवस्थाएं बदल गईं। जिसके कारण चुनाव आयोग पर संदेह लगातार गहराता जा रहा है। मतदाता सूची, मतदान प्रतिशत और मतगणना से जुड़ी जानकारी को सार्वजनिक करने के स्थान पर गोपनीयता बरती जा रही है। उसने चुनाव आयोग की पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। लोकतंत्र में सूचना का अधिकार नागरिकों का मूल अधिकार है। जब चुनाव जैसी संवेदनशील प्रक्रिया में सभी जानकारी को गोपनीयता के दायरे में लाया जा रहा है तो संदेह स्वाभाविक रूप से जन्म लेता है। इसके साथ ही चुनाव आयोग द्वारा नियमों में बार-बार बदलाव किया जा रहा है। जिसका अधिकार चुनाव आयोग को न होकर संसद के पास है। तब यह संदेह और भी गहरा जाता है। चुनाव अधिसूचना जारी हो जाने के बाद जिस तरह से चुनाव आयोग की मनमानी शुरू हो जाती है जहां डबल इंजन की सरकार हैं उनके लिए अलग नियम जहां केंद्र सरकार से इतर विपक्षी दलों की सरकार हैं। वहां पर अधिकारियों की नियुक्तियां, एसआईआर को लेकर भी विवाद सामने आए हैं। चुनाव आयोग का दायित्व केवल चुनाव कराना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है, कि हर पक्ष को समान अवसर तथा चुनाव लड़ने के समय सभी के साथ बराबरी का निष्पक्षता के साथ व्यवहार हो। पश्चिम बंगाल चुनाव में भारी संख्या में लाखों की संख्या में अर्धसैनिक बलों की तैनाती इस बार गंभीर विवाद का विषय बना। भाजपा शासित राज्यों के अधिकारियों को बड़े पैमाने पर लगाया गया। सुरक्षा की दृष्टि से जिसे आवश्यक बताया गया। वहीं विपक्षी दलों द्वारा इसे 'इच्छित परिणाम' की दिशा में चुनाव आयोग की मिलीभगत माना गया। भाजपा की शिकायतों पर त्वरित रूप से चुनाव आयोग द्वारा कार्रवाई की गई लेकिन विपक्षी दलों द्वारा चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर जो शिकायती की गई उन पर चुनाव आयोग ने कोई संज्ञान नहीं लिया। इस बात का आरोप टीएमसी से लेकर सभी विपक्षी दलों द्वारा लगातार लगाया जा रहा है। महाराष्ट्र, हरियाणा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ इत्यादि राज्यों के विधानसभा चुनाव और लोकसभा 2024 के चुनाव में भी राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव आयुक्त पर समय-समय पर गड़बड़ी किए जाने के सीधे आरोप लगाए। चुनाव आयोग ने ना तो इसकी कोई सफाई दी ना जांच कराई और ना ही विपक्ष को इसका कोई उपयुक्त जवाब दिया। अब ये मामले चुनाव आयोग की निष्पक्षता को लेकर आम जनता के मन को भी प्रभावित करने लगा है। क्या कारण है कि चुनाव आयोग सभी जानकारी को छिपाना और गोपनीय रखना चाहता है। इस मामले को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में भी उठाकर न्याय प्राप्त करने की चेष्टा की, लेकिन सुप्रीम कोर्ट द्वारा यह कहा गया की चुनाव आयोग को विशेष अधिकार प्राप्त हैं, ऐसी स्थिति में वह कोई हस्तक्षेप नहीं करेगा। इस कारण अब यह मामला तूल पकड़ता चला जा रहा है। राजनीतिक दलों से उठकर अब यह मामला आम जनता तक पहुंचने लगा है। यह धारणा सही हो या नहीं, यदि जनता के मन में यह बैठ जाए कि चुनाव निष्पक्ष नहीं हुए तो इसकी बड़ी तीव्र प्रतिक्रिया हो सकती है। यह लोकतंत्र के लिए अत्यंत खतरनाक संकेत है। चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति कानून का मामला सुप्रीम कोर्ट में पिछले दो वर्षों से लंबित है। इस याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने अभी तक सुनवाई नहीं की है। पिछले 10 महीने से चुनाव आयोग और एसआईआर मामले की सुनवाई चल रही है, लेकिन इस पर भी अभी तक कोई अंतिम निर्णय नहीं आया है। एसआईआर संवैधानिक है या नहीं, इसको लेकर अलग-अलग राय हैं। इसी बीच चुनाव होते जा रहे हैं। अभी तक 5 करोड़ से ज्यादा मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से काटे गए हैं। इसका अधिकार चुनाव आयोग के पास नहीं है। इसके बाद भी यदि सुप्रीम कोर्ट से न्याय नहीं मिल रहा है। उसको लेकर अब आम जनता के बीच में भी तीव्र प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। जब चुनाव आयुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया ही विवादित हो। तो उनके निर्णयों की निष्पक्षता पर भी संदेह होना स्वाभाविक है। हालांकि यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि चुनाव आयोग ने अतीत में कई जटिल परिस्थितियों में सफलतापूर्वक चुनाव कराए हैं और उसकी साख अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी रही है। वर्तमान परिस्थितियों मे चुनाव आयोग को पारदर्शिता बढ़ाना, चुनाव से संबंधित सभी जानकारी को सार्वजनिक करना, चुनाव प्रक्रिया को स्पष्ट और न्यायसंगत बनाना। चुनाव आयोग के साथ-साथ न्यायपालिका के लिए भी जरूरी हो गया है। संसद में चुनाव आयुक्त के खिलाफ यदि महाभियोग प्रस्ताव आ जाता है, तो यह बहुत गंभीर मामला है। यह अलग बात है कि दोनों सदनों ने महाभियोग प्रस्ताव को अस्वीकार्य कर दिया है। इससे मिलीभगत के जो आरोप लग रहे थे, वह खत्म नहीं हुए बल्कि यह माना जाने लगा कि चुनाव आयोग केंद्र सरकार के इशारे पर काम कर रहा है और उसे सरकार और एक राजनीतिक दल का संरक्षण मिला हुआ है। भारत में संविधान और लोकतंत्र के प्रति आस्था बनाए रखना है तो ऐसी स्थिति में चुनाव आयोग को अपनी साख को फिर से मजबूत करना होगा। चुनाव आयोग केवल एक संस्था नहीं है, लोकतंत्र की आत्मा का प्रतिनिधित्व और नागरिक अधिकारों की स्वतंत्रता बनाए रखने का काम चुनाव आयोग करता है। उसकी निष्पक्षता पर प्रश्न उठते हैं, तो यह एक संस्था का नहीं, बल्कि पूरे लोकतांत्रिक ढांचे के लिए एक बड़ा संकट बन जाता है। बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल इत्यादि पड़ोसी देशों में इसकी प्रतिक्रिया देखी जा चुकी है। समय की मांग है, आयोग चुनौतियों का सामना और जवाबदेही के साथ तय करे। जनता का विश्वास फिर से चुनाव आयोग पर बहाल हो सके। न्यायपालिका को भी अपनी जिम्मेदारी को समझाना पड़ेगा। पिछले 10 महीने में न्यायपालिका की जो भूमिका रही है, उसे देखते हुए यह माना जा रहा है, अप्रत्यक्ष समर्थन कहीं ना कहीं न्यायपालिका से भी चुनाव आयोग को मिल रहा है। यदि यह संदेश गया तो और भी खतरनाक होगा। समय रहते न्यायपालिका को सारी स्थितियों को स्पष्ट करना होगा।

**सनत जैन**

राज काज

### मोदी सरकार हमेशा लड़ने के लिए तैयार ?

केंद्र में जब से मोदी की सरकार आई है। उसके बाद से हमेशा लड़ने, लड़ाने की बात करती है। कभी हिंदू-मुसलमान, कभी ईसाई कभी कांग्रेस, पाकिस्तान कभी बांग्लादेश, हमेशा लड़ने और लडाने के मूड में रहती है। अब भारत के लोग लड़ते-लड़ते थक गए हैं। लोग कहने लगे हैं, कब तक लड़ेंगे? कभी तो प्रेम से रहने दो। आप बहुत हो गया है।

### हज यात्रियों से 10000 की जबरिया वसूली ?

कांग्रेस के सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने आरोप लगाया है, हज यात्रियों से हवाई किराए में जबरन ?10000 की अतिरिक्त वसूली की जा रही है। हज यात्रियों के साथ यह सरासर ना इंसाफी है। खुदा जबरिया वसूली करने वालों को माफ नहीं करेगा।

# बंगाल की प्रचंड जीत समूचे देश में भगवा क्रांति का आगाज !



**मनोज कुमार अग्रवाल**

करीब 880 साल बाद बंगाल में भगवा लहराया है आजादी से पहले और आजादी के बाद भी जिस तरह के जख्म बंगाल की छाती पर दिए गए 2026 का विधानसभा चुनाव परिणाम घुसपैठ हिंसा महिला असुरक्षा अराजकता और दबंगई के बीच मुसलिम तुष्टिकरण से पैदा बंगाली अस्मिता पर खतरे और डैमोग्राफी परिवर्तन के खिलाफ आमजन का प्रतिवाद है एक अंगड़ाई है जो सिर्फ सत्ता परिवर्तन नहीं है अपने अस्तित्व स्वरूप और संस्कृति को बचाने की मुहिम है । भाजपा ने राजनीतिक रणनीति के तहत लम्बे अर्से से बंगाल में पनपे हिन्दू दमन और मुसलिम तुष्टिकरण की राजनीति के परिप्रेक्ष्य में ऐसी व्यूह रचना की जिसको तोड़ने में ममता बनर्जी नाकाम हो गईं। वर्ष 2026 के विधानसभा चुनावों के नतीजों ने भारतीय राजनीति के फलक पर एक ऐसी इबारत लिख दी है, जिसकी गूंज दशकों तक सुनाई देगी। इन परिणामों ने न केवल सत्ता के समीकरण बदले हैं, बल्कि क्षेत्रीय क्षत्रपों के अजेय होने के मिथक को भी धराशायी कर दिया है।

पांच राज्यों के ये रुझान स्पष्ट संदेश दे रहे हैं कि जनता अब केवल विरासत या भावनात्मक नारों पर नहीं, बल्कि जवाबदेही और नए विकल्पों पर मुहर लगा रही है। पश्चिम बंगाल इस चुनाव की सबसे बड़ी सुर्खी रहा है। ममता बनर्जी के 15 साल पुराने अजेय दुर्ग का ढहना भारतीय राजनीति की



सबसे बड़ी घटनाओं में से एक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लहर और भ्रष्टाचार व महिला सुरक्षा व सम्मान कानून-व्यवस्था जैसे बुनियादी मुद्दों ने तृणमूल कांग्रेस के आधार को हिला कर रख दिया। संदेशखाली और आरजीकर रेप मर्डर जैसी घटनाओं ने जिस आक्रोश को जन्म दिया, उसने ममता राज के पतन की बुनियाद गढ़ दी अंततः भाजपा को जबरदस्त सीटों के साथ सत्ता के शीर्ष तक पहुंचा दिया। बंगाल का यह बदलाव बताता है कि मतदाता अब तुष्टीकरण और हिंसा की राजनीति से इतर विकास और सुशासन की नई राह तलाश रहा है। इसी तरह तमिलनाडु ने पूरे देश को चौंकाया है। दशकों से द्रमुक बनाम अन्नाद्रमुक के बीच झूलती द्रविड़ राजनीति को अभिनेता विजय की पार्टी (टीवीके) ने पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है। 110 सीटों के करीब पहुंचकर विजय ने साबित कर दिया कि तमिलनाडु की जनता पुराने राजनीतिक घरानों से ऊब चुकी है और एक नए विजन वाले नेतृत्व की तलाश में है। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन का तीसरे नंबर पर खिसकना द्रविड़ राजनीति के एक बड़े अध्याय के ढलने का संकेत है।

स्टालिन ने सनातन धर्म को लेकर जिस तरह की आपत्तिजनक टिप्पणी की उनसे पूरे देश का बड़ा जनमानस आहत हुआ अब स्वयं तमिलनाडु ने स्टालिन और उनकी पार्टी को किनारे पहुंचा दिया है। असम में मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा का जादू एक बार फिर सिर चढ़कर बोला। भाजपा नीत एनडीए की प्रचंड बढ़त यह प्रमाणित करती है कि कड़क प्रशासन और विकास का असम मॉडल जनता को रास आ रहा है। वहीं पुडुचेरी में एन. रंगासामी और भाजपा की जुगलबंदी ने स्थिरता को प्राथमिकता देने वाले मतदाताओं का दिल जीत लिया है। केरल में सत्ता हर पांच साल में बदलती रही है लेकिन पिनाराई विजयन दस साल शासन में रहे। लेकिन अब वामपंथी मोर्चे की विदाई हो गई है और कांग्रेस नीत यूडीएफ की 95 से अधिक सीटों पर बढ़त यह दिखाता है कि केरल का मतदाता एंटी-इंकंबेंसी को लेकर बेहद सजग है। कांग्रेस के लिए यह जीत संजीवनी की तरह है, जो उसे राष्ट्रीय स्तर पर फिर से खड़ा होने का हौसला देगी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को दोहरा झटका लगा है। एक तरफ बीजेपी ने बंगाल में प्रचंड जीत हासिल की है।

# किराये की संतान नहीं, अपनत्व का पुनर्जागरण चाहिए

**ललित गर्ग**

जीवन की सांझ जब अपने पूरे विस्तार के साथ उतरती है, तब मनुष्य को सबसे अधिक आवश्यकता दवाइयों या धन की नहीं, बल्कि अपनों के सान्निध्य और अपनों की होती है। यह वही समय होता है जब व्यक्ति अपने जीवन की संचित स्मृतियों, अनुभवों और भावनाओं को साझा करना चाहता है। लेकिन आज का कठोर यथार्थ यह है कि अनेक बुजुर्ग अपने ही घरों में अजनबी-से होकर रह गए हैं। विशाल मकानों में गूंजती खामोशी, सूने आंगन, और दरवाजे पर टकटकी लगाए प्रतीक्षा करती आंखें-यह सब मिलकर एक ऐसी त्रासदी रचते हैं, जो केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामाजिक विघटन का संकेत है। आज वैश्वीकरण, रोजगार की अनिवार्यता और बेहतर भविष्य की तलाश ने नई पीढ़ी को देश-विदेश के कोनों में बिखेर दिया है। यह स्वाभाविक भी है, लेकिन इस प्रक्रिया में जो सबसे बड़ी कीमत चुकाई जा रही है, वह है पारिवारिक संवेदना का क्षरण। अनेक बच्चे विदेश जाकर वहीं बस जाते हैं, अपने जीवन में इतने व्यस्त हो जाते हैं कि माता-पिता केवल फोन कॉल और औपचारिक संदेशों तक सीमित रह जाते हैं।

कुछ तो ऐसे भी हैं जो एक ही शहर में रहते हुए वर्षों तक माता-पिता की सुध नहीं लेते। यह केवल दूरी की समस्या नहीं, बल्कि भावनात्मक दूरी का संकट है। इसी संवेदनहीनता के वातावरण में एक नया और विचलित करने वाला प्रचलन उभरा है- 'किराये की संतान '। कुछ कंपनियां और संस्थान अब ऐसे युवाओं या बच्चों को उपलब्ध करा रहे हैं, जो बुजुर्गों के साथ समय बिताते हैं, उनसे बातें करते हैं, उनके साथ सैर करते हैं, खेलते हैं और उनके अकेलेपन को कुछ हद तक कम करने का प्रयास करते हैं। पहली दृष्टि में यह व्यवस्था राहत देती प्रतीत होती है, लेकिन गहराई से देखने पर यह हमारे सामाजिक ढांचे की विफलता का प्रमाण बन जाती है।

यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठता है-क्या अब ममता और अपनत्व भी अनुबंधों और पैकेजों में बांटे जाएंगे। क्या संबंधों की गरमाहट अब सेवा-शुल्क के साथ उपलब्ध होगी। यह स्थिति केवल विडंबना नहीं, बल्कि एक गहरी सामाजिक चेतावनी है कि हम अपने मूल्यों से कितनी दूर चले आए हैं। किराये की संतान सुलभ कराने की परम्परा आधुनिक समाज-संरचना की एक बड़ी विडम्बना एवं त्रासदी है। हालांकि यह भी सत्य है कि हर परिवार की परिस्थितियां समान नहीं होतीं। कई बार बच्चों के सामने ऐसी मजबूरियां होती हैं, जिनके कारण वे माता-पिता के साथ नहीं रह पाते। वहीं कुछ बुजुर्ग भी अपने स्वभाव या सोच के कारण नई पीढ़ी के साथ सामंजस्य नहीं बैठा पाते। लेकिन इन अपवादों के बावजूद, व्यापक स्तर पर जो प्रवृत्ति उभर रही है, वह आत्मकेंद्रित जीवनशैली और संवेदनाओं के ह्रास की ही परिणति है। और भी चिंताजनक तथ्य यह है कि यह सुविधा केवल उन बुजुर्गों के लिए सुलभ है, जिनके पास पर्याप्त आर्थिक संसाधन हैं। मध्यमवर्गीय या निम्नवर्गीय बुजुर्ग, जिनकी आय के स्रोत सीमित हो चुके हैं, वे इस प्रकार की सेवाओं का खर्च वहन नहीं कर सकते। निजी क्षेत्र से सेवानिवृत्त कर्मचारियों की स्थिति और भी दयनीय हो जाती है, जहां पेंशन नगण्य होती है और चिकित्सा खर्च लगातार बढ़ते जाते हैं। ऐसे में उनका जीवन आर्थिक असुरक्षा और मानसिक अवसाद के बीच झूलता रहता है।

निश्चिततौर पर आज का समाज तीव्र गति से बाज़ारवाद और भौतिकवाद की ओर बढ़ रहा है, जहाँ संबंधों की ऊष्मा और भावनाओं की गहराई धीरे-धीरे क्षीण होती जा रही है। जीवन की प्राथमिकताएँ अब मानवीय मूल्यों से हटकर उपभोग, प्रतिस्पर्धा और आर्थिक सफलता तक सीमित हो गई हैं। परिणामस्वरूप रिश्ते भी उपयोगिता और स्वार्थ के आधार पर आँके जाने लगे हैं। परिवार, जो कभी संवेदना, सहारा और संस्कार का केंद्र हुआ करता था, अब व्यस्तताओं और महत्वाकांक्षाओं के दबाव में बिखरता नजर आ रहा है। इस बदलते परिवेश में बुजुर्ग पीढ़ी सबसे अधिक उपेक्षित हो रही है, क्योंकि वे न तो बाज़ार की दौड़ में शामिल हो सकते हैं और न ही नई पीढ़ी की भौतिक अपेक्षाओं को पूरा कर पाते हैं। उनके अनुभव, त्याग और स्नेह को अब बोझ या बाधा के रूप में देखा जाने लगा है। संयुक्त परिवारों के टूटने और एकल परिवारों के बढ़ने से उनकी सामाजिक और भावनात्मक सुरक्षा भी कमजोर हुई है।

सुविचार

धर्म करते हुए मर जाना अच्छा है पर पाप करते हुए विजय प्राप्त करना अच्छा नहीं।

**- महाभारत**

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन। (कर्म करने में ही तुम्हारा अधिकार है, फल में कभी भी नहीं)

**- गीता**

प्रसंगत

### सच्ची प्रार्थना

यहूदी धर्माचार्य रबी बर्डिक्टेव किसी शहर में आए। इस बात की खबर चारों तरफ फैल गई। उनका उपदेश सुनने और उनसे मार्गदर्शन लेने के लिए लोग नियमित रूप से आने लगे। लोग तरह-तरह की समस्याएं लेकर आते। रबी उन्हें धैर्यपूर्वक सुनते और कोई न कोई समाधान जरूर बताते। एक दिन एक गरीब गाड़ीवान भी रबी बर्डिक्टेव के पास आया। वह अपने जीवन की एकरसता से काफी परेशान हो गया था। उसे इस बात की चिंता सताती रहती थी कि वह ईश्वरोपासना के लिए समय नहीं निकाल पा रहा है। वह अपना काम छोड़कर प्रभु की भक्ति में अपना समय लगाना चाहता था। उसने रबी से कहा, 'मैं एक गांव से दूसरे गांव गाड़ी हांका करता हूं। यह पेशा मुझे पसंद नहीं, क्योंकि मैं भगवान की प्रार्थना के लिए समय नहीं निकाल पाता। इस बात का मुझे बेहद अफसोस है। मुझे बड़ी ग्लानि होती है। मुझे अब यह पेशा छोड़ देने के अलावा अन्य कोई रास्ता सूझ नहीं रहा है।' यह सुनकर रबी ने पूछा, 'क्या गाड़ी चलाते समय तुम्हारी गरीब बूढ़े यात्रियों से कभी भेंट होती है?' उसने जवाब दिया, 'जी हां, मुझे अक्सर गरीब, दीन-दुखी यात्री मिलते हैं।' फिर रबी का अगला प्रश्न था, 'क्या तुम उन्हें कभी मुफ्त सवारी का अवसर भी देते हो' गाड़ीवान ने 'हां' कहा।

जरा हटके

# आकाशगंगा मिल्की वे में जमे बर्फ के भंडार का पता लगाया

**वाशिंगटन (ईएमएस)।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के वैज्ञानिकों ने हमारी आकाशगंगा मिल्की वे में जमी हुई बर्फ के विशाल भंडार का पता लगाया है। यह बर्फ पानी, कार्बन डाइऑक्साइड और कार्बन मोनोऑक्साइड का एक जटिल मिश्रण है, जो अंतरिक्ष में मौजूद सूक्ष्म धूल के कणों पर जमा है। यह खोज न केवल हमें यह समझने में मदद करेगी कि पृथ्वी पर पानी कैसे आया, बल्कि यह भी कि ब्रह्मांड में जीवन के लिए आवश्यक बुनियादी तत्व कैसे बनते हैं और फैलते हैं। इस असाधारण खोज का श्रेय नासा के खास स्पेस टेलिस्कोप स्फेरेएक्स (स्पेक्ट्रो-फोटोमीटर फॉर द हिस्ट्री ऑफ द यूनिवर्स, एपोक ऑफ रीआयोनाइजेशन एंड आइस एक्सप्लोरर) को जाता है, जिसे 11 मार्च, 2025 को लॉन्च किया गया था। यह टेलिस्कोप इंफ्रारेड लाइट का उपयोग करके पूरे आकाश को स्कैन करता है और रसायनों के फिंगरप्रिंट को पहचान कर बता देता है कि सैकड़ों प्रकाश वर्ष दूर धूल के कणों पर कौन से अणु जमे हैं। स्फेरेएक्स ने पहली बार इतने बड़े पैमाने पर इन बर्फीले क्षेत्रों का मैप तैयार किया है, जिससे हमारी आकाशगंगा में जीवन के निर्माण के लिए जरूरी तत्वों का वितरण स्पष्ट हुआ है। 2025 के अंत तक इसने अपना पहला 3डी मैप पूरा कर लिया था, जिसने वैज्ञानिकों को एक नई दृष्टि दी है। वैज्ञानिकों ने आकाशगंगा के विशाल आणविक बादलों के भीतर धूल के कणों पर बर्फ की मोटी परतें देखी हैं, जो मोमबत्ती की कालिख से भी छोटी होती हैं।

मिशन के प्रमुख वैज्ञानिक फिल कोर्नगुट के अनुसार, ये बर्फीले क्षेत्र इंटरस्टेलर ग्लेशियर की तरह काम करते हैं। जब कोई नया सौर मंडल जन्म लेता है, तो ये ग्लेशियर उसे पानी की भारी आपूर्ति कर सकते हैं। यह एक क्रांतिकारी विचार है कि हमारी पृथ्वी पर मौजूद विशाल महासागरों का पानी शायद अरबों साल पहले इन्हीं ठंडे अंतरिक्षीय भंडारों से आया होगा। यह साबित करता है कि जीवन के लिए जरूरी घटक ब्रह्मांड में कोई संयोग नहीं, बल्कि तारों के बनने की प्रक्रिया का एक अनिवार्य हिस्सा हैं। पहले जेम्स वेब या स्पिट्जर जैसे टेलिस्कोप एक समय में छोटे क्षेत्र या खास तारे पर ही फोकस करते थे, लेकिन स्फेरेएक्स ने पूरे आकाशगंगा का एक व्यापक 3डी मैप तैयार किया है। हार्वर्ड एंड स्मिथसोनियन के खगोलशास्त्री जोसेफ होरा बताते हैं।

फोटो ऑफ द डे



न्यूयार्क में सोमवार को हुई कोस्टयूम आर्ट प्रदर्शनी में जैनेली मोंटे 2026 मेट गाला चैरिट समारोह में नये परिधान पेश करती हुई। -फोटो-ईएमएस

व्यंग

# कोई शक?

**डॉ. शैलजा सक्सेना**

कहते हैं कि शक करना एक बीमारी है। शक करने वाला कभी शान्ति से नहीं रह पाता। शान्ति से न रह पाने वाली बात तो सही है इसीलिए हमारे बड़े-बूढ़े विश्वास करने की बात कहते थे। विश्वास में शान्ति और सुख है अतः हमें उसी का पाठ पढ़ाया जाता रहा और शक या संदेह को बहुत निम्न स्तर का या कहें कि रोग की तरह 'छी-छी' करके दुत्कारा गया। मैं सोचती हूँ कि शक को हीनता से देखना किस समय से सिखाया जा रहा होगा क्योंकि सनातन धर्म में और उससे निकले धर्मों में तो तर्क को, प्रश्न को स्थान दिया गया है। गीता में अर्जुन लगातार युद्ध पर शक करते हैं और श्री कृष्ण बिना नाराज़ हुए उत्तर देते हैं यहाँ तक कि उनके शक को दूर करने के लिए अपने विराट स्वरूप को दिखा कर प्रमाण देते हैं।

रामकथा में भी अनेक स्थानों पर संदेह/प्रश्न हैं जिनका उत्तर दिया गया है। शक तभी पैदा होते हैं जब मिले हुए उत्तरों पर विश्वास नहीं होता। विश्वास न होने के लिए शक का होना आवश्यक है। मुझे शक है कि शक को रोग बता कर 'हकीम लुकमान के पास भी इसका इलाज न होने' की बात करने वाले समाज ने शक को कमतर ठहराया होगा। साथ ही हर शीर्ष सत्ता ने अपने से नीचे के लोगों को दबाने के लिए शक न करने की सलाह दी होगी जिससे उनका वर्चस्व कभी प्रश्नों और संदेह के घेरे में न आए। मुझे इस शक न करने वाली सीख पर शक हुआ और शक करना अच्छी और सही बात लगी। शक करने से व्यक्ति को सही और ग़लत जाँचने की बुद्धि को तीव्र करने का मौक़ा मिलता है। अगर यह शक न किया जाता कि जिस जगह हम रह रहे हैं तो जान न पाते कि उसके आगे भी दुनिया है, तो लोग नए देशों की खोज न करते बल्कि आज के समय में कहें तो वे न कभी चाँद पर जा सकते थे और न ही वे नए ग्रहों की खोज कर पाते। उन्होंने शक किया कि चंद्रमा केवल कवियों की उपमाओं को सुंदर स्त्रियों के चेहरे से तुलना करने के लिए नहीं बना, उन्होंने यह भी शक किया कि वह न तो मामा है और न ही बूर में पुए पकाता है, न वहाँ कोई बूढ़ी नानी अकेली बैठी चरखा कात रही है, शक ने उन्हें खोज करने, आविष्कार करने और उस तक पहुँचने के दुस्साहस की ओर ढकेला। अगर वे इन्हीं कही हुई बातों पर विश्वास कर लेते तो मामा के आने और पुए खिलाने का इंतज़ार ही करते रहते ! और जब वे इस इंतज़ार से दुखी होते तो शायर लोग फिर उन्हें समझाते कि 'इंतज़ार करने में जो मज़ा है धत ! यह भी झूठ है। झूठ के सच होने का इंतज़ार मज़ा नहीं, सज़ा है। समाज में आधे से ज़्यादा रोग इस झूठ के सच होने के इंतज़ार से पैदा होते हैं.... ख़ैर ! इंतज़ार की तह में मेरे साथ जाने के लिए आपको अगले लेख तक का इंतज़ार करना होगा क्योंकि इस समय मैं शक की क़ैद में हूँ। यह बात तब की है जब मैं वोट देने लायक़ बड़ी हुई। इस महत्त्वपूर्ण राजनैतिक निर्णय को लेने के लिए मैंने अपने माता-पिता के विश्वास की पार्टी पर मोहर लगाने से पहले अपने सामान्य ज्ञान को बढ़ाने के लिए राजनैतिक पार्टियों के इतिहासों और वर्तमान पर विहंगम दृष्टि डाली।

चिंतन-मनन

### नफरत का बोझ

बहुत पुरानी कथा है। एक बार एक गुरु ने अपने सभी शिष्यों से अनुरोध किया कि वे कल प्रवचन में आते समय अपने साथ एक थैली में बड़े-बड़े आलू साथ लेकर आएं। उन आलुओं पर उस व्यक्ति का नाम लिखा होना चाहिए, जिससे वे नफरत करते हैं। जो शिष्य जितने व्यक्तियों से घृणा करता है, वह उतने आलू लेकर आए। अगले दिन सभी शिष्य आलू लेकर आए। किसी के पास चार आलू थे तो किसी के पास छह। गुरु ने कहा कि अगले सात दिनों तक ये आलू वे अपने साथ रखें। जहां भी जाएं, खाते-पीते, सोते-जागते, ये आलू सदैव साथ रहने चाहिए। शिष्यों को कुछ समझ में नहीं आया, लेकिन वे क्या करते, गुरु का आदेश था। दो-चार दिनों के बाद ही शिष्य आलुओं की बदबू से परेशान हो गए। जैसे-तैसे उन्होंने सात दिन बिताए और गुरु के पास पहुंचे। सबने बताया कि वे उन सड़े आलुओं से परेशान हो गए हैं। गुरु ने कहा- यह सब मैंने आपको शिक्षा देने के लिए किया था। जब सात दिनों में आपको ये आलू बोझ लगने लगे, तब सोचिए कि आप जिन व्यक्तियों से नफरत करते हैं, उनका कितना बोझ आपके मन पर रहता होगा। यह नफरत आपके मन पर अनावश्यक बोझ डालती है, जिसके कारण आपके मन में भी बदबू भर जाती है, ठीक इन आलुओं की तरह। इसलिए अपने मन से गलत भावनाओं को निकाल दो, यदि किसी से प्यार नहीं कर सकते तो कम से कम नफरत तो मत करो।

स्वास्थ्य

# बगैर डॉक्टरी सलाह के बीपी की दवा छोड़ना जानलेवा

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** बीपी एवं डायबिटिज के मरीजों द्वारा बगैर डॉक्टरी सलाह के अचानक दवा छोडना जानलेवा साबित हो सकता है। अक्सर लोग अपने ब्लड प्रेशर के स्तर को सामान्य देखकर खुद को पूरी तरह स्वस्थ मान बैठते हैं और फिर मनमानी तरीके से अपनी दवाएँ बंद कर देते हैं। वे यह नहीं समझते कि शरीर में किसी भी बाहरी या अंदरूनी कारण से, जैसे कि गुस्सा, अत्यधिक मानसिक तनाव या मौसम में अचानक बदलाव होने पर, ब्लड प्रेशर तेज़ी से अनियंत्रित होकर स्पाइक कर सकता है। ऐसे समय में, जब शरीर दवा के सुरक्षा घेरे में नहीं होता, तो रक्तचाप में यह अचानक वृद्धि नसों में अत्यधिक सूजन पैदा कर सकती है या उन्हें फाड़ भी सकती है। इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं, कई बार लोग अचानक गिर जाते हैं, बेहोश हो जाते हैं, और दुखद रूप से कुछ मामलों में उनकी मौके पर ही मौत भी हो जाती है।

इन अधिकतर अप्रत्याशित घटनाओं के पीछे साइलेंट किलर के रूप में उच्च रक्तचाप ही मुख्य कारण होता है, जो बिना किसी बड़े लक्षण के अंदर ही अंदर शरीर को नुकसान पहुँचाता रहता है। विशेषज्ञ इस बात पर भी जोर देते हैं कि केवल दवाएँ लेना ही काफी नहीं है, बल्कि एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाना भी उतना ही अनिवार्य है। मानसिक तनाव से मुक्ति पाने के लिए हर दिन कम से कम 25 मिनट का मेडिटेशन (ध्यान) करना अत्यंत लाभकारी है।

## »न्यूज ब्रीफ

### मिक्सर मशीन में फंसकर मौत

इसी प्रकार तेजाजी नगर क्षेत्र में ईंट भट्टे के संचालक समीर खान 50 साल की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि वह बाईपास स्थित अपने भट्टे पर मि□सर मशीन में सामग्री डाल रहा था। इसी दौरान उन्होंने मशीन के अंदर देखने के लिए हाथ डाला जिससे उनका हाथ और आधा शरीर मशीन में फंस गया मौके पर ही उनकी मौत हो गई। समीर अविवाहित था और उनके परिवार में बहन एवं अन्य रिश्तेदार है। उनका एक भतीजा आयरलैंड में काम करता है जिसके आने के बाद ही अंतिम संस्कार किया जाएगा। तेजाजी नगर पुलिस ने मर्ग कायम किया।

### युवक को तलवार मारी

कुंदन नगर में रहने वाले दीपक पिता हंसराज मालवीय ने पुलिस को बताया कि घर के सामने कचरा फेंकने की बात को लेकर जितेंद्र पिता राम प्रसाद ने तलवार मार दी जिसमें वह घायल हो गया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया।

### कार से लैपटॉप चुराया

फरियादी सौरभ पिता हरि नारायण शर्मा निवासी इंद्रपुरी कॉलोनी ने पुलिस को बताया कि वह सुदामा नगर में रहने वाले बड़े भाई महेश शर्मा से मिलने गया था। इसी दौरान किसी ने कार का कांच फोड़ा और लैपटॉप चुरा कर ले गया। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज किया।

### टक्कर से दो घायल

पिपलियाहाना चौराहे पर ए□टवा सवार अभय पिता कृष्ण कुमार चौहान और गोपाल पिता रामचंद्र चौधरी को ट्रक ने टक्कर मार दी। जिसमें दोनों घायल हो गए। पुलिस ने केस दर्ज किया।

चाकू तलवार सहित चार बंदी पुलिस हीरानगर ने राजेश सोलंकी से तलवार और विनोद साहू से चाकू बरामद किया है।इसी प्रकार अन्नपूर्णा पुलिस ने भारत रघुवंशी से तलवार और अजय पिता मुन्नालाल वर्मा से चाकू बरामद किया सभी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### किशोरी का अपहरण

रामकृष्ण बाग कॉलोनी में रहने वाली किशोरी परिजन को रिश्तेदार से मिलने का बोल करने के लिए थी जो लापता हो गई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है।

### पांच शराबी बंदी

एमआईजी पुलिस ने बीच रोड पर शराब पीते हुए अशोक चौहान कमलेश पवार धर्मेंद्र जायसवाल और दो अन्य को गिर□तार किया है सभी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है।

### 2545 का सट्टा पकड़ा

मल्हारगंज पुलिस ने जिंसी क्षेत्र में सट्टा खाते हुए विनय पिता अनिल सोलंकी और जितेंद्र पिता मोहनलाल शर्मा को पकड़ा। इनके पास से 2545 रुपए नकदी और सट्टा पर्ची बरामद की है। दोनों के खिलाफ कैसे दजी किया।

### पत्नी का सिर फोड़ा

फरियादी उषा चौधरी 30 साल निवासी राजनगर में पुलिस को बताया कि पति ने खाने में नमक ज्यादा होने की बात को लेकर उसके सिर पर डंडा मार दिया जिसमें वह घायल हो गई।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### किशोर के चेहरे पर ब्लड मारी

न्यू गोरी नगर में रहने वाले 16 वर्षीय दीपक के पिता रमेश रघुवंशी को क्षेत्र में रहने वाले विनोद कुशवाहा ने उसके चेहरे पर □लेड मार दी। और धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### कार के लिए सताया

फरियादी ज्योति तोमर 28 साल निवास ए विजयनगर की रिपोर्ट पर पति महेंद्र सिंह तोमर सास हेमलता सिंह ससुर विक्रम सिंह तोमर के खिलाफ केस दर्ज किया है। ज्योति ने बताया कि उसे मायके से कार और 10 लख रुपए लाने के लिए प्रताड़ित कर रहे थे।

### गांजा सहित दो धराएं

गांधीनगर पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान ए□टवा सवार महेश प्रताप पिता कन्हैया लाल राठौर और कमल पिता मदनलाल वर्मा को पकड़ा। इनके पास से 530 ग्राम गांजा बरामद किया है। दोनों के खिलाफ केस दर्ज किया।

### बाइक चुराते पकड़ाया

सपना संगीता चौराहे पर कुशल पिता हेमंत सिसोदिया ने मोटरसाइकिल चुराते हुए कैलाश पिता गोवर्धन को रंगे हाथों पकड़कर पुलिस के हवाले किया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

### कुखयात बदमाश लंगड़ा पर लगाई रासुका, जेल भेजा

पुलिस कमिश्नर द्वारा शहर के बदमाशों के खिलाफ लगातार जिला बदर और रासुका की कार्रवाई की जा रही है, इसी के चलते जूनी इंदौर थाना क्षेत्र के कु□यात बदमाश लकी उर्फ लाखन उर्फ लंगड़ा पर रासुका लगाकर उसे जेल भेज दिया।

सहायक पुलिस आयुक्त विजय चौधरी के निर्देश पर पुलिस ने कु□यात बदमाश लकी पिता राजेश 30 साल निवासी जोशी कॉलोनी के विरुद्ध जिला बदर आदेश का उल्लंघन करने पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम 1980 की धारा 3 के तहत रासुका की कार्रवाई के तहत गिर□तार कर जेल भेजा गया है।

टी आई अनिल गुप्ता के मुताबिक लकी आदतन अपराधी है एवं उसके विरुद्ध थाना जूनी इंदौर, भंवरकुआं एमजी रोड और राजेंद्र नगर थाने में कई प्रकरण दर्ज है। इसके खिलाफ वर्ष 2025 में जिला बदर की कार्रवाई की गई थी लेकिन आरोपी ने उसका उल्लंघन करते हुए मारपीट और धमकाने के मामले में फरार चल रहा था।

### इंदौर एयरपोर्ट पर बढ़ेगा सुरक्षा कवच

# पक्षियों और वन्यजीवों को रोकने के लिए लगेगा अल्ट्रासोनिक सिस्टम

**इंदौर।** देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट पर उड़ान सुरक्षा को और मजबूत बनाने के लिए बड़ा कदम उठाया जा रहा है। अब विमान संचालन के दौरान पक्षियों और वन्य जीवों के खतरे को कम करने के लिए अल्ट्रासोनिक म्यूजिक सिस्टम लगाने की तैयारी की जा रही है। यह निर्णय संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े की अध्यक्षता में हुई पर्यावरण प्रबंधन समिति की बैठक में लिया गया।

बैठक में स्पष्ट किया गया कि एयरपोर्ट के आसपास पक्षियों और जानवरों की मौजूदगी उड़ानों के लिए बड़ा खतरा बन सकती है। इसे देखते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि एयरसाइड क्षेत्र का नियमित निरीक्षण किया जाए और वन्यजीव प्रबंधन को और प्रभावी बनाया जाए। इसके लिए नगर निगम और अन्य विभागों के साथ समन्वय बढ़ाने पर भी जोर दिया गया।

बैठक में यह भी सामने आया कि रनवे के अप्रोच फनल, बीएसएफ क्षेत्र और एयरोड्रम



पुलिस स्टेशन के आसपास बड़े पेड़ों की कटाई-छंटाई की जाएगी, जिससे पक्षियों का जमाव कम हो सके। बिजासन टेकरी और आसपास के क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने को कहा गया है।

इसके अलावा इंदौर-पीथमपुर मार्ग पर खुले में पड़े कचरे को हटाने, एयरपोर्ट के आसपास आवारा श्वानों को पकड़ने और फेंसिंग की मरम्मत जैसे कदम भी उठाए जाएंगे। आग से सुरक्षा के लिए भी विशेष इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं ।

बैठक में कलेक्टर शिवम वर्मा, एयरपोर्ट डायरेक्टर सुनील मगगीरवार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

विशेषज्ञों के अनुसार, यह कदम इंदौर एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था को नई तकनीक के साथ मजबूत करेगा और उड़ानों के दौरान पक्षियों से टकराव (बर्ड हिट) जैसी घटनाओं को काफी हद तक कम करने में मददगार साबित होगा।

#### संभागायुक्त ने दिए निर्देश

संभागायुक्त ने निर्देश दिए कि पक्षियों की गतिविधि पर नजर रखने के लिए सेंसर सिस्टम भी लगाया जाए, ताकि किसी भी संभावित खतरे की पहले से सूचना मिल सके। साथ ही एयरपोर्ट परिसर और आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई और निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए गए।

### ख्यात वक्ताओं के संग सजेगा वैचारिक मंच

# अभ्यास मंडल ने 66 वी व्याख्यानमाला के निमंत्रण पत्र का किया विमोचन

**इंदौर।** अभ्यास मंडल द्वारा आयोजित 66वीं ग्रीष्मकालीन व्याख्यानमाला के निमंत्रण पत्र एवं पोस्टर का विमोचन आज अत्यंत गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में शहर के प्रबुद्धजन, शिक्षाविद, सामाजिक कार्यकर्ता एवं युवा वर्ग की उल्लेखनीय उपस्थिति रही, जिससे आयोजन एक सशक्त बौद्धिक संगम का रूप ले सका।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. योगेश चंद्र गोस्वामी कुलगुरु श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय ने विधिवत रूप से निमंत्रण पत्र/पोस्टर का विमोचन किया। विशेष अतिथि प्रेस क्लब महासचिव प्रदीप जोशी,इस अवसर पर डॉ गोस्वामी ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा, अभ्यास मंडल केवल बोलने का मंच नहीं बल्कि सीखने का सशक्त माध्यम है ,उन्होंने विशेष रूप से नैनो टेक्नोलॉजी और ई के बढ़ते प्रभाव का उल्लेख करते हुवे कहा की इनका प्रयोग गंभीरता ओर जिम्मेदारी के साथ किया जाना चाहिए.युवा ओर समाज तक तेज़ीसे बदलते इन तकनीकों की सही जानकारी और सही दिशा देना आज समय की बड़ी आवश्यकता है

उनके विचारों ने उपस्थित जनसमूह को चिंतन की नई दिशा प्रदान की तथा संवाद की आवश्यकता को रेखांकित किया।

अभ्यास मंडल विगत 68 वर्षों से समाज में वैचारिक जागरण एवं रचनात्मक संवाद की अखंड परंपरा को निरंतर आगे बढ़ा रहा है। यह केवल एक संस्था नहीं, बल्कि विचारों का ऐसा मंच है, जहां विभिन्न क्षेत्रों के विद्वान, चिंतक और अनुभवी



व्यक्तित्व समाज के समक्ष अपने अनुभव एवं दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हैं। मंडल का उद्देश्य सदैव यह रहा है कि विविध विषयों पर गहन मंथन हो, जिससे समाज में सकारात्मक बदलाव और जागरूकता का विस्तार हो सके।

संस्था द्वारा मासिक व्याख्यानों एवं विशेष व्याख्यानमालाओं के माध्यम से संवाद की यह श्रृंखला निरंतर जारी है। अभ्यास मंडल का प्रयास रहता है कि अलग-अलग क्षेत्रों के विशिष्ट वक्ताओं को एक मंच पर आमंत्रित कर विचारों का एक समृद्ध गुलदस्ता तैयार किया जाए, जिससे समाज को व्यापक दृष्टिकोण प्राप्त हो सके।

***इस अवसर पर आगामी 66वीं ग्रीष्मकालीन व्याख्यानमाला की विस्तृत जानकारी डॉ मनीषा गौर— द्वारा प्रस्तुत की गई।***

***यह 6 दिवसीय व्याख्यानमाला 16 मई से 21 मई 2026 तक प्रतिदिन सायं 6 बजे जाल सभागृह, इंदौर में आयोजित की जाएगी। 16 मई को उद्घाटन सत्र एवं 21 मई को समापन सत्र होगा।***

व्याख्यानमाला के अंतर्गत समसामयिक और अत्यंत प्रासंगिक विषयों पर विमर्श किया जाएगा, जिनमें नया भारत नई सोच, राजनीति की भाषा और भाषा की राजनीति, भारत दृष्टि 2047, सफलता के मायने एवं जीवन का लक्ष्य, पर्यावरण संरक्षण एवं सामूहिक भागीदारी तथा विकसित भारत और नारी नेतृत्व जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल हैं।

#### इस व्याख्यानमाला में देश के प्रतिष्ठित वक्ता

राज्यसभा सदस्य इमरान प्रतापगढ़ी, राज्यसभा सदस्य प्रो. मनोज कुमार झा, प्रख्यात वक्ता डॉ. महेंद्र सिंह, लेफ्ट. कर्नल मनोज कुमार सिन्हा सेवा निवृत्त,पर्यावरणविद प्रो. श्यामसुंदर ज्यानी तथा लेफ्टिनेंट जनरल श्रीमती माधुरी कानिटकर सेवा निवृत्त— अपने विचारों से श्रोताओं को लाभान्वित करेंगे।

अभ्यास मंडल ने शहरवासियों से आग्रह किया है कि यह व्याख्यानमाला सभी के लिए खुली है। अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी आयोजन का लाभ उठाएं तथा संवाद की इस परंपरा को और अधिक सशक्त बनाएं।

#### अतिथिओ को स्मृति चिन्ह

कार्यक्रम का संचालन हरेराम वाजपेयी ने किया– आभार – रामेश्वर गुप्ता– द्वारा व्यक्त किया गया। श्यामसुंदर यादव, अशोक जायसवाल, गौतम कोठारी, अरविंद तिवारी,मदन राने, आलोक खरे, शंकर गर्ग, आरती जायसवाल, दीप्ति गौर आदि उपस्थित थे

# जैन श्वेताम्बर ग्रुप द्वारा नेत्र शिविर का आयोजन



**इंदौर।** चोइथराम नेत्रालय संयुक्त तत्वाधान में सेंट ज्योति स्कूल नगीन नगर पर विशाल नेत्र शिविर लगा ग्रुप के अध्यक्ष सुरेश देशलहरा और शिविर संयोजक अनोखीलाल जैन ने बताया कि इस शिविर में 220 मरीजों ने लाभ लिया 22 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयन किया गया जिनके आपरेशन निशुल्क होंगे जरूरतमंद को 110 चश्मे रियायती दरों पर दिए गए इस शिविर के लाभार्थी गुप्ता परिवार बोम्बे इंदौर है ग्रुप के समाज सेवी, महेश डाकोंलिया , राजेन्द्र भटेवरा, किरण संचेती भवरलाल कासवा अरविन्द चौधरी डॉ. जितेन्द्र पारख सुभाष गोखरू पारस कटारिया , प्रदीप मोर्य, स्कूल के प्रींसीपल कान्हा राणे, और सीमा राणे, रेखा राणे आदि का भरपुर सहयोग रहा सीनियर सिटीजन ग्रुप इस प्रकार के शिविर लगाते रहते हैं मानव सेवा में आगे है

# अलग-अलग हादसों में दो लोगों की मौत

**इंदौर।** पांच मई शहर में दो अलग-अलग हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। देवास नाका पर एक बिल्डिंग पर काम करने के दौरान युवक गिर गया इसी प्रकार तेजाजी नगर में मिक्सर मशीन में फंसने से भट्ठा संचालक की मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार देवास नाका क्षेत्र में स्थित एक बिल्डिंग साइड पर काम करने के दौरान विशाल पिता सुनील 25 साल निवासी ग्राम नागदा की गिरने से मौत हो गई। विशाल अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला था उसके परिवार में पत्नी 1 साल की बेटी और मन है जबकि उसका भाई मानसिक रूप से अस्वस्थ बताया जा रहा है।पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

### दोस्त के घर गए युवक की संदिग्ध मौत

# पिता ने लगाया हत्या का आरोप

**इंदौर।** एमआईजी थाना क्षेत्र में एक युवक की दोस्त के घर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पिता ने दोस्त पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक का नाम अमित पिता यशवंत 30 साल है। पिता यशवंत यादव से रात में लगातार उसे फोन कर रहे थे। इसी दौरान दोस्त प्रदीप जाट की पत्नी ने कॉल रिसीव कर बताया कि अमित ने शराब पी ली थी और उसकी तबीयत बिगड़ गई है। इसके बाद परिजनों से तत्काल बड़े अस्पताल ले कर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पिता यशवंत ने बेटे अमित की मौत पर शक जताते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि अमित शराब नहीं पीता था। उन्होंने दावा किया कि बेटे के गले पर निशान थे जिससे मारपीट की आशंका लगती है।

#### पीएम के बाद मौत का असली कारण पता चलेगा

पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर ही मौत के असली वजहों का खुलासा हो सकेगा। अमित एक दूध कंपनी में मार्केटिंग का काम करता था। परिवार में उसके माता-पिता एक बड़ा भाई और एक बहन है जिनकी हाल ही में शादी हुई है।

# दहेज की रिपोर्ट लिखाने पर किया जानलेवा हमला

**इंदौर।** इंदौर पांच मई किशनगंज थाना क्षेत्र में महिला पर जानलेवा हमले की घटना हुई। पुलिस ने पति सहित अन्य के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी पुष्पा बाई लोधी 25 साल की रिपोर्ट पर पति तेज पिता रमता लोधी और परिजन सुनील लोधी, प्रिंस लोधी, विष्णु और अन्य के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। फरियादी पुष्पा लोधी ने पुलिस को बताया कि दहेज की मांग को लेकर पति तेजा और परिजन आए दिन उसे प्रताड़ित करते थे, इनके खिलाफ दहेज प्रताड़ना की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसी बात को लेकर फरियादी पर सोमवार सुबह 11-20 बजे बहु पीतमपुर रोड पर पति और अन्य परिजनों ने मिलकर तलवार और डंडे से उस पर जान लेवा हमला किया और धमकी देकर फरार हो गए। किशनगंज पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

इसी प्रकार फरियादी देविका जोशी निवासी द्वारकापुरी की रिपोर्ट पर पति विजय पिता कृष्ण कुमार जोशी के खिलाफ दहेज प्रताड़ना की धारा में पुलिस ने केस दर्ज किया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि दहेज की मांग को लेकर पति ने डंडे से उसके साथ मारपीट की जिसमें वह घायल हो गई।

# मेडिकल संचालक से प्लाट के नाम पर 50 लाख की धोखाधड़ी

### प्लेटों को अपना बताकर एक करोड़ 5 लाख रुपए में सौदा

**इंदौर।** सहयोगितागंज थाना क्षेत्र के मुरई मोहल्ला में रहने वाले मेडिकल संचालक से प्लांट बिक्री के नाम पर आरोपी ने फर्जी दस्तावेज से 50 लख रुपए की धोखाधड़ी की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा में केस दर्ज किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी गुच्छित रघुवंशी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह मेडिकल दुकान संचालित करते हैं। उनकी रिपोर्ट पर अंजन पिता मोहन श्रीवास्तव निवासी कैट के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

फरियादी गुच्चित्र ने बताया कि जुलाई 20 25 में उन्होंने अजन से मानसरोवर कॉलोनी के प्लाट नंबर 283 और 285 का सौदा किया था। अंजान ने इन प्लेटों को अपना बताकर एक करोड़ 5 लाख रुपए में सौदा किया। इसमें चेक और नगद दोनों माध्यमों से भुगतान किया गया।

4 अगस्त 20 25 में फरियादी गुच्छित को पता चला कि अंजान ने जो दस्तावेज दिखाए थे वह फर्जी थे। ओ पंजीयन कार्यालय से प्लांट के दस्तावेज निकलवाने पर पता चला कि प्लॉट नंबर 283 सुनील पिता कल्याणमल के नाम पर है जबकि दूसरे प्लाट की मलिक मंगलापति उमेश मित्तल है।

फरियादी गुच्चित ने अनजान से से रुपए वापस मांगे इस पर आरोपी ने 15 लख रुपए ऑनलाइन लौटा दिए, लेकिन बाकी रकम देने से इनकार कर दिया। इस पर फरियादी गुच्चित ने आरोपी के खिलाफ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

### सरवटे बस स्टैंड पर सवारी बैठाने को लेकर विवाद

# दिनदहाड़े युवक का किया अपहरण, केस दर्ज

**इंदौर।** सरवटे बस स्टैंड से दिनदहाड़े एक युवक को अगवा किए जाने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने युवक के साथ मारपीट की और फिर उसे भंवर कुवा क्षेत्र में छोड़कर अपराध हो गए। पुलिस ने केस दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी आकाश पिता राजेंद्र सिलावट 35 साल निवासी लुनिया पुराने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह सरवटे बस स्टैंड पर उप नगरीय बस में ड्राइवरी करता है। उसके मुताबिक सोमवार दोपहर 1-15 बजे विनय पिता कल सोनकर 25 साल निवासी भोलाराम उस्ताद मार्ग अपने तीन चार अन्य साथियों के साथ आया और सवारी बैठाने की बात को लेकर विवाद करते हुए गालियां देने लगा। गाली देने से मना किया तो उसके साथ मारपीट की और फिर उसे कार में जबरदस्ती बिठाकर ले गए। कार्य में उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। फरियादी आकाश सिलावट ने शोर मचाया तो उसे भंवर कुवा क्षेत्र में छोड़कर फरार हो गए। फरियादी आकाश सिलावट की रिपोर्ट पर छोटी ग्वालटोली पुलिस ने आरोपी विनय सोनकर और उसके अन्य साथियों के खिलाफ अपहरण मारपीट धमकाने सहित अन्य गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश कर रही है।

#### दो नाबालिग का अपहरण

फरियादी देवेंद्र साहू निवासी कुंदन नगर ने पुलिस को बताया कि उसका 15 वर्षीय बेटा राहुल को अज्ञात व्यक्ति बहला फुसला कर ले गया। इसी प्रकार अहिरखेड़ी में रहने वाली किशोरी परिजनों को नौकरी पर जाने का बोलकर निकली थी जो लापता हो गई। पुलिस ने दोनों मामलों में अपहरण का केस दर्ज किया है।

### मजदूर दिवस पर गीता रामेश्वरम ट्रस्ट की अनूठी पहल

# 500 से अधिक श्रमिकों का सम्मान और पक्षी संरक्षण का संकल्प

**इंदौर।** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में गीता रामेश्वरम ट्रस्ट द्वारा एक गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन विद्यासागर स्कूल, बिचोली मर्दाना में किया गया। इस अवसर पर समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले 500 से अधिक श्रमिक भाइयों और मातृशक्ति को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के दौरान अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव और आयोजक सत्यनारायण पटेल ने अपने हाथों से सभी मजदूरों को बड़े प्रेम और स्नेह के साथ भोजन परोसा।

सम्मान के प्रतीक स्वरूप ट्रस्ट की ओर से



सभी श्रमिकों को टिफिन बॉक्स भेंट किए गए।

#### पक्षी संरक्षण का भी दिलाया संकल्प

भोजन और सम्मान के साथ-साथ इस आयोजन में पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों को पक्षियों की रक्षा के लिए %सकोरे% और दाना वितरित किया गया। साथ ही, सभी को यह संकल्प दिलाया गया कि वे अपने घरों पर पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करेंगे ताकि इस भीषण गर्मी में बेजुबान पक्षियों को राहत मिल सके।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षाविद जगदीश शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सत्यनारायण पटेल ने की। इस अवसर पर समाजसेवी मदन परमालिया, प्रीतेश राजू, मनोज पाटीदार, अनुज भंडारी और संजय पटेल सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### पूर्व विधायक एवं ग्वालियर के संगठन प्रभारीआगामी कार्यक्रमो

पूर्व विधायक एवं ग्वालियर के संगठन प्रभारी गोपी कृष्ण नेमा ने आगामी कार्यक्रमों की दृष्टिगत ग्वालियर के डॉ आंबेडकर मंडल महाराणा प्रताप मंडल रामकृष्ण मंडल के पदाधिकारी की बैठक लेकर आगामी एक माह की कार्य योजना पर चर्चा कर उसके क्रियान्वयन पर मार्गदर्शन दिया मंडल पदाधिकारी एवं मंडल प्रभारी जिला पदाधिकारी भी बैठकों में उपस्थित रहे

# मेट्रो में बर्थडे, किटी पार्टी सहित प्री वेडिंग शूट भी होगी

इंदौर।

इंदौर मेट्रो को अपेक्षित यात्री संख्या नहीं मिल रही है, ऐसे में अब इसमें नए प्रयोग किए जा रहे हैं। जल्द ही मेट्रो में बर्थडे पार्टी, किटी पार्टी और अन्य आयोजन किए जा सकेंगे। इसके साथ ही प्री-वेडिंग शूट की भी अनुमति दी जाएगी। इन आयोजनों के लिए मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमपीएमआरसीएल) द्वारा 5 से 7 हजार रुपये प्रति घंटे के हिसाब से शुल्क लिया जाएगा। सेलिब्रेशन ऑन व्हील्स की शुरुआत इसी माह से की जा रही है।



एमपीएमआरसीएल के प्रबंध संचालक एस. कृष्ण चैतन्य ने बताया कि यह पहल भोपाल और इंदौर की बदलती शहरी जीवनशैली और नागरिकों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। इसका उद्देश्य मेट्रो को आमजन के और करीब लाना है। इस योजना के तहत चयनित मेट्रो कोच और स्टेशनों पर आयोजन की अनुमति दी जाएगी, जिससे लोगों को आधुनिक परिवहन माहौल में जश्न मनाने का नया अनुभव मिलेगा। कार्यक्रम इस तरह आयोजित किए जाएंगे कि मेट्रो संचालन और यात्रियों की सुविधा प्रभावित न हो।

पार्टी के अलावा फिल्म शूटिंग, वेब सीरीज, डॉक्यूमेंट्री, विज्ञापन, बर्थडे पार्टी, किटी पार्टी, प्री-वेडिंग शूट और अन्य रचनात्मक गतिविधियों के लिए भी अनुमति दी जाएगी। टैरिफ के अनुसार, स्थिर मेट्रो कोच के लिए 5 हजार रुपये प्रति घंटा और चलती मेट्रो कोच के लिए 7 हजार रुपये प्रति घंटा शुल्क निर्धारित किया गया है। बर्थडे, प्री-वेडिंग और किटी पार्टी के लिए अधिकतम 50 लोगों को अनुमति होगी। इससे अधिक लोगों के शामिल होने पर मेट्रो के निर्धारित किराया नियम लागू होंगे। प्रति कोच 20 हजार रुपये की रिफंडेबल सुरक्षा राशि भी जमा करनी होगी।

## अतिक्रमण के खिलाफ जिला प्रशासन की कार्रवाई...



इंदौर। किला मैदान आर्मी पोस्ट ऑफिस के सामने शासकीय भूमि से जिला प्रशासन और नगर निगम के रिमूवल टीम में कुछ दिन पूर्व अतिक्रमण की कार्रवाई की थी जिसमें दो मकान कोर्ट के स्टे की वजह से बच गए थे। आज जिला प्रशासन और नगर निगम की टीम ने दोनों मकानों को बुलडोजर से तोड़ा।

# बस स्टैंड से युवक का अपहरण

### सवारी बैठाने के विवाद के बाद कार में ले गए, शोर मचाने पर कुछ दूर छोड़कर भागे

इंदौर।

इंदौर के छोटी ग्वालटोली थाना क्षेत्र में सवारी बैठाने को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने युवक का अपहरण कर लिया। बाद में युवक के शोर मचाने पर उससे मारपीट कर 5 किलोमीटर दूर छोड़कर भाग गए। मामला 4 मई का है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। मामले का सीसीटीवी भी सामने आया है।

आकाश पुत्र राजेन्द्र सिलावट निवासी लूनियापुरा ने पुलिस को बताया कि वह एक एजेंट है। बसों में सवारी बैठाने का काम करता है। 4 मई की दोपहर वह सरवटे बस स्टैंड क्षेत्र में सवारी बैठा रहा था।

इसी दौरान आरोपी विनय पुत्र कल्लू सोनकर निवासी भोलराम उस्ताद मार्ग और उसके दो साथियों से सवारी को लेकर विवाद हो गया। ये भी एजेंट हैं। आरोपी कुछ देर बाद कार से पहुंचे और चाकू दिखाकर आकाश को जबरन कार में बैठाया और अपहरण कर अपने साथ लेकर चले गए।

पीड़ित के मुताबिक वह लगातार चिल्लाता रहा। इसके बाद आरोपी उसे भंवरकुआं के पास उतारकर भाग गए। आकाश के अपहरण के दौरान उसके साथ छोटा भाई भी खड़ा था। वह भागते हुए छोटी ग्वालटोली थाने पहुंचा। उसने जब पुलिस को घटना बताई तो पुलिस बस स्टैंड पर पहुंची। यहां लोगों से पूछताछ की तो उन्होंने आकाश के कार में ले जाने की बात बताई। बाद में परिजनों को आकाश का कॉल आया और उसने बताया कि आरोपी उसे भंवरकुआं में छोड़कर भाग गए हैं।

# तापमान एक डिग्री गिरकर 38 पर पहुंचा रात का तापमान भी 4 डिग्री गिरा

**इंदौर।** इंदौर में मई के पहले हफ्ते में भी तापमान में गिरावट चल रही है और गर्मी के तेवर नरम होते जा रहे हैं। पिछले 24 घंटों में दिन का तापमान 1 डिग्री गिरकर 38 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। दरअसल सोमवार को मौसम बदला, फिर बादल छाए और हवा का दौर चला। इससे तापमान में गिरावट आई। इसका असर रात को भी रहा और पारा 4 डिग्री गिरकर 21 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। दिन का तापमान 39.7 (-1) डिग्री सेल्सियस था। सोमवार को इसमें गिरावट आई और 38.2 (-3) डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। यह सामान्य से 3 डिग्री सेल्सियस कम है। हालांकि फिर भी उमस रही। रात का तापमान रविवार को 25.5 (+2) डिग्री सेल्सियस था जो 4 डिग्री कम होकर 21.0 (-3) डिग्री सेल्सियस रहा। यानी दिन और रात का तापमान सामान्य से 3 डिग्री कम ही रहा। मंगलवार सुबह से मौसम साफ है लेकिन गर्मी का असर कम है।

# मासिक सैनिक सम्मेलन 12 मई को

**इन्दौर।** इंदौर जिले एवं आस-पास के क्षेत्रों में निवासित सभी पूर्व सैनिकों, वीरनारियों, विधवाओं एवं आश्रितों के कल्याण के लिये मासिक सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन आगामी 12 मई को प्रातः 11.30 बजे से जिला सैनिक कल्याण कार्यालय जयरामपुर कालोनी के सभागार में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन को कमांडर नगेश चंद्र मालवीय (से.नि.), जिला सैनिक कल्याण अधिकारी संबोधित करेंगे । इस दौरान पूर्व सैनिकों, सैनिक विधवाओं, आश्रितों एवं वीर नारियों की समस्या का निदान किया जायेगा एवं शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी ।

### फिल्म अभिनेता गुलशन ग्रोवर ने इंदौर में कहा-

# बैडमैन अब उनकी पहचान बन चुका है

इंदौर।

500 से ज्यादा फिल्मों में काम कर चुके अभिनेता गुलशन ग्रोवर इंदौर में थे। उन्होंने कहा कि फिल्म राम लखन का डायलॉग बैडमैन अब उनकी पहचान बन चुका है। जब इस फिल्म का रोल सुनाने के लिए निर्देशक सुभाष घई ने उन्हें घर बुलाया, तो शुरुआत में रोल के बारे में कुछ नहीं बताया। लौटते समय जब वे लिफ्ट के पास पहुंचे, तब उन्होंने कहा कि जब भी उनका शॉट आए, उन्हें बैडमैन कहना है। फिल्म रिलीज होने के बाद उनका यह डायलॉग सबसे ज्यादा चर्चा में रहा।

गुलशन ग्रोवर ने हॉलीवुड और बॉलीवुड फिल्मों के निर्माण के अंतर को बताते हुए कहा कि वहां फिल्म की स्क्रिप्ट सभी विभागों को पहले ही दे दी जाती है, ताकि वे उसके अनुसार तैयारी कर सकें। इसके अलावा यूनिट के सभी सदस्य अपने सुझाव निर्देशक को दे सकते हैं। जंगल बुक की शूटिंग के दौरान मेकअप टीम के हेड की आपत्ति के बाद निर्देशक ने शूटिंग के समय में बदलाव भी किया था।

फिल्मों में विलेन के रोल में हो रहे बदलाव को लेकर उन्होंने कहा कि बदलाव जिंदगी का हिस्सा है और इससे बचा नहीं जा सकता। अब विलेन के किरदार में उनके व्यक्तित्व के दूसरे पक्ष को भी उभारा जाता है। इस तरह इन किरदारों को और अधिक सशक्त तरीके से प्रस्तुत किया जा रहा है। पत्रकारों से चर्चा के बाद उन्होंने जेके इंटरप्राइजेस कंपनी के साथ ब्रांड एंबेसेटर बनने का अनुबंध भी किया।



**70 साल में भी फिट हूं**

गुलशन ग्रोवर ने कहा कि वे 70 साल के हैं और अनिल कपूर की तरह फिट हैं, क्योंकि वे रोज एक घंटा व्यायाम करते हैं। इसके अलावा वे नियंत्रित डाइट का भी ध्यान रखते हैं।

### छात्रा के साथ रेप, एफआईआर के बाद गिरफ्तार

**इंदौर।** गांधी नगर पुलिस ने पाइप फैक्ट्री में काम करने वाली एक महिला की शिकायत पर विजय पुत्र मालती ढारू निवासी कोलपुर काठमांडू नेपाल के खिलाफ रेप और पास्को एक्ट के मामले मे एफआईआर की है। महिला ने बताया कि उसकी बेटी की स्कूल की छुट्टी हुई तो वह फैक्ट्री आ गई। बेटी को पानी की टंकी पर पानी लेने भेजा। वह काफी देर तक नही पहुंची। बाद मे पति के साथ उसे ढूंढा तो वहां बने एक क्वार्टर मे बेटी की चिल्लाने की आवाज आ रही थी। साथ में विजय गलत काम कर रहा था। बेटी को वहां से उठाया। बेटी ने बताया कि विजय ने उसे इशारे से बुलाया ओर अंदर एक काम होने की बात की। इसके बाद उसके साथ गलत काम करने लगा।

### पोलोग्राउंड में बनेगा 6 मंजिला औद्योगिक कॉम्प्लेक्स

# फेज-1 की तैयारी तेज, 200 स्टार्टअप्स को मिलेगा नया ठिकाना

इंदौर।

इंदौर के पोलोग्राउंड औद्योगिक क्षेत्र में अब स्टार्टअप्स और लघु उद्योगों के लिए राह आसान होने वाली है। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र यहां एक औद्योगिक कॉम्प्लेक्स का निर्माण करने जा रहा है, जिसके फेज-वन की तैयारी तेज होने के साथ ही फेज-टू की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। छह मंजिला इस इमारत में छोटी-बड़ी करीब 100 यूनिट्स तैयार की जाएंगी। खास बात यह है कि फेज-वन के लिए शासन ने 40 करोड़ रुपए की मंजूरी दे दी है और इसे डेढ़ साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। दोनों फेज के निर्माण के बाद पोलोग्राउंड में करीब 200 नई औद्योगिक इकाइयों को जगह मिल सकेगी।



**15500 वर्ग मीटर पर होगा निर्माण-** जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के पास उपलब्ध करीब 15 हजार 500 वर्ग मीटर जमीन पर इन दोनों फेज का निर्माण प्रस्तावित है। वर्तमान में फेज वन के लिए डीपीआर और डिजाइन के टेंडर मप्र लघु उद्योग निगम द्वारा खोले जा चुके हैं, जिसमें मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्यों की पांच एजेंसियों ने रुचि दिखाई है।

इन टेंडर्स को अंतिम मंजूरी के लिए भोपाल मुख्यालय भेजा गया है, जहां से एक-दो सप्ताह में फैसला होने की उम्मीद है। इस प्रोजेक्ट की लागत का वहन मध्य प्रदेश और केंद्र सरकार संयुक्त रूप से कर रही हैं। विभाग ने योजना बनाई है कि ड्रेनेज, पानी, पार्किंग और कैंटीन जैसी मूलभूत सुविधाएं फेज वन के दौरान ही इस तरह विकसित की जाएं कि फेज-टू के समय केवल भवन निर्माण की ही आवश्यकता रहे।

**नियमों के उल्लंघन के चलते उद्योग केंद्र को मिली जमीन**

यह बहुमंजिला परिसर विशेष रूप से पैकेजिंग, प्रिंटिंग और नए जमाने के स्टार्टअप्स के लिए वरदान साबित होगा। पोलोग्राउंड औद्योगिक क्षेत्र के 64 साल के इतिहास में यह एक बड़ा बदलाव है। 250 से अधिक चालू इकाइयों और 3,000 करोड़ के सालाना टर्नओवर वाले इस क्षेत्र में लंबे समय से नई जमीन की कमी बनी हुई थी। नियमों के उल्लंघन के चलते वर्षों बाद विभाग को एक बड़ी जमीन वापस मिली है, जिसका उपयोग अब नए उद्यमियों को मौका देने के लिए किया जा रहा है।

# समेरिटन्स स्कूल में हैंडबाल समर कैंप आरम्भ

**नर्मदापुरम।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी खेल और युवा कल्याण विभाग और जिला हैंडबॉल संघ नर्मदापुरम द्वारा हैंडबॉल समर कैंप का आयोजन 1 मई से 31 मई तक समेरिटंस स्कूल खेल प्रांगण पर किया जा रहा है। इसमें लगभग 70 खिलाड़ी सुबह 6:00 से 8:00 तक एवं शाम को 5:30 से 7:00 तक भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण शिविर कोच आस्कर एरिन मोजिस, डॉ. सचिन खम्परिया, विनोद साहू के सहयोग से संचालित हो रहा है। कैंप में खेल के अलावा विभिन्न गतिविधियां जैसे महिलाओं के आत्मारक्षा, गुड टच बेड टच, सामाजिक गतिविधि, फिट इंडिया मूवमेंट प्रतियोगिताओं आदि का समावेश किया गया है।

# मौसम का यू-टर्न, गर्मी पर ब्रेक, 4 दिन आंधी-बारिश का असर, 39 जिलों में अलर्ट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में मई की शुरुआत इस बार तपती गर्मी के बजाय बदले हुए मौसम के साथ हुई है। प्रदेश में सक्रिय सिस्टम के कारण आंधी, बारिश और ओलावृष्टि का दौर शुरू हो गया है। सोमवार को 15 से ज्यादा जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई, जबकि कुछ इलाकों में ओले भी गिरे। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को भी ऐसे ही हालात बने रहेंगे। मौसम केंद्र भोपाल ने 39 जिलों के लिए चेतावनी जारी की है। इन इलाकों में 40 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चल सकती है, साथ ही बारिश भी होगी। सोमवार को रीवा और आगर-मालवा में ओलावृष्टि हुई। इसके अलावा सागर, गुना, अशोकनगर और मैहर सहित कई जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश दर्ज की गई। एमपी में भीषण गर्मी का कहर: खजुराहो में 46 डिग्री पारा, कई शहरों में 44 डिग्री के पार,दिन-रात दोनों झुलसा रहा

**आज इन जिलों में रहेगा असर** - जबलपुर, सिंगरौली, सीधी, शहडोल, उमरिया और कटनी में तेज हवाओं का असर सबसे ज्यादा देखने को मिलेगा। भोपाल, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, विदिशा, नर्मदापुरम, बैतूल, ग्वालियर, गुना, शिवपुरी, दतिया, अशोकनगर, मुरैना, भिंड, श्योपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, नरसिंहपुर, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, पांढुर्णा, रीवा, सतना, मऊगंज, मैहर, अनूपपुर, सागर, पन्ना, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में बारिश की संभावना जताई गई है। प्रदेश के पश्चिमी हिस्से यानी इंदौर-उज्जैन संभाग में मौसम फिलहाल साफ रहेगा। इंदौर, धार, अलीराजपुर, बुरहानपुर, बड़वानी, खंडवा, खरगोन, झाबुआ, उज्जैन, नीमच, आगर-मालवा, मंदसौर, शाजापुर, देवास, रतलाम और हरदा में गर्मी का असर बना रहेगा, हालांकि सिस्टम के चलते कुछ जगह हल्का बदलाव संभव है।

**कहीं तपिश, कहीं राहत**

आंधी-बारिश के बीच भी कई शहरों में गर्मी बरकरार है। रायसेन में लगातार दूसरे दिन पारा 44 डिग्री दर्ज किया गया। इसके अलावा खरगोन में 43 डिग्री, खंडवा 42.1 डिग्री, मंडला 41.9 डिग्री, नरसिंहपुर 41 डिग्री, बैतूल 40.7 डिग्री, रतलाम 40.5 डिग्री, छिंदवाड़ा 40.2 डिग्री और शाजापुर 40.1 डिग्री रहा। वहीं, खजुराहो सबसे ठंडा रहा, जहां तापमान 33.8 डिग्री दर्ज किया गया। दतिया में 34.8 और टीकमगढ़ में 35.5 डिग्री रहा। बड़े शहरों में ग्वालियर 34.8 डिग्री के साथ सबसे ठंडा रहा, जबकि इंदौर 38.2, उज्जैन 39, जबलपुर 40 और भोपाल में 40.4 डिग्री तापमान दर्ज हुआ।

**क्यों बदला मौसम?**

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के ऊपर एक चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है और इसके साथ दो ट्रफ लाइन गुजर रही हैं। यही वजह है कि मौसम में अचानक बदलाव आया है। विभाग का अनुमान है कि 8 मई तक प्रदेश में आंधी-बारिश का यह सिलसिला जारी रहेगा।

# एम्स में अग्नि सुरक्षा जागरूकता सप्ताह शुरू

**भोपाल।** एम्स भोपाल में कल चार से 10 मई 2026 तक अग्नि सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है, जो स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और गृह मंत्रालय के अंतर्गत अग्निशमन सेवा महानिदेशालय के संयुक्त राष्ट्र व्यापी आयोजन का हिस्सा है। इस वर्ष का केंद्रीय विषय सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल एवं अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाज आग की रोकथाम के लिए एक साथ है, जो ग्रीष्म ऋतु में स्वास्थ्य संस्थाओं में अग्नि सुरक्षा की बढ़ती आवश्यकता को रेखांकित करता है। कार्यक्रम की शुरुआत स्वास्थ्य सचिव द्वारा अग्नि सुरक्षा सप्ताह 2026 के उद्घाटन, पूरे देश में सामूहिक प्रतिज्ञा तथा अग्नि एवं जीवन सुरक्षा दिशा-निर्देशों के ऑनलाइन पोर्टल के शुभारंभ के साथ की गई। राज्य अग्निशमन विभाग के समन्वय से संस्थान में अग्नि निकासी मॉक ड्रिल और कोड रेड एक्टिवेशन के माध्यम से आपातकालीन तैयारी को सुदृढ़ किया गया। यह पहल जिला स्तरीय स्वास्थ्य संस्थानों, मेडिकल कॉलेजों से जुड़े अस्पतालों एवं अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता और अनुपालन को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। एम्स भोपाल लगातार स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों को सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल कर रहा है। इसी क्रम में, भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के निर्देशानुसार, एम्स भोपाल 10 मई तक अग्नि सुरक्षा जागरूकता सप्ताह 2026 का आयोजन कर रहा है। यह आयोजन स्वास्थ्य एवं परिवार मंत्रालय और गृह मंत्रालय के अंतर्गत अग्निशमन सेवा, नागरिक सुरक्षा एवं होमगार्ड महानिदेशालय द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी अभियान का हिस्सा है। यह सप्ताह एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक एवं सीईओ प्रो. (डॉ.) माधवानंद कर तथा अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) अशोक के. महापात्र के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष का केंद्रीय विषय सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल एवं अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाज आग की रोकथाम के लिए एक साथ रहा, जिसने स्वास्थ्य संस्थानों में अग्नि सुरक्षा के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी और सतर्कता के महत्व को रेखांकित किया। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा पूर्व में जारी परामर्शों में यह स्पष्ट किया गया है कि अग्नि दुर्घटनाएं स्वास्थ्य संस्थानों में जीवन एवं संपत्ति के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न करती हैं, विशेषकर उन परिस्थितियों में जहां गंभीर रूप से बीमार मरीज निरंतर देखभाल पर निर्भर रहते हैं।

# 10 लाख दिव्यांगजनों के लिए बनेंगी पहली समग्र नीति

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में पहली बार दिव्यांगजनों के लिए एक समग्र राज्य नीति बनाई जाएगी, जिससे प्रदेश के करीब दस लाख दिव्यांगजनों को एक समान और समन्वित तरीके से लाभ मिल सकेगा। डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर यह पहल शुरू की गई है और नीति का ड्राफ्ट 180 दिनों में तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। अभी तक राज्य में अलग-अलग विभाग अपनी-अपनी योजनाओं के तहत दिव्यांगजनों को लाभ देते रहे हैं, लेकिन किसी एकीकृत नीति के अभाव में काम में एकरूपता नहीं है। नई नीति लागू होने के बाद सभी विभाग एक ही प्लेटफॉर्म पर मिलकर काम करेंगे, जिससे योजनाओं का बेहतर समन्वय और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सकेगा। दिव्यांगजन विभाग के आयुक्त डॉ. अजय खेमरिया को इस नीति का मसौदा तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके अनुसार, प्रदेश में अब तक दिव्यांगजनों के लिए कोई व्यापक नीति नहीं रही है, जिससे उनके समग्र विकास के प्रयास बिखरे हुए हैं। नई नीति इस कमी को दूर करेगी। नीति निर्माण के दौरान विशेषज्ञों, हितग्राहियों और स्वयं दिव्यांगजनों से व्यापक संवाद किया जाएगा। इसके तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के साथ आदिवासी अंचलों—जैसे अलीराजपुर, झाबुआ और बड़वानी—में जाकर जमीनी स्थिति को समझा जाएगा। साथ ही देश-विदेश के विशेषज्ञों और शोधकर्ताओं से भी सुझाव लिए जाएंगे। वर्तमान में सामाजिक न्याय, एमएसएमई, एनआरएलएम, महिला एवं बाल विकास सहित कई विभाग अलग-अलग मानकों और योजनाओं पर काम कर रहे हैं। नई नीति के जरिए इन सभी प्रयासों को एकीकृत कर एक समान ढांचा तैयार किया जाएगा।



दिव्यांगजनों के जीवन स्तर में वास्तविक सुधार लाने के उद्देश्य से सरकार सुझाव आमंत्रित करेगी और विभिन्न संगठनों व कार्यकर्ताओं से भी संवाद स्थापित करेगी। प्रस्तावित नीति को कैबिनेट की मंजूरी के बाद वर्ष 2026 में ही लागू करने की योजना है।

# 4 साल में पूरी भर्ती, फिर भी नौकरी नहीं, चयनित शिक्षक आज करेंगे डीपीआई कार्यालय का घेराव

**भोपाल** । मध्य प्रदेश में शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में लगातार हो रही देरी से नाराज चयनित अभ्यर्थियों ने अब आंदोलन का रास्ता अपनाने का निर्णय लिया है। माध्यमिक और प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा 2024 में सफल अभ्यर्थियों ने 6 मई को भोपाल स्थित लोक शिक्षण संचालनालय कार्यालय के घेराव का ऐलान किया है। उनका कहना है कि लंबी प्रक्रिया पूरी करने के बावजूद अब तक नियुक्ति आदेश जारी नहीं किए गए हैं, जिससे उनका भविष्य अधर में लटका हुआ है।अभ्यर्थियों के अनुसार भर्ती प्रक्रिया 2022 में शुरू हुई थी। 2023 में पात्रता परीक्षा आयोजित हुई, अप्रैल 2025 में चयन परीक्षा हुई और सितंबर 2025 में परिणाम घोषित कर चयन सूची भी जारी कर दी गई।

इसके बावजूद 2026 तक नियुक्ति नहीं मिलना गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। उनका कहना है कि नियमों के अनुसार चयन सूची जारी होने के तीन माह के भीतर नियुक्ति देना अनिवार्य है, लेकिन 8 से 9 महीने बीतने के बाद भी प्रक्रिया अधूरी है।चयनित युवाओं का आरोप है कि उन्होंने कई बार विभागीय अधिकारियों से संपर्क किया, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला। मार्च में चॉइस फिलिंग और अप्रैल में जॉइनिंग शुरू करने की बात कही गई थी, जो अब तक पूरी नहीं हुई।

अभ्यर्थियों का यह भी कहना है कि भर्ती प्रक्रिया पर किसी भी प्रकार का न्यायालयीन स्थगन नहीं है, फिर भी देरी के लिए अलग-अलग कारण बताए जा रहे हैं।हाल ही में सामने आई रिपोर्ट में प्रदेश के स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी उजागर हुई है। हजारों स्कूल ऐसे हैं जहां शिक्षक नहीं हैं या पद खाली पड़े हैं। ऐसे में अभ्यर्थियों का कहना है कि जब शिक्षा व्यवस्था को तत्काल शिक्षकों की जरूरत है, तो नियुक्ति में देरी का कोई औचित्य नहीं है।

अभ्यर्थियों ने स्पष्ट किया है कि 6 मई को किया जाने वाला घेराव शांतिपूर्ण होगा, लेकिन यदि जल्द नियुक्ति नहीं दी गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उनका कहना है कि सरकार जल्द निर्णय लेकर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करे।

### दो दिवसीय कालिदास राष्ट्रीय सम्मेलन में 11जुलाई को

# 400 ज्योतिषाचार्य का महासंगम विश्व परिदृश्य पर होगा मंथन

**भोपाल** । राजधानी भोपाल में 11 और 12 जुलाई को देशभर के ज्योतिषाचार्यों और विद्वानों का बड़ा जमावड़ा होने जा रहा है। ज्योतिष मठ संस्थान के तत्वावधान में आयोजित 'सप्तम कालिदास राष्ट्रीय महर्षि ज्योतिष विज्ञान सम्मेलन' मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद सभागार, नेहरू नगर में आयोजित किया जाएगा। इस दो दिवसीय सम्मेलन में करीब 400 ज्योतिषाचार्य, विषय विशेषज्ञ और शोधार्थी भाग लेकर ज्योतिष के विभिन्न आयामों पर मंथन करेंगे।सम्मेलन के संयोजक ज्योतिषाचार्य पं. विनोद गौतम के अनुसार यह आयोजन ज्योतिष महर्षि पं. अयोध्या प्रसाद गौतम और प्रख्यात पंचांगकार पं. सूर्यकांत चतुर्वेदी की पुण्य स्मृति को समर्पित रहेगा। इस बार सम्मेलन का मुख्य विषय 'वर्तमान विश्व परिदृश्य में ज्योतिष का योगदान' रखा गया है, जिस पर देशभर से आए विद्वान अपने शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे और समकालीन विषयों पर गहन चर्चा करेंगे।सम्मेलन के विभिन्न सत्रों में शोध पत्र वाचन, परिचर्चा और मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे युवा ज्योतिषियों और शोधार्थियों को नई दिशा मिल सके। आयोजन को इस तरह से तैयार किया गया है कि पारंपरिक ज्योतिष ज्ञान को आधुनिक संदर्भों से जोड़ा जा सके और इसके व्यावहारिक पक्षों पर भी विचार किया जा सके।आयोजन का एक विशेष आकर्षण आम नागरिकों के लिए रखा गया खुला सत्र होगा। 11 जुलाई को शाम 5 बजे से आम लोग भी इसमें शामिल होकर देश के ख्याति प्राप्त ज्योतिषाचार्यों से सीधे संवाद कर सकेंगे और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान पा सकेंगे।सम्मेलन में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागियों के लिए पंजीयन प्रक्रिया 1 मई से शुरू हो चुकी है, जो 30 जून तक जारी रहेगी। आयोजकों ने अधिक लोगों से इसमें सहभागिता की अपील की है। इस राष्ट्रीय सम्मेलन के माध्यम से भोपाल एक बार फिर ज्ञान, परंपरा और शोध का महत्वपूर्ण केंद्र बनने की ओर अग्रसर है।



### पारिवारिक भूमि विवाद ने पकड़ा तूल

# फर्जी वसीयत और भू-माफिया गठजोड़ के आरोप



**देवास**

शहर के भोपाल रोड स्थित सीनियर प.ह.नं. 18 की बहुमूल्य कृषि भूमि को लेकर एक पारिवारिक विवाद ने गंभीर रूप ले लिया है। सर्वे नंबर 393, 394 और 395 की कुल 3.811 हेक्टेयर भूमि पर अधिकार को लेकर परिवार के सदस्यों के बीच चल रही खींचतान अब प्रशासन और न्यायालय तक पहुंच चुकी है। परिवार के कुछ सदस्य इस मामले में मंगलवार को कलेक्ट्रेट जनसुनवाई में पहुंचे।

जहां परिवारजनो ने आरोप लगाया कि उनके ही परिजन बाबूलाल ने स्वर्गीय दादी के नाम से फर्जी वसीयत तैयार कराकर पूरी भूमि अपने नाम दर्ज करवा ली, जबकि अन्य सदस्यों के वैधानिक अधिकारों की अनदेखी की गई। मामले में सिविल न्यायालय में दायर अपील (क्रं. 8/2017) में 14 फरवरी 2022 को पारित आदेश में वसीयत को विधिवत प्रमाणित नहीं माना गया है, जिससे विवाद और गहरा गया है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि न्यायालय से भूमि पर यथास्थिति (स्टे) का आदेश मिलने के बावजूद बाबूलाल और उनके सहयोगियों द्वारा लगातार दबाव बनाया जा रहा है। आरोप है कि भूमि पर कब्जा करने और स्वरूप बदलने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि बाबूलाल ने वर्ष 2023 में कुछ बाहरी व्यक्तियों के साथ एक विकास अनुबंध किया, जिसे पीड़ित पक्ष फर्जी और अवैध बता रहा है। उनका दावा है कि इस अनुबंध के जरिए भू-माफिया तत्वों के साथ मिलकर जमीन हड़पने की साजिश रची जा रही है। परिवार के सदस्यों ने यह भी आरोप लगाया है कि उन्हें लगातार धमकाया जा रहा है और भूमि से बेदखल करने की कोशिश की जा रही है।

उन्होंने प्रशासन से सुरक्षा मुहैया कराने और आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड की जांच करने की मांग की है। पीड़ित परिवार ने जिला कलेक्टर से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, फर्जी वसीयत के आधार पर हुए नामांतरण को निरस्त किया जाए और सभी वैध वारिसों के नाम राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज किए जाएं।

जमीन से संबंधित गंगाबाई के सभी वारिसान ने न्याय की गुहार लगाई है। इस दौरान मनोहर लाल, संजय, हेमराज, त्रिलोक, लक्ष्मीबाई, अनिल, लीलाबाई, मनोज, अंजलि, पूजा, सुनील रायकवार, गोरी, सुरेखा आदि परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य विभाग में फायर सेफ्टी अवेयरनेस वीक का हुआ शुभारंभ



**मंदसौर**

जिला चिकित्सालय,मन्दसौर में फायर सेफ्टी अवेयरनेस वीक का शुभारंभ किया गया। यह अभियान 4 मई से 11 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा।

इस वर्ष की थीम सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल एवं अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाज - आग की रोकथाम के लिए एक साथ निर्धारित की गई है। इस अवसर पर अधिष्ठाता मेडिकल कॉलेज डॉ. शशि गांधी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जीएस चौहान तथा सिविल सर्जन डॉ. बीएल रावत के निर्देशन में शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में सभी उपस्थितों ने अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने एवं आवश्यक दिशा-निर्देशों का पालन करने की शपथ ली। यह अभियान सप्ताहभर विभिन्न जागरूकता गतिविधियों के साथ जारी रहेगा।

## अवैध लकड़ी से भरे दो ट्रक, पुलिस ने पकड़े मुखबिर की सूचना पर रात 2 बजे हुई घेराबंदी

**देवास**

जिले की टोंकखुर्द पुलिस ने अवैध लकड़ी तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए लाखों रुपए की लकडियों से भरे दो ट्रकों को जब्त किया है। यह अवैध लकड़ी शाजापुर से इंदौर ले जाई जा रही थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने देर रात घेराबंदी कर ट्रकों को पकड़ा।

कार्रवाई के बाद आगे की जांच के लिए दोनों ट्रकों और चालकों को वन विभाग के सुपुर्द कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के निर्देश पर जिले में अवैध गतिविधियों पर रोकथाम के लिए रात्रि गश्त की जा रही थी। इसी दौरान टोंकखुर्द क्षेत्र में गश्त कर रही टीम को रात करीब 2 बजे मुखबिर से अवैध लकड़ी परिवहन की सूचना मिली।

सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने नायरा पेट्रोल पंप के आगे घेराबंदी कर दोनों संदिग्ध ट्रकों को रोक लिया।

जांच के दौरान दोनों ट्रकों में भारी मात्रा में अवैध लकडियां भरी पाई गईं। जब पुलिस ने चालकों से परिवहन के वैध दस्तावेज और परमिट मांगे, तो वे कोई कागजात पेश नहीं कर सके।

इसके बाद पुलिस ने तत्काल ट्रकों को जब्त कर लिया और वन विभाग को सूचना दी।

मौके पर पहुंचे वन विभाग के डिप्टी रेंजर हेमराज गोखलेकर व अन्य अधिकारियों ने ट्रकों की जांच कर उन्हें अपने कब्जे में ले लिया।

इस कार्रवाई में पकड़े गए ट्रक चालक लवकुश (निवासी भंवरा, सीहोर) और प्रेम मालवीय (निवासी पिपलोदा, शाजापुर) को आगे की वैधानिक कार्रवाई के लिए वन विभाग के सुपुर्द कर दिया गया है।

इस पूरी सफलता में टोंकखुर्द थाना प्रभारी (परिवीक्षाधीन आईपीएस) आलोक कुमार वर्मा, आरक्षक धर्मेंद्र राजपूत, जोजन सिंह राजपूत और एफआरवी-13 टीम की सराहनीय भूमिका रही

## बंगाल में भाजपा की जीत पर पाचुनकर मित्र मंडल का जश्न



**देवास**

श्याम प्रसाद मुखर्जी की जन्मभूमि बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत के उपलक्ष्य में पाचुनकर मित्र मंडल द्वारा भव्य जश्न समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने आतिशबाजी की, झालमुड़ी का आनंद लिया तथा मिठाइयां बांटकर खुशी व्यक्त की। कार्यक्रम में इंदर सिंह ठाकुर, सुरेंद्र कुमार वर्मा, परमानंद द्विवेदी (मुण्टी जी) , मतीन अहमद शेख, मांगीलाल जी विजयवर्गीय, अमित जी तिवारी, प्रदीप जी लाठी, मुन्ना भैया पांडे, अरुण पाटिल, रामसिंह यादव, कृष्णा घोंपते एवं देवराज बिलोरिया सहित अनेक वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने देशवासियों को बंगाल में मिली ऐतिहासिक विजय की शुभकामनाएं देते हुए इसे संगठन की मेहनत और जनसमर्थन का परिणाम बताया।

समारोह पूरे उत्साह और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ।

## घरेलू गैस सिलेण्डरों के मामले में श्री गंगा इण्डेन गैस एजेंसी पर बड़ी कार्रवाई

### 828 गैस सिलेण्डर राजसात



**आगर मालवा**

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रीति यादव द्वारा आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के अंतर्गत घरेलू गैस सिलेण्डरों के मामले में श्री गंगा इण्डेन गैस एजेंसी, आगर के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए 828 घरेलू गैस सिलेण्डरों को शासन पक्ष में राजसात किए जाने के आदेश जारी किए गए हैं।

जारी आदेशानुसार प्रबंधक गंगा इण्डेन गैस एजेंसी, आगर अजय सोनी पिता सत्य नारायण सोनी तथा प्रोपराइटर सीताराम परिहार के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 6(क) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की गई थी।

प्रकरण में न्यायालय कलेक्टर जिला आगर-मालवा द्वारा पारित आदेश के अनुसार जप्त घरेलू इण्डेन गैस सिलेण्डरों में 14.2 किलोग्राम क्षमता के 507 भरे हुए एवं 321 खाली गैस सिलेण्डर, कुल 828 गैस सिलेण्डर शासन हित में राजसात किए गए हैं। यायालय द्वारा जप्तशुदा सामग्री के एवज में अनावेदकों को 22 लाख 83 हजार 984 रुपये की दण्ड राशि जमा करने का विकल्प भी प्रदान किया गया है। आदेशानुसार संबंधित पक्षों को एक माह की अवधि में निर्धारित दण्ड राशि चालान के माध्यम से शासकीय कोष में जमा करना होगी। निर्धारित राशि जमा होने के उपरांत जप्त की गई सामग्री को मुक्त किए जाने के निर्देश भी दिए गए हैं। जप्तशुदा गैस सिलेण्डरों का विधिवत निराकरण जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा किया जाएगा तथा प्राप्त राशि शासन मद में जमा कराई जाएगी।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों ने लिया लाभ

**देवास।** जिले के ग्राम पटलावदा में राजीव गाँधी पंचायती राज संगठन द्वारा अमलतास हॉस्पिटल के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र की सैकड़ों माता-बहनों एवं ग्रामीणों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवास के पूर्व महापौर ठाकुर जय सिंह ने इस जनसेवा पहल की सराहना करते हुए संगठन और अस्पताल टीम को साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि इस तरह के स्वास्थ्य शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के लिए बेहद उपयोगी साबित होते हैं। कार्यक्रम में संगठन के जिला अध्यक्ष मलखान सिंह देवड़ा ने आयोजन की सफलता पर ग्रामवासियों एवं समर्पित स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

### विकास आयुक्त अमृत राज के प्रयासों से मिली वैश्विक पहचान

# पेरिस में बिखरी मध्यप्रदेश के बाग प्रिंट की आभा



**धार।** मध्यप्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक और हस्तशिल्प विरासत बाग प्रिंट ने फ्रांस की राजधानी पेरिस में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी में सफलता के नए आयाम स्थापित किए हैं। प्रदेश की पारंपरिक कलाओं को वैश्विक बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में यह एक प्रभावी कदम है।

इस अंतर्राष्ट्रीय उपलब्धि में विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) अमृत राज के दूरदर्शी नेतृत्व और विशेष प्रयासों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उनके मार्गदर्शन में हस्तशिल्पियों को वैश्विक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से एक सुदृढ़ कार्ययोजना तैयार की गई है, जिससे मध्य प्रदेश की कला को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल रही है। अमृत राज के प्रयासों से ही स्थानीय शिल्पकारों को आधुनिक वैश्विक मांग के अनुरूप तकनीकी सहयोग और विपणन के अवसर प्राप्त हो रहे हैं, जिससे बाग प्रिंट जैसी दुर्लभ कला का पुनरुद्धार हुआ है।

नेशनल अवार्डी शिल्पकार मोहम्मद बिलाल खत्री पेरिस में आयोजित यूरोप के सबसे प्रतिष्ठित मेले फ़ोयर डे पेरिस में बिलाल खत्री बाग प्रिंट का लाइव डेमोंस्ट्रेशन दे रहे हैं। भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय द्वारा इन्हें चयनित किया गया है। उनके द्वारा प्राकृतिक रंगों और लकड़ी के ठप्पों के माध्यम से कपड़े पर उकेरी जा रही कलाकृतियां अंतरराष्ट्रीय दर्शकों और विशेषज्ञों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। मेले के दौरान भारतीय दूतावास की थर्ड सेक्रेटरी सुश्री वर्धा खान और प्रथम सचिव माधव आर. सल्फुले ने भारतीय पवेलियन का अवलोकन किया। उन्होंने बिलाल खत्री के कौशल की सराहना करते हुए स्वयं ब्लॉक प्रिंटिंग का अनुभव लिया। उन्होंने इसे भारतीय संस्कृति का अनमोल हिस्सा बताते हुए मध्यप्रदेश के शिल्पकारों के समर्पण की प्रशंसा की।

## 26वीं जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता 10 मई से

**देवास।** जिला तैराकी संघ द्वारा 26वीं जिला स्तरीय ओपन तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन 10 मई, रविवार को प्रातः 11 बजे कुशाभाऊ ठाकरे खेल परिसर स्थित वीर सावरकर तरण पुष्कर में किया जाएगा। प्रतियोगिता को लेकर जिले के तैराकों में उत्साह का माहौल है। संघ सचिव ओ.पी. जगावत ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक सभी खिलाडियों को 9 मई 2026 तक अनिवार्य रूप से अपना पंजीयन कराना होगा। निर्धारित तिथि के बाद किसी भी प्रकार की एंट्री स्वीकार नहीं की जाएगी।

## आधार अपडेट के लिए अभियान 9 मई से

**देवास।** आम नागरिकों की सुविधा के लिए 9 मई 2026 (शनिवार) को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक जिला देवास के छह डाकघरों में आधार नामांकन एवं अपडेट हेतू विशेष अभियान आयोजित किया जाएगा।

### जल गंगा संवर्धन अभियान

## ग्रामीण नलजल योजनाओं के संचालन-संधारण हेतु पम्प ऑपरेटरों का प्रशिक्षण संपन्न



**नीमच**

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नीमच श्री अमन वैष्णव के निर्देशन में जनपद स्तर पर ग्रामीण नलजल योजनाओं के संचालन संधारण हेतु पम्प ऑपरेटरों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण का आयोजनःइसी क्रम में सोमवार को विकासखण्ड नीमच की ग्रामीण नलजल योजनाओं के पम्प ऑपरेटरों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**उपस्थित अधिकारी व प्रशिक्षक**- प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नीमच एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सहायक यंत्री, उपयंत्री व हैण्डपम्प तकनीकीशियन उपस्थित थे।

**प्रशिक्षण के प्रमुख बिंदु**- विकासखण्ड नीमच की समस्त नलजल योजनाओं के सरपंच, सचिव एवं पम्प ऑपरेटरों को विभिन्न बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया गया-

**संचालन-संधारण**- नलजल योजनाओं के सुचारू संचालन व रख-रखाव संबंधी मार्गदर्शन दिया।

**तकनीकी सुधार**- योजना के अवयवों से संबंधित तकनीकी खराबी दुरुस्त कर गुणवत्तायुक्त पेयजल प्रदाय सुनिश्चित करने।

**जल कर वसूली**- नियमित रूप से जल कर राशि की वसूली करने की प्रक्रिया के बारे में बताया गया।

**प्रशिक्षण सामग्री वितरण**- प्रशिक्षण सामग्री के रूप में भारत सरकार के जल जीवन मिशन के तहत योजनाओं के रख-रखाव संबंधी मार्गदर्शिका, मध्यप्रदेश राजपत्र, निर्धारित जल कर राशि वसूली रसीद नमूना इत्यादि प्रदाय किए गए। प्रशिक्षण में निर्देश दिए, कि सभी पम्प ऑपरेटर प्रशिक्षण का लाभ लेकर ग्रामों में निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करें।

## उपचार के दौरान महिला की मौत, शराबी पति पीटता था



**देवास।** एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। महिला ने पति की शराब पीने की आदत से परेशान होकर करीब चार-पांच दिन पहले जहर खा लिया था। पहले उसका इलाज खरगोन में चला, जिसके बाद हालत बिगडने पर उसे देवास रेफर किया गया था। सोमवार देर रात महिला ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, घटना खरगोन जिले के अंबाडूचर गांव की है। यहां की रहने वाली मीना बाई (पति राजमल) ने 30 अप्रैल को अपने घर पर जहर का सेवन कर लिया था। हालत बिगडने पर परिजनों ने उसे तुरंत खरगोन के अस्पताल पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर 3 मई को उसे देवास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## देवास में संपन्न हुई मालवांचल अनहद लोक कला यात्रा

**देवास।** मालवा की पारंपरिक और निर्गुण लोक गायकी के संरक्षण के उद्देश्य से 'मालवांचल अनहद लोक कला यात्रा' का दो दिवसीय आयोजन उज्जैन से शुरू होकर देवास में संपन्न हुआ। यात्रा का शुभारंभ उज्जैन के वृंदावन पुरा स्थित संत रविदास गुरुद्वारा में हुआ। शुभारंभ कार्यक्रम में मुकेश मालवीया एवं साथी खरगोन, मधुसूदन परमार एवं साथी देवास, संतोष चकरावदीया एवं साथी उज्जैन तथा कुमारी स्नेहा गेहलोद एवं साथी उज्जैन ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। यात्रा का समापन समारोह देवास के विक्रम सभा एवं कला भवन, जवाहर चौक में आयोजित किया गया।

### राष्ट्रीय राजमार्ग के महत्वपूर्ण स्थानों पर साइनेज लगाना सुनिश्चित करें : कलेक्टर

## लंबित सड़क निर्माण कार्यों पर लगेगी पेनल्टी, समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश



**मंदसौर**

कलेक्टर अदिती गर्ग की अध्यक्षता में सड़क निर्माण से जुड़े विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक सुशासन भवन स्थित सभागृह में आयोजित की गई। बैठक में जिले में चल रहे सड़क निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर गर्ग ने हृ्रद्ब के अधिकारियों को निर्देशित किया कि राष्ट्रीय राजमार्ग के महत्वपूर्ण स्थानों पर अनिवार्य रूप से साइनेज लगाए जाएं। विशेष रूप से इंटरचेंज, रोड मर्जिंग पॉइंट एवं प्रमुख चौराहों पर स्पष्ट संकेतक लगाए जाएं, ताकि यातायात सुगम एवं सुरक्षित रह सके। साथ ही कनेक्टिविटी का सत्यापन कर क्रॉस रोड विकसित करने तथा सभी स्थानों पर स्मूथ इंटरसेक्शन बनाने के निर्देश दिए, जिनका ढलान अधिक न हो। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्य निर्धारित मापदंडों के अनुरूप ही किए जाएं तथा गुणवत्ता में किसी प्रकार का समझौता न किया जाए। रोड इंजीनियरिंग एवं डिजाइन में बिना अनुमति परिवर्तन न करने के निर्देश भी दिए गए। जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठकों में संबंधित अधिकारियों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा गया। कलेक्टर ने हृ्रद्ब को निर्देश दिए कि एंबुलेंस मूवमेंट को बेहतर बनाने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि मरीजों को समय पर सेवा उपलब्ध हो तथा एंबुलेंस निर्धारित समय में वापसी भी सुनिश्चित करे। साथ ही एंबुलेंस के साथ आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। अंडरपास में जलभराव की समस्या को गंभीरता से लेते हुए कहा कि वहां ड्रेनेज पाइपलाइन डालने के निर्देश दिए, ताकि वर्षा के समय यातायात बाधित न हो। बैठक में पीडब्ल्यूडी, पीएमजीएसवाई एवं एमपीआरडीसी विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सब-डिवीजन स्तर पर प्रत्येक सड़क की प्रगति की जानकारी ली। वर्ष 2023-24 से लंबित कार्यों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि ऐसे कार्यों पर पेनल्टी लगाई जाए तथा जिम्मेदार एजेंसियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जो कार्य लंबे समय से विलंबित हैं, उनके लिए कारण बताओ नोटिस जारी किए जाएं तथा सभी निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किए जाएं। इसके अतिरिक्त सिपरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से स्थल चिन्हित कर लोक कल्याण सरोवर निर्माण कराने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री यादव कल बुरहानपुर जिले के प्रवास पर रहेंगे

*विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल*

**बुरहानपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का 6 मई को बुरहानपुर जिले के प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रातः 10.15 बजे बुरहानपुर रेणुका मण्डी हेलीपेड पहुंचेंगे। वे एमआईसी सभागृह में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत उद्योगपतियों से संवाद करेंगे।

इसके पश्चात मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुरहानपुर सांसद के गृह ग्राम बोहरड़ा जाएंगे। मुख्यमंत्री जी के बुरहानपुर आगमन को लेकर जिले में व्यापक तैयारियां जारी हैं।

जिला कलेक्टर हर्ष सिंह और स्थानीय विधायक अर्चना चिटनिस ने आज कार्यक्रम स्थल एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### जिला पंचायत सीईओ, एडीएम व डीएफओ भी साथ रवाना

## हरी झंडी दिखाकर रात्रि चौपाल के लिए रवाना हुआ अधिकारियों का दल



**नीमच**

ग्राम टामोटी में लगेगी रात्रि चौपाल, मौके पर होगा समस्याओं का निराकरण ग्रामीण क्षेत्रों में जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण एवं शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित रात्रि चौपाल हेतु मंगलवार को कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने कलेक्ट्रेट परिसर नीमच से अधिकारियों के वाहन को हरी झंडी दिखाकर ग्राम टामोटी के लिए रवाना किया। अधिकारियों का दल रवानाः कलेक्टर हिमांशु चंद्रा स्वयं जिला पंचायत सीईओ अमन वैष्णव अपर कलेक्टर बीएस कलेश एवं वन मंडल अधिकारी एसके ऑटोदे के साथ इसी यात्री वाहन से जिलाधिकारियों के दल के साथ रात्रि चौपाल के लिए रवाना हुए। रात्रि चौपाल का उद्देश्यः ग्राम टामोटी में आयोजित रात्रि चौपाल में विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनेंगे तथा मौके पर ही निराकरण की कार्रवाई करेंगे। साथ ही शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं, कि रात्रि चौपाल में प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

## फटाफट खबरें

### ओझा ने पहले ममता को दी बधाई फिर....

**नई दिल्ली,(ईएमएस)।** मशहूर शिक्षक और राजनीति में अपनी संक्षिप्त पारी खेल चुके अवध ओझा अक्सर अपने बेबाक अंदाज के लिए चर्चा में रहते हैं, लेकिन पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजों ने उन्हें अपनी राय बदलने पर मजबूर कर दिया। चुनाव परिणामों की घोषणा से पहले ममता बनर्जी की जीत को लेकर पूरी तरह आश्वस्त नजर आ रहे ओझा को महज 24 घंटे के भीतर अपने बयान पर 'यू-टर्न' लेना पड़ा। उनकी यह जल्दबाजी अब सोशल मीडिया से लेकर राजनीतिक गलियारों तक चर्चा का विषय बनी हुई है। दरअसल, मतदान के बाद और नतीजों से ठीक पहले अवध ओझा ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए ममता बनर्जी को जीत की अग्रिम बधाई दे दी थी। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा था कि 'ममता दीदी को बंगाल विजय की अग्रिम बधाई, मोदी जी को दीदी की कीमत पता है।' हालांकि, जब सोमवार को परिणाम सामने आए, तो स्थिति इसके बिल्कुल विपरीत रही।

### बीजिंग पर दबाव बना रहा अमेरिका

**वाशिंगटन(ईएमएस)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन की अपनी आगामी महत्वपूर्ण यात्रा से पहले आयात शुल्क (टैरिफ) को लेकर अपना रुख कड़ा कर लिया है। व्हाइट हाउस में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि सस्ते विदेशी आयात ने घरेलू अमेरिकी कंपनियों को भारी नुकसान पहुंचाया है और उनकी सरकार की टैरिफ नीतियां इस स्थिति को बदलने के लिए प्रभावी साबित हो रही हैं। इस महीने के अंत में चीन के दौरे पर जाने वाले ट्रंप वहां राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात करेंगे, लेकिन उससे पहले उनके कड़े तेवरों ने वैश्विक व्यापार जगत में हलचल मचा दी है।

### ईरानी ने अमेरिकी युद्धपोतों पर दागे 'वार्निंग शॉट्स'

**तेहरान,(ईएमएस)।** अमेरिका और ईरान के बीच जारी शांति वार्ता और अस्थायी युद्धविराम के दावों के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य एक बार फिर बारूद की गंध से भर गया है। सोमवार देर शाम ईरानी नौसेना ने सामरिक रूप से बेहद संवेदनशील इस जलमार्ग से गुजर रहे अमेरिकी नौसैनिक जहाजों के खिलाफ आक्रामक कार्रवाई करते हुए 'वार्निंग फायर' किए। इस घटना ने पश्चिम एशिया में सैन्य संघर्ष की आहट को एक बार फिर तेज कर दिया है। ईरानी सरकारी मीडिया के अनुसार, ओमान की खाड़ी में अमेरिकी नौसैनिक जहाजों की संदिग्ध आवाजाही देखी गई थी। ईरान का गंभीर आरोप है कि अमेरिकी युद्धपोतों ने होर्मुज जैसे संवेदनशील क्षेत्र में प्रवेश करने से पहले जानबूझकर अपने राडार सिस्टम और पहचान प्रणालियों को बंद कर दिया था।

तमिलनाडु से मुरुगन और केरल से कुरियन चुनाव हार गए

### दक्षिण में दो केंद्रीय मंत्रियों को लगा झटका

**नई दिल्ली(ईएमएस)।** पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणामों ने देश की राजनीतिक दिशा में बड़े उलटफेर के संकेत दिए हैं। भाजपा के लिए यह परिणाम मिले-जुले रहे हैं। जहां एक ओर पार्टी ने पश्चिम बंगाल में पहली बार ऐतिहासिक जीत दर्ज कर सरकार बनाने की राह साफ की है और असम में अपनी सत्ता बरकरार रखी है, वहीं दक्षिण भारत से उसे बड़े झटके लगे हैं। विशेष रूप से मध्य प्रदेश कोटे से राज्यसभा सांसद और केंद्र सरकार में मंत्री एल. मुरुगन और जॉर्ज कुरियन को अपनी सीटों पर करारी हार का सामना करना पड़ा है। भाजपा के लिए सबसे बड़ा झटका मध्य प्रदेश कोटे से राज्यसभा सांसद एल. मुरुगन की हार रही। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री मुरुगन तमिलनाडु की अविनाशी सीट से मैदान में थे।

### जापोरिजिया परमाणु संयंत्र की रेडिएशन लैब पर ड्रोन हमला

**मॉस्को(ईएमएस)।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध अब एक ऐसे आत्मघाती मोड़ पर पहुंच गया है, जिसने पूरी मानवता के लिए 'न्यूक्लियर लीक' का खतरा पैदा कर दिया है। यूरोप के सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्र, 'जापोरिजिया' की रेडिएशन निगरानी प्रयोगशाला पर हुए ताजा ड्रोन हमले ने वैश्विक स्तर पर हड़कंप मचा दिया है। रूस ने सीधे तौर पर यूक्रेनी सेना पर आरोप लगाया है कि उसने जानबूझकर उस संवेदनशील इकाई को निशाना बनाया है, जो संयंत्र के आसपास विकिरण के स्तर पर नजर रखती है।

# राजा भैया बोले- मिट गये सनातन को मिटाने का सपना देखने वाले ?



**नई दिल्ली,(ईएमएस)।** तमिलनाडु के इन परिणामों का असर उत्तर प्रदेश की राजनीति में भी साफ देखा जा रहा है। यूपी के प्रतापगढ़ की कुंडा सीट से विधायक और जनसत्ता दल (लोकतांत्रिक) के प्रमुख रघुराज प्रताप सिंह उर्फ 'राजा भैया' ने इन नतीजों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। राजा भैया ने डीएमके प्रमुख एम.के. स्टालिन और उनके बेटे उदयनिधि स्टालिन की हार को सीधे तौर पर 'सनातन धर्म' के अपमान से जोड़ते हुए इसे जनता का करारा जवाब बताया है। राजा भैया ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा, 'मिट गये सनातन को मिटाने का सपना देखने वाले।' अपनी बात को वजन देने के लिए उन्होंने अपना 3 सितंबर 2023 का वह पुराना ट्वीट भी रिट्वीट किया, जिसमें उन्होंने उदयनिधि स्टालिन के उस विवादित बयान का कड़ा विरोध किया था, जिसमें सनातन धर्म की तुलना घातक बीमारियों से की गई थी।

### एक वोट से जीत हासिल करने वाले सीनिवास जमकर हो रहे वायरल

**नागार्जुन(ईएमएस)।** तमिलनाडु विधानसभा चुनाव 2026 के परिणामों ने न केवल राज्य की सत्ता बदली है, बल्कि लोकतंत्र की उस ताकत को भी जीवंत कर दिया है जहां एक अकेला वोट भी हार-जीत का फैसला कर सकता है। तिरुप्पत्तूर सीट पर हुए कांटे के मुकाबले में डीएमके सरकार के सहकारिता मंत्री के.आर. पेरियाकरुप्पन को मात्र 1 वोट के अंतर से पराजय का सामना करना पड़ा। टीवीके उम्मीदवार सीनिवास सेतुपति आर ने इस रोमांचक मुकाबले में जीत हासिल कर सबको चौंका दिया। अब वे सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं और उनकी जमकर चर्चा हो रही है। अंतिम मतगणना के बाद सेतुपति को कुल 83,375 वोट मिले।

# आर्थिक रिश्तों में नई रफ्तार को जयशंकर ने दी प्राथमिकता

## भारत-जमैका संबंधों में नए अध्याय की शुरुआत

**किंग्स्टन(ईएमएस)।** भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने नौ दिवसीय कैरेबियाई दौरे के पहले चरण में जमैका की राजधानी किंग्स्टन पहुँचकर द्विपक्षीय संबंधों को एक नई दिशा प्रदान की है। इस उच्चस्तरीय यात्रा के दौरान जमैका के अलावा सूरीनाम और त्रिनिदाद व टोबैगो भी शामिल हैं, जो कैरेबियाई देशों के साथ भारत के बढ़ते रणनीतिक और सांस्कृतिक जुड़ाव को दर्शाता है। किंग्स्टन में विदेश मंत्री जयशंकर ने जमैका की विदेश मंत्री कामिना जॉनसन स्मिथ और कैबिनेट के वरिष्ठ सहयोगियों के साथ एक व्यापक समीक्षा बैठक की।

इस दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, डिजिटल सहयोग, पर्यटन और बुनियादी ढांचे जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर विस्तृत चर्चा हुई। जयशंकर ने स्पष्ट किया कि भारत और जमैका



के बीच यह साझेदारी आने वाले समय में और अधिक मजबूत और प्रभावी होगी। आर्थिक सहयोग को प्राथमिकता देते हुए उन्होंने व्यापारिक नेताओं से भी मुलाकात की और बदलते वैश्विक परिदृश्य में विश्वसनीय व्यापारिक साझेदारी की आवश्यकता पर बल दिया।

### जमैका को 10 'भीष्म क्यूब' भेंट किए

यात्रा का एक महत्वपूर्ण पहलू जमैका के प्रधानमंत्री एंड्रयू होलनेस के साथ हुई मुलाकात रही, जिसमें राजनीतिक और आर्थिक संबंधों को और अधिक सक्रिय बनाने पर सहमति बनी। इस अवसर पर भारत ने मानवीय सहायता और तकनीकी नवाचार के क्षेत्र में अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए जमैका को 10 'भीष्म क्यूब' भेंट किए। यह स्वदेशी तकनीक से निर्मित मोबाइल अस्पताल प्रणाली है, जो आपदा या आपात स्थिति में कम समय में चिकित्सा सहायता प्रदान करने में सक्षम है। सांस्कृतिक और खेल संबंधों को रेखांकित करते हुए जयशंकर ने ऐतिहासिक सबिना पार्क स्टेडियम को एक नया स्कोरबोर्ड भी समर्पित किया। क्रिकेट के प्रति दोनों देशों के साझा प्रेम का जिक्र करते हुए उन्होंने क्रिस गेल और कोर्टनी वॉल्श जैसे महान खिलाड़ियों को याद किया।

## तमिलनाडु में विजय ने सरकार बनाने का दावा किया पेश.....

# कौन बनेगा किंग मेकर

» 'तमिलगा वेत्री कड़गम' (टीवीके) ने 108 सीट जीत कर डीएमके और एआईडीएमके को किया चित्त

**तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के नतीजों ने दक्षिण भारत की सियासत में एक नए युग का सूत्रपात कर दिया है। अभिनेता से नेता बने विजय और उनकी पार्टी 'तमिलगा वेत्री कड़गम' (टीवीके) ने धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। हालांकि, पार्टी बहुमत के जादुई आंकड़े से कुछ सीटें दूर रह गई है, जिसके चलते राज्य में गठबंधन की सरकार को लेकर कयासों का बाजार गर्म हो गया है। बहरहाल सबसे बड़ा सवाल- आगामी सरकार का किंगमेकर कौन....?**

**चेन्नई,(ईएमएस)।** तमिलनाडु में किसकी सरकार होगी? क्या एक्टर विजय ही सीएम बनेंगे? आखिर थलापति विजय की पार्टी टीवीके कैसे सरकार बना पाएगी? टीवीके को कौन सपोर्ट देगा? क्या नया गठबंधन बनेगा? क्या कोई नया समीकरण तमिलनाडु को सरकार देगा? ये सभी सवाल उठ रहे हैं। इन तमाम सवालों और अटकलों के बीच टीवीके के विजय ने राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर को पत्र लिखकर सरकार बनाने के लिए आमंत्रण मांगा है। अभिनेता से नेता बने एक्टर विजय की तमिलगा वेत्री कड़गम (टीवीके) ने तमिलनाडु विधानसभा चुनाव रिजल्ट में जीत दर्ज कर सबको चौंका दिया है। डीएमके और एआईडीएमके ने कभी सोचा भी नहीं था। तमिलनाडु चुनाव परिणाम में टीवीके सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी।



टीवीके ने डीएमके और एआईडीएमके को चारों खाने चित्त कर दिया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक तमिलनाडु विधानसभा चुनाव रिजल्ट में टीवीके को 108 सीटें मिली हैं। यह अपने आप में चौंकाने वाला परिणाम है। 108 सीटें जीतने के बावजूद टीवीके बहुमत के आंकड़े से दूर है। बहुमत का आंकड़ा 118 है। सबसे बड़ा सवाल कि क्या टीवीके, एआईएडीएमके के साथ मिलकर सरकार बनाएगी।

सत्तारूढ़ पार्टी डीएमके 59 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि एआईएडीएमके को सिर्फ 47 सीटें मिली हैं। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि क्या एआईएडीएमके, विजय के साथ मिलकर तमिलनाडु में डीएमके को सत्ता से बाहर रखेगी। रिपोर्ट के मुताबिक एक और संभावना यह भी जताई जा रही है कि टीवीके, कांग्रेस और निर्दलीय विधायकों के साथ मिलकर सरकार बना सकती है। कांग्रेस पहले ही 'जन नायकन' विजय को समर्थन का संकेत दे चुकी है और राहुल गांधी ने भी टीवीके के शानदार प्रदर्शन के बाद विजय से बात की थी।

**विजय ने राज्यपाल को लिखा पत्र...**

सभी अटकलों के बीच टीवीके के विजय ने राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर को पत्र लिखकर सरकार बनाने के लिए आमंत्रण मांगा है। विजय ने सरकार बनाने का दावा पेश किया है और राज्यपाल से शपथ ग्रहण के लिए बुलाने की अपील की है। पत्र में विजय ने कहा है कि पार्टी दो हफ्ते के अंदर बहुमत साबित कर देगी। मंगलवार को विजय के टीवीके कार्यालय में विजयी उम्मीदवारों से मिल सकते हैं। तमिलनाडु के अनिश्चित भविष्य के बीच एक बात साफ है कि विजय की टीवीके ने अपने पहले ही चुनाव में डीएमके बनाम एआईएडीएमके की पारंपरिक राजनीति को बदल दिया है।

### बंगाल विजय के बाद कालीबाड़ी मंदिर पहुंचे भाजपा अध्यक्ष

**नई दिल्ली,(ईएमएस)।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में मिली बड़ी जीत के बाद भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन मंगलवार सुबह चितरंजन पार्क कालीबाड़ी मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मां काली का आशीर्वाद लिया। यहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। राजधानी के चितरंजन पार्क, जिसे 'मिनी बंगाल' के नाम से जाना जाता है, में उनके आगमन पर स्थानीय निवासियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। शंखध्वनि और पारंपरिक रीति-रिवाजों के बीच मंदिर परिसर में उनका अभिनंदन किया गया और उन्हें गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी कालीबाड़ी मंदिर पहुंचीं। उनके साथ सांसद बांसुरी स्वराज, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और ग्रेटर कैलाश से विधायक शिखा राय भी मौजूद रहीं। सभी नेताओं ने मंदिर परिसर स्थित भगवान शिव और राधा-कृष्ण मंदिर में भी दर्शन-पूजन किया। मंदिर दर्शन के बाद मीडिया से बातचीत में नितिन नवीन ने कहा कि पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा को जनता का व्यापक समर्थन मिला है। उन्होंने इस जीत को जनता का आशीर्वाद बताते हुए कहा कि पार्टी भारतीय संस्कृति और परंपराओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए उन्हें राष्ट्रनायक और राष्ट्रसेवक बताया।

## केरलम विधानसभा चुनाव.....

# कांग्रेस ने एलडीएफ को हरा कर किया 'लेफ्ट मुक्त भारत'

**तिरुवनंतपुरम,(ईएमएस)।** केरलम में चुनाव परिणाम आ चुके हैं। दक्षिणी राज्य में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ मोर्चे की लहर स्पष्ट दिखाई देने लगी है। सीपीएम के नेतृत्व वाले एलडीएफ ने केरलम को खो दिया, जो देश का एकमात्र वामपंथी राज्य था, जिससे वाम मुक्त भारत का संकेत मिला और दिलचस्प बात यह है कि यह जीत कांग्रेस की बदौलत मिली, न कि दक्षिणपंथी बीजेपी की। दशकों से केरलम राज्य की राजनीतिक गतिविधियां राजस्थान और हिमाचल प्रदेश की तरह ही चल रही यानी हर 5 साल में एक नई सरकार का गठन होता था।

हालांकि, 2021 के चुनावों में निवर्तमान सीएम पिनारयी विजयन के नेतृत्व में यूडीएफ को दूसरा कार्यकाल मिला था। इससे कांग्रेस और उसके सहयोगियों को एलडीएफ के खिलाफ सत्ता-विरोधी लहर के और 5 साल मिल गए, जिसका उन्होंने भरपूर फायदा उठाया। पिछले 5 सालों में पिनारयी विजयन की लोकप्रियता भी काफी कम हुई, जिन्हें कई लोग केरलम में वामपंथ को पुनर्जीवित करने का श्रेय देते हैं। सोलर घोटाला, भ्रष्टाचार और मलयाली प्राइड को बचाने के लिए पर्याप्त प्रयास न करने जैसे आरोपों ने उन्हें बदनाम कर दिया।

कांग्रेस ने एकजुट होकर चुनाव लड़ा। हरियाणा और राजस्थान जैसे राज्यों में आंतरिक कलह और गुटबाजी के कारण हार झेलने के बाद पार्टी उच्च कमान इस राज्य में भी इस समस्या से अवगत थी। इसलिए राहुल गांधी ने फैसला किया कि पार्टी सामूहिक नेतृत्व में चुनाव लड़ेगी और चुनाव से पहले किसी भी सीएम पद के उम्मीदवार की घोषणा नहीं की जाएगी।

# यूपी में अंधड़: बिजली गिरने से 23 की मौत

## राज्य के 21 जिलों में अलर्ट जारी



**नई दिल्ली,(ईएमएस)।** उत्तर प्रदेश में सोमवार को मौसम के बदले मिजाज ने भारी तबाही मचाई है। राज्य के विभिन्न हिस्सों में अचानक आई तेज आंधी, मूसलाधार बारिश और बिजली गिरने की घटनाओं में कम से कम 23 लोगों की जान चली गई। भीषण गर्मी से राहत की उम्मीद लेकर आया यह मौसम कई परिवारों के लिए मातम का सबब बन गया। सबसे ज्यादा जनहानि बिजली गिरने के कारण हुई है, जिसकी चपेट में मुख्य रूप से खेतों में काम कर रहे किसान और खुले में फंसे लोग आए। तेज हवाओं के कारण पेड़ उखड़ने और दीवारें गिरने से भी कई बड़े हादसे हुए।

### कई जिलों में रात जैसा अंधेरा छा गया

*अयोध्या समेत अवध क्षेत्र में 7 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। गोंडा जिले में पेड़ गिरने, बिजली के खंभे टूटने और खराब मौसम के चलते वाहन पलटने से चार लोगों की जान गई। बलरामपुर में पेड़ गिरने से 1 रिक्शा चालक की मौत हो गई, जबकि बहराइच और अंबेडकर नगर में दो युवकों ने बिजली गिरने के कारण दम तोड़ दिया। सोमवार सुबह मौसम में आए इस अचानक बदलाव का असर ऐसा था कि सुबह साढ़े 8 बजे ही कई जिलों में रात जैसा अंधेरा छा गया। बारिश की बात करें तो संभल में सर्वाधिक 130 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई, जबकि कासगंज में 97 मिमी पानी गिरा। इसके अलावा बरेली, बाराबंकी, मुरादाबाद और गोरखपुर में भी भारी बारिश हुई।*

### मलयालम फिल्म एक्टर संतोष की सड़क दुर्घटना में मौत

**मुंबई,(ईएमएस)।** मलयालम फिल्म और टेलीविजन जगत के लोकप्रिय अभिनेता संतोष के नायर की केरल के अदूर में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वहीं इस घटना में



उनकी पत्नी राजलक्ष्मी भी गंभीर रूप से घायल हुई हैं उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना मंगलवार सुबह करीब 6:30 बजे अदूर एनाथ के पास एमसी रोड पर पुदुस्सेरी इलाके में हुई। संतोष नायर अपनी पत्नी राजलक्ष्मी के साथ इनोवा कार में यात्रा कर रहे थे। अचानक कार अनियंत्रित हो गई और सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के तुरंत बाद लोगों की मदद से संतोष को अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।



यूक्रेन के खारकीव में एक कार पर रुसी मिसाइल गिरने से मारे गये अपने संबंधियों की लाशों को देखकर रोते-बिलखते हुए लोग। -फोटो-ईएमएस

# फिर लगी राष्ट्रपति ट्रंप की सुरक्षा में सेंध व्हाइट हाउस के बाहर चली गोलियां

**वॉशिंगटन,(ईएमएस)।** अमेरिकी राष्ट्रपति के निवास 'व्हाइट हाउस' के पास उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब सीक्रेट सर्विस के एक अधिकारी ने फायरिंग की। यह घटना तब हुई जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप व्हाइट हाउस के भीतर एक बिजनेस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। सुरक्षा अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि राष्ट्रपति पूरी तरह सुरक्षित हैं और उनकी सुरक्षा में कोई सेंध नहीं लगी है। सीक्रेट सर्विस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, व्हाइट हाउस परिसर के बाहरी इलाके में एक संदिग्ध के साथ हुई मुठभेड़ के दौरान अधिकारी को अपने हथियार का इस्तेमाल करना पड़ा। हालांकि, घटना किन परिस्थितियों में हुई और अधिकारी को गोली क्यों चलानी पड़ी, इसकी विस्तृत जानकारी अभी सार्वजनिक नहीं की गई है। अधिकारियों ने यह भी साफ नहीं किया है कि जिस व्यक्ति को गोली लगी, उसकी पहचान क्या है या उसकी वर्तमान स्थिति कैसी है।



जांच का मुख्य विषय यह है कि क्या वह व्यक्ति सीधे तौर पर राष्ट्रपति या व्हाइट हाउस के लिए कोई खतरा था। जिस समय बाहर गोली चली, राष्ट्रपति ट्रंप भवन के अंदर महत्वपूर्ण चर्चा में व्यस्त थे। घटना के तुरंत बाद सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत पूरे इलाके को घेर लिया गया और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। साक्ष्य जुटाने और जांच प्रक्रिया पूरी करने के लिए आसपास की कई सड़कों को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया।

## सुरक्षा पर सवाल, राष्ट्रपति ने दिए जांच के आदेश

# चीन की पटाखा फैक्ट्री में धमाका, 21 की मौत, 61 घायल

**लियुयांग(ईएमएस)।** चीन के हुनान प्रांत स्थित लियुयांग शहर में सोमवार को दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया है। यहाँ की एक प्रमुख पटाखा फैक्ट्री में हुए जोरदार धमाके में 21 लोगों की जान चली गई है, जबकि 61 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। यह हादसा शाम करीब 5 बजे गुआंडू टाउनशिप में स्थित 'लियुयांग हुआशेंग फायरवर्क्स मैन्युफैक्चरिंग एंड डिस्प्ले कोऑपरेशंस' नाम की फैक्ट्री में हुआ। धमाका इतना शक्तिशाली था कि इसकी गूंज से आसपास के कई गांव दहल गए।

विस्फोट की जानकारी मिलते ही स्थानीय प्रशासन और फायर ब्रिगेड की टीमें सक्रिय हो गईं। मौके पर करीब 500



बचावकर्मियों को तैनात किया गया है, जो मलबे में फंसे लोगों को निकालने और आग पर काबू पाने की कोशिशों में जुटे हैं। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहाँ डॉक्टरों की विशेष टीम उनका इलाज कर रही है। एहतियात के तौर पर अधिकारियों ने फैक्ट्री के 3 किलोमीटर के दायरे को पूरी तरह खाली करा लिया है, क्योंकि फैक्ट्री परिसर में स्थित दो अन्य गोदामों में भारी मात्रा में बारूद अब भी मौजूद है, जिससे दोबारा धमाके का खतरा बना हुआ है।

### » सफेद धुएं का विशाल गुबार उठता देखा गया

चश्मदीदों और सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के अनुसार, धमाके के बाद फैक्ट्री से सफेद धुएं का विशाल गुबार उठता देखा गया। इस विस्फोट की तीव्रता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आसपास के गांवों में घरों की खिड़कियां और दरवाजे टूट गए, और सड़कों पर बड़े पत्थर व मलबा फैल गया। डर के मारे कई ग्रामीणों ने अपने घर छोड़ दिए हैं। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने इस घटना पर कड़ा रुख अपनाते हुए तत्काल और गहन जांच के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि लापता लोगों की तलाश में कोई कमी न छोड़ी जाए और घायलों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाए। राष्ट्रपति ने उद्योगों में सुरक्षा मानकों की समीक्षा करने और जोखिम नियंत्रण को और अधिक पुख्ता करने की आवश्यकता पर बल दिया है। आपातकालीन प्रबंधन मंत्रालय की एक विशेषज्ञ टीम मौके पर पहुंचकर बचाव कार्य की निगरानी कर रही है। राहत कार्य में इंसानों की मदद के लिए तीन अत्याधुनिक रोबोट भी लगाए गए हैं। इस बीच, पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फैक्ट्री के वरिष्ठ अधिकारियों को हिरासत में ले लिया है।

# बिकिनी में फ़ातिमा का स्टाइलिश लुक



बॉलीवुड की फ़ेमस अभिनेत्री फ़ातिमा सना शेख, जो दंगल गर्ल के नाम से जानी जाती हैं, एक बार फिर से अपनी अदाओं को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपने वेकेशन की कुछ एक्सक्लूसिव तस्वीरें साझा की हैं, जो देखते ही देखते वायरल हो गई हैं। इन तस्वीरों में फ़ातिमा का बेबाक और ग्लैमरस अंदाज़ उनके फ़ैंस के होश उड़ा रहा है। इन तस्वीरों में फ़ातिमा बिकिनी पहनें समंदर की लहरों में समय व्यतीत करती हुई नज़र आ रही हैं। इसी के साथ उनके खुले बाल और उनकी मुस्कान उनकी खूबसूरती को चार चाँद लगा रही है। एक तस्वीर में वह बीच पर रेत के पास पोज़ दे रही हैं, तो वहीं दूसरी तस्वीर में वह कायकिंग का लुत्फ़ उठाती देखी जा सकती हैं। फ़ातिमा अपनी फिटनेस और एडवेंचर के प्रति प्रेम के लिए जानी जाती हैं। गोवा की शांत झीलों में कायकिंग करते हुए उनकी एक फ़ोटो फ़ैंस को काफ़ी पसंद आ रही है। इसी के साथ उन्होंने अपनी फ़ोटो के नीचे कैप्शन में लिखा है कि उन्हें खुश करना बहुत आसान है, बस उन्हें पहाड़ों और बीच पर ले जाओ। उनके इस हॉट अंदाज़ को देखते हुए एक फ़ैन ने कमेंट किया है कि आप इतने क्यूट कैसे हो? इन फ़ोटोज़ में फ़ातिमा बेहद फ़्रेश नज़र आ रही हैं। उनका ये अवतार पूरा कूल लुक दे रहा है, और सोशल मीडिया पर उनकी इन तस्वीरों ने धमाल मचा दिया है।

# राइमा सेन की फिल्म फूल पिशि ओ एडवर्ड 29 को होगी रिलीज

अपनी आगामी बंगाली ड्रामा-मिस्ट्री फिल्म फूल पिशि ओ एडवर्ड की रिलीज के लिए अभिनेत्री राइमा सेन पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम के जरिए निर्देशक जोड़ी नंदिता रॉय और शिबोप्रसाद मुखर्जी के साथ काम करने के अपने शानदार अनुभव को साझा किया। अभिनेत्री ने फिल्म के सेट से जुड़ी कुछ तस्वीरें (बीटीएस) भी पोस्ट कीं, जिनमें पूरी टीम के बीच का तालमेल और खुशी साफ झलक रही थी। उन्होंने बताया कि पच्चीस साल बाद जब उन्हें इस प्रतिष्ठित प्रोजेक्ट के लिए याद किया गया, तो उन्होंने बिना किसी हिचकिचाहट के तुरंत इसके लिए अपनी सहमति दे दी। राइमा ने अपने पोस्ट में लिखा कि शुरुआत में उन्हें शूटिंग का अनुभव कैसा होगा, इसका कोई अंदाज़ा नहीं था। उन्होंने बताया कि उन्होंने निर्देशक नंदिता रॉय के बारे में सुना था कि वे काफी सख्त मिजाज की हैं, लेकिन उनसे मिलने के बाद उनकी यह धारणा पूरी तरह बदल गई। राइमा ने नंदिता और शिबोप्रसाद के साथ काम करने के अपने व्यक्तिगत अनुभव को साझा करते हुए कहा कि नंदिता एक मां की तरह हैं, बेहद शांत, प्यार करने वाली और दयालु। उन्होंने सेट पर राइमा का पूरा ख्याल रखा और उन्हें घर जैसा महसूस कराया। वहीं, शिबोप्रसाद मुखर्जी भी बहुत ही कूल और रिलैक्स रहने वाले



निर्देशक हैं, जिनके साथ काम करना बेहद आसान और सहज रहा। राइमा ने आगे बताया कि पूरी टीम के साथ उनका तालमेल इतना शानदार था कि लंबी शूटिंग के घंटों के बावजूद उन्हें कभी थकान महसूस नहीं हुई। सभी एक परिवार की तरह काम करते थे, जिससे सेट पर हमेशा सकारात्मक और ऊर्जावान माहौल बना रहता था। उन्होंने उम्मीद जताई कि वे भविष्य में भी इस अद्भुत टीम के साथ दोबारा काम करना चाहेंगी। राइमा ने अपने प्रशंसकों को यह भी बताया कि फिल्म फूल पिशि ओ एडवर्ड 29 मई को उनके नजदीकी सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है, और उन्होंने दर्शकों से इसे देखने का आग्रह किया।

फूल पिशि ओ एडवर्ड प्रसिद्ध निर्देशक जोड़ी नंदिता रॉय और शिबोप्रसाद मुखर्जी की पच्चीसवीं बंगाली मिस्ट्री-ड्रामा फिल्म है, जो उनके करियर में एक मील का पत्थर है। फिल्म में राइमा सेन के अलावा, सोहिनी सेनगुप्ता, अर्जुन चक्रवर्ती, शाहेब चट्टोपाध्याय, रजतव दत्ता, अनन्या चटर्जी, कोनेनिका बनर्जी, श्यामौप्ति मुदली, रिशव बसु और सौम्या मुखर्जी जैसे प्रतिभाशाली कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे, जो इस रहस्यमयी कहानी को और भी दिलचस्प बनाएंगे। यह फिल्म एक लव ट्राएंगल पर आधारित है और भावनात्मक रहस्यों के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसमें संगीत जॉय सरकार ने दिया है और बोल श्रीजतो ने लिखे हैं। विंडोज प्रोडक्शनंस द्वारा निर्मित इस फिल्म का लेखन जिनिया सेन ने किया है।

# आईपीएल से काफी कुछ सीखने को मिल रहा : ऑलराउंडर जैकब बेथेल



बेंगलुरु (ईएमएस)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के की ओर से खेल रहे इंग्लैंड के ऑलराउंडर जैकब बेथेल आईपीएल में खेलकर बेहद उत्साहित है। बेथेल का कहना है कि इस लीग से उसे काफी कुछ सीखने को मिला है और उसका आत्मविश्वास और अनुभव भी बढ़ा है। लीग में विराट कोहली जैसे अनुभवी बल्लेबाज से उसे लक्ष्य का पीछा करने की कला भी सीखने को मिली है। बेथेल का क्रिकेट सफर आसान नहीं रहा है। बारबाडोस की धूप भरी पिचों पर बल्ले और गेंद के साथ खेलते हुए बड़े हुए। वह इंग्लैंड गये। इसमें वारविकशायर के लिए खेले और 2021 में अपना पहला पेशेवर अनुबंध साइन किया। इसके बाद उन्हें इंग्लैंड की टीम में जगह मिली। बेथेल का कहना है कि आरसीबी में आने के बाद उन्हें विराट कोहली के अलावा रजत पाटीदार जैसे खिलाड़ियों के अलावा दिनेश कार्तिक से भी मिने का अवसर मिला। लीग में खेल की तेजी से भी वह प्रभावित है। वहीं कोचिंग टीम के साथ काम करने के अनुभव को साझा करते हुए, उन्होंने कोच एंडी फ्लावर की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि वह जरूरत पड़ने पर ही बोलते हैं और उनकी बात को सुनना महत्वपूर्ण होता है।

# सीएसके के खिलाफ एनगिडी खेलेंगे : मुनाफ



चेन्नई (ईएमएस)। दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजी कोच मुनाफ पटेल ने कहा है कि तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी अपनी सिर की चोट से उबर गये हैं और आज चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) से खेलने के लिए तैयार हैं। एनगिडी को एक कैच पकड़ने के प्रयास में सिर के बल गिरने से चोट लगी थी। इसी कारण एनगिडी दो बड़े मैचों से बाहर रहे थे।

मुनाफ ने सीएसके के खिलाफ मैच से पहले कहा, सारे खिलाड़ी फिट हैं। लुंगी भी अब पूरी तरह से फिट हैं। वह सिर की चोट के कारण दो मैच नहीं खेल पाये थे। एनगिडी के आने से दिल्ली कैपिटल्स की गेंदबाजी मजबूत होगी। इससे मिशेल स्टार्क को अच्छा साथ मिलेगा। उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपने पहले ही मैच में शानदार प्रदर्शन किया था। मुनाफ ने पावरप्ले में विकेट लेने वाले गेंदबाज के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, अगर पावरप्ले में विकेट लेने वाला गेंदबाज हो तो पूरा मैच बदल जाता है। यदि शुरुआती ओवरों में विकेट नहीं गिरते, तो टीमें आसानी से 220-230 रन तक बना लेती हैं। इस पूर्व तेज गेंदबाज ने आगे कहा, जब मुख्य गेंदबाज होता है और पावरप्ले में विकेट लेता है तो बहुत प्रभाव पड़ता है। हम पहले साझेदारी में गेंदबाजी नहीं कर पा रहे थे, लेकिन अब यह कमी दूर हो गई है और हमारी गेंदबाजी इकाई में बेहतर तालमेल दिख रहा है।

# रेट्रो के सेट से जुड़े रोमांचक किस्से सांझा किए पूजा हेगडे ने

सोशल मीडिया के जरिए अभिनेत्री पूजा हेगड़े ने अपनी फिल्म रेट्रो से जुड़ी कुछ अनसुनी और बेहद रोमांचक यादें प्रशंसकों के साथ साझा कीं। तमिल रोमांटिक-एक्शन फिल्म रेट्रो ने रिलीज के एक साल पूरे कर लिए हैं। इस अवसर पर पूजा ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के सेट से कुछ बिहाइंड-द-सीन्स तस्वीरें और वीडियो पोस्ट किए, जिनमें शूटिंग के दौरान टीम द्वारा सामना की गई चुनौतियों और उनके जज्बे की झलक मिलती है। अपनी पोस्ट के जरिए अभिनेत्री ने बताया कि फिल्म बनाना किसी साहसिक और एडवेंचरस सफर से कम नहीं था।



पूजा ने लिखा, फिल्म रेट्रो के रिलीज को एक साल पूरा। शूटिंग के दौरान हमने कई बड़ी चुनौतियों का सामना किया। उन्होंने बताया कि शूटिंग के समय कई बार भयंकर तूफान आए, काम करते वक्त उनके पैर का लिगामेंट भी फट गया था, जिससे उन्हें काफी चोटें आईं और काफी दर्द सहना पड़ा। इसके अतिरिक्त, सेट पर हर तरफ कीचड़ और फिसलन थी, जिससे काम करना और भी मुश्किल हो गया था, लेकिन इन सभी बाधाओं के बावजूद, उनकी टीम का जज्बा और हौसला बिल्कुल कम नहीं हुआ। अभिनेत्री ने एक और हैरान कर देने वाली घटना का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि एक बार शूटिंग के दौरान उनकी नाव में अचानक आग लग गई थी। पूजा ने लिखा, हमारी नाव में आग लग गई और शूटिंग के वक्त एक ऐसा द्वीप था जहां चारों तरफ सांपों का डेरा था। ये सभी परिस्थितियां किसी भी शूटिंग टीम के लिए अत्यधिक तनावपूर्ण और मुश्किल हो सकती हैं। पूजा ने अपनी पोस्ट के जरिए बताया कि तकनीकी रूप से ये सारी चीजें बहुत तनावपूर्ण और मुश्किल होनी चाहिए थीं, लेकिन असलियत में ऐसा नहीं था।

# रुबीना दिलैक ने मालदीव में ढाया कहर

टीवी की मशहूर एक्ट्रेस रुबीना दिलैक इन दिनों अपने पति अभिनव शुक्ला के साथ मालदीव में छुट्टियों का आनंद ले रही हैं। वेकेशन के बीच रुबीना ने कुछ बोल्ड फ़ोटोज़ शेयर की हैं, जिसे देखकर हर किसी के मुँह से बस एक ही शब्द निकला और वह है वाह! इन फ़ोटोज़ में रुबीना ने बिकिनी पहनी हुई है और पति के साथ बहुत ही रोमांटिक अंदाज़ में पोज़ देती हुई नज़र आ रही हैं। रुबीना की खूबसूरती किसी इंट्रोडक्शन की मोहताज़ नहीं है। उनका यह बोल्ड अंदाज़ हर किसी को उनकी तरफ़ आकर्षित कर रहा है। रुबीना द्वारा शेयर की गई इन तस्वीरों में वह पति के साथ-साथ अपने दोस्तों संग भी एन्जॉय करती हुई नज़र आ रही हैं। रुबीना दिलैक ने अपने साथ-साथ अपने पति अभिनव की भी फ़ोटोज़ शेयर की हैं। इसी के साथ दूसरी फ़ोटो में रुबीना अपने पति को रोमांटिक अंदाज़ में देखती हुई नज़र आ रही हैं। रुबीना ने अपनी फ़ोटोज़ के नीचे कैप्शन भी लिखा है, जिसमें लिखा है मुझे घूमना बहुत पसंद है और ये हमारे रिश्ते को और भी ज़्यादा मज़बूत बनाता है।



# जैमिमा को टी20 विश्वकप में नंदानी के बेहतर प्रदर्शन करने का भरोसा



मुम्बई (ईएमएस)। आगामी टी20 विश्वकप के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम में शामिल उभरती हुई खिलाड़ी नंदानी शर्मा पर सभी की नजरें रहेंगी। टी20 विश्वकप 12 जुलाई से इंग्लैंड में खेला जाएगा। इसी को लेकर भारतीय टीम अभी तैयारियों में लगी है। टीम की आक्रामक बल्लेबाज जैमिमा रोड्रिग्स को उम्मीद है कि नंदानी बेहतर प्रदर्शन करने में सफल रहेगी। जैमिमा के अनुसार हाल के दिनो में नंदानी ने घरेलू क्रिकेट में काफी अच्छा खेला है जिसे अब अब बरकरार रखने पर ध्यान देंगी। जेमिमा ने नंदानी की क्षमताओं पर पूरा भरोसा जताते हुए कहा है कि वह शीघ्र ही टीम के अनुरुप ढ़ल जाएंगी। नंदानी ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में जैमिमा की कप्तानी में खेला था। लीग में नंदानी ने अपनी प्रदर्शन से सभी का ध्यान खींचा था। नंदानी ने अपन पहले ही डब्ल्यूपीएल लीग में हैट्रिक लगायी थी। उन्होंने पूरे सत्र में सबसे अधिक 17 विकेट लिए थे। ये प्रतियोगिता में किसी खिलाड़ी के सबसे अधिक विकेट रहे है। इसी अच्छे प्रदर्शन और अमनजोत कौर व काशवी गौतम जैसे खिलाड़ियों के बाहर होने से नंदानी को टीम को जगह मिली है। मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने नंदानी का स्वागत करते हुए उनके घरेलू क्रिकेट और डब्लयूपीए में प्रदर्शन की सराहना की।

# मुम्बई सबसे अधिक बार 200 से ज्यादा लक्ष्य हासिल करने वाली दूसरी टीम बनी

मुंबई (ईएमएस)। मुंबई इंडियंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 47 वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को 6 विकेट से हराने के दौरान एक अहम उपलब्धि अपने नाम कर ली है। ये लक्ष्य का पीछा करते हुए आईपीएल इतिहास में मुम्बई की अब तक कि सबसे यादगार जीत है। इस जीत के साथ ही मुम्बई 200 या उससे अधिक रनों के लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल करने के मामले में राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स हैदराबाद को पीछे छोड़ते हुए दूसरे नंबर पर पहुंच गयी है। मुम्बई ने सात बार 200 रनों से अधिक का लक्ष्य हासिल किया है जबकि रॉयल्स और सनराइजर्स के नाम ये छह-छह बार है। हालांकि, इस सूची में सबसे ऊपर पंजाब किंग्स का नाम दर्ज है, जिसने अविश्वसनीय रूप से 11 बार 200 या उससे अधिक के लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल किया है। इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ सुपर जायंट्स ने निकोलस पूरन की आक्राम पारी की सहायता से निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 228 बनाये। इसके बाद मुबंई ने रोहित शर्मा और रयान रिकल्टन की आक्रामक पारी से केवल 10.5 ओवरों में ही 143 रन बना दिये।

# गेंदबाज बुमराह पर भड़के गावस्कर बोले, नो बाल स्वीकार नहीं कर सकते

मुम्बई (ईएमएस)।

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रहे सुनील गावस्कर ने मुंबई इंडियंस के अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आड़े हाथों लिया है। गावस्कर का कहना है कि जिस प्रकार से बुमराह ने इस सत्र में 8 नो बाल की है उसे स्वीकार नहीं किया जा सकता है। बुमराह ने 3 नो बाल तो लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ ही की थीं। गावस्कर के अनुसार वाइड बाल को एक बार गलती माना जा सकता है पर नो बाल नहीं। बुमराह आईपीएल 2026 में अब तक कुछ खास नहीं कर पाए हैं. उनको विकेट लेने में काफी संघर्ष करना पड़ा है। इसी कारण मुम्बई टीम का प्रदर्शन भी खराब रहा है।



लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मुकाबले में बुमराह ने हिम्?मत सिंह को कैच आउट कराया पर गेंद नो बाल हो गयी। इसके बाद हिम्?मत ने 40 रन बनाए और लखनऊ का स्कोर 220 के ऊपर पहुंचा दिया। गावस्कर ने बुमराह की आलोचना करते हुए कहा कि टी20 क्रिकेट में पेशेवर खिलाड़ियों का नो बाल फेंकना बिल्कुल भी स्वीका नहीं किया जा सकता है। गावस्कर ने कहा, ÷मुझे फिर मत सिखाये। मुझे मत बताइए कि बुमराह ने नो-बॉल फेंकी है। यह स्वीकार्य नहीं है। आप एक पेशेवर क्रिकेटर हैं, यह स्वीकार्य नहीं है। वाइड गेंद समझ में आती है पर नो-बॉल नहीं।

गौरतलब है कि लखनऊ के खिलाफ भी बुमराह एक भी विकेट नहीं ले पाये और अपने ओवरों में उन्होंने 45 रन दे दिये। आईपीएल 2026 में बुमराह ने 10 मैचों में केवल तीन विकेट लिए हैं। यही कारण है कि मुंबई इंडियंस को कई मुकाबलों में हार कसा सामना करना पड़ा है। बुमराह डेथ ओवर्स में दबाव बनाते थे और मुम्बई को आगे रखते थे, पर इस बार ऐसा नहीं हो पाया जिससे विरोधी टीमों के बल्लेबाज हावी हो गये।

# निशिकोरी इस सत्र के बाद टेनिस को कहेंगे अलविदा

टोक्यो (ईएमएस)। जापान के दिग्गज पुरुष टेनिस खिलाड़ी केई निशिकोरी इस सत्र के अंत में खेल को अलविदा कह देंगे। रियो ओलंपिक में रजत पदक विजेता रहे निशिकोरी किसी ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचने वाले पहले एशियाई पुरुष खिलाड़ी हैं। 36 साल के हो रहे निशिकोरी ने अपने संन्यास की योजना सोशल मीडिया में साझा की है। निशिकोरी ने कहा, मैंने इस सत्र के अंत में पेशेवर टेनिस से संन्यास लेना तय किया है। साथ ही कहा कि टेनिस उनका बचपन का जुनून रहा है। उन्होंने एटीपी टूर तक पहुंचने, शीर्ष स्तर के मुकाबले खेलने और शीर्ष 10 में जगह बनाने की अपनी उपलब्धि पर खुशी जतायी है। साथ ही कहा कि इस दौरान उन्हें प्रशंसकों का भी भरपूर प्यार मिला। अपने करियर के बारे में बात करते हुए, निशिकोरी ने स्वीकार किया कि बार-बार लगने वाली चोटों ने उन्हें बहुत परेशान किया। ऐसे भी समय थे जब बार-बार चोट लगने की वजह से वह तनाव के कारण अवसाद ग्रस्त भी हुए हैं। जिससे मैं जैसा चाहता था वैसा नहीं खेल पाता था, उन्होंने कहा। इसके बावजूद, टेनिस के प्रति उनके प्रेम और एक मजबूत खिलाड़ी बनने के विश्वास ने उन्हें हमेशा कोर्ट पर वापस लौटने के लिए प्रेरित किया।

# कॉर्बिन बॉश के एक ही ओवर ने बदला मुम्बई और लखनऊ का मुकाबला



मुम्बई (ईएमएस)। मुम्बई इंडियंस ने यहां हुए आईपीएल मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 200 रनों से बड़ा लक्ष्य हासिल कर जीत दर्ज की जिसमें उसके गेंदबाज कॉर्बिन बॉश की भी अहम भूमिका रही। कॉर्बिन ने इस मैच में एक ओवर के अंदर ही दो विकेट लेकर मैच का रुख पलट दिया था। कॉर्बिन ने दो बेहतरीन बल्लेबाजों निकोलस पूरन और मिचेल मार्श के विकेट लेकर लखनऊ की रन गति रोक दी थी।

इस मैच में मुंबई ने 229 रनों का बड़ा लक्ष्य हासिल कर जीत दर्ज की, लेकिन यह जीत इतनी आसान नहीं थी और एक समय लखनऊ एक बड़े स्कोर की ओर बढ़ रहा था। खासकर उनके दो विकेट, जिनकी कीमत करीब 75 लाख रुपये आंकी गई, ने सुपर जायंट्स की रन गति को रोक दिया जिससे वह 250 तक नहीं पहुंच पायी।

इसमें जब मुंबई के हाथ से मैच फिसलता दिख रहा था, तब कॉर्बिन ने गेंद संभाली थी। उस समय पूरन 20 गेंदों में 63 रन बनाकर खेल रहे थे जबकि मिचेल ने 24 गेंदों में 44 रन बनाये थे।

कॉर्बिनकी गेंदबाजी से ही लखनऊ की रन गति रुक गयी। विशेषज्ञों के आकलन के अनुसार, कॉर्बिन बॉश द्वारा लिए गए इन दो विकेटों की कुल कीमत लगभग 75 लाख रुपये बैठती है। निकोलस पूरन का विकेट विशेष रूप से महत्वपूर्ण था, जिसकी कीमत ही अकेले लगभग 42 लाख रुपये आंकी गई। उनकी विस्फोटक पारी हर ओवर में 15 से 25 रनों का अतिरिक्त फर्क पैदा कर सकती थी।

# चहल को केवल एक ओवर दिये जाने पर कैफ हैरान , पंजाब की रणनीति पर उठाये सवाल

नई दिल्ली (ईएमएस)। पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने स्पिनर युजवेंद्र चहल को कम गेंदबाजी दिये जाने की पंजाब किंग्स की रणनीति पर सवाल उठाये हैं। । कैफ के अनुसार पंजाब को चहल की क्षमताओं पर भरोसा बनाये रखना चाहिये। कैफ के अनुसार गुजरात टाइटंस के खिलाफ मुकाबले में जिस प्रकार से चहल को कम गेंदबाजी मिली उससे मुझे हैरानी हुई है। इस मैच में पंजाब किंग्स को हार का सामना करना पड़ा था। इस हार के बाद से ही पंजाब की गेंदबाजी रणनीति पर सवाल उठ खड़े हुए हैं। इसी को लेकर कैफ ने कहा था कि आईपीएल इतिहास के सबसे सफल गेंदबाजों में से एक होने के बाद भी चहल को केवल एक ही ओवर दिये जाने पर उन्हें हैरानी हुई है जबकि वह अपनी कलात्मक लेग-स्पिन और विकेट लेने की क्षमता के लिए जाने



जाते हैं। कैफ के अनुसार चहल ने आईपीएल में कुल 228 विकेट लिए हैं और उनका नाम सबसे अधिक विकेट लेने वालों में शामिल है।इसमें से उन्होंने काफी विकेट चिन्नास्वामी स्टेडियम जैसी सपाट पिचों पर लिए थे जहां गेंदबाजों को काफी कम सहायता मिलती है। हालांकि, कैफ ने पिच की स्थितियों को भी ध्यान में रखा और स्वीकार किया कि शायद पिच पर घास मौजूद होने के कारण टीम की रणनीति प्रभावित हुई हो।

# हार्दिक के बाहर होते ही रोहित की मुम्बई इंडियंस में वापसी से उठे सवाल, टीम में सब कुछ ठीक नहीं होने की अटकलें तेज हुई

मुम्बई (ईएमएस)।

मुंबई इंडियंस में लगता है कि सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। ड्रेसिंग रूम में जारी टकराव का प्रभाव मैदान पर भी नजर आने लगा है। इससे टीम के प्रदर्शन पर भी प्रभाव पड़ा है। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ हुए मैच में एक बार फिर ये देखने में आया है। इस मैच में कप्तान हार्दिक पंड्या के अचानक बाहर होने के बाद पूर्व कप्तान रोहित शर्मा की मैच में वापसी पर भी सवाल उठे हैं।

सोमवारर रात हुए इस मैच में मुंबई इंडियंस ने लखनऊ सुपर जायंट्स को छह विकेट से हरा दिया हालांकि इस मैच में सबसे ज्यादा चर्चा इस बात को लेकर रही कि पिछले कुछ समय से लगातार चोटिल रहे रोहित अचानक ही अंतिम ग्यारह में शामिल हो गए, जबकि नियमित



कप्तान पंड्या मैच से बाहर थे। रोहित ने इस मैच में बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 44 गेंदों में ही छह चौके और सात छक्कों की सहायता से 84 रन बनाकर मुम्बई की जीत में अहम भूमिका निभाई। इसके बाद से ही सोशल मीडिया पर और क्रिकेट जानकारों के बीच यह चर्चा जोर पकड़ रही है कि रोहित फिटनेस को लेकर जानबूझकर अंतिम ग्यारह से बाहर थे और जैसे ही पंड्या की जगह सूर्यकुमार यादव को कार्यवाहक



कप्तान बनाया गया, रोहित खेलने के तैयार हो गए। ये भी कहा जा रहा है रोहित, हार्दिक की कप्तानी में खेलने को लेकर सहज नहीं हैं। इसी लिए उन्होंने सूर्यकुमार की कप्तानी में वापसी की। इससे मुंबई इंडियंस में जारी मतभेद सामने आ गये हैं। कहा जा रहा है कि हार्दिक को कप्तानी से कई खिलाड़ी खुश नहीं हैं। इसी कारण टीम हार्दिक की कप्तानी में लगातार असफल रही है और प्लेऑफ तक भी नहीं पहुंच पायी है। पिछले सत्र में भी यही हुआ था। हालांकि पंड्या के अचानक मैच से बाहर होने के पीछे पीठ में अकड़न बताई गई है। सलामी बल्लेबाज रेयान रिकेल्टन के बयान से ये अंदाजा होता है। रेयान ने कहा,कि उन्हें मैच के दिन ही दोपहर में हार्दिक की चोट का पता चला था। साथ ही कहा कि ये कितनी गंभीर है ये उन्हें जानकारी नहीं थी। उन्होंने उम्मीद जताई कि हार्दिक अगले मैच में टीम के साथ होंगे। इससे पहले, कार्यवाहक कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस के समय हार्दिक के चोटिल होने की पुष्टि की थी। सवाल यह है कि क्या यह चोट इतनी गंभीर थी कि हार्दिक को बाहर बैठना पड़ा, या इसके पीछे कोई और रणनीति काम कर रही थी, जिसने रोहित की वापसी का रास्ता साफ किया? अब देखना है कि मुंबई इंडियंस टीम प्रबंधन कैसे इस आंतरिक संघर्ष को समाप्त करता है।

संभागायुक्त सिंह और कलेक्टर सिंह ने सिंहस्थ 2028 के अंतर्गत शहर में किए जा रहे मार्ग चौड़ीकरण कार्य का पैदल भ्रमण कर निरीक्षण किया

# निर्माण के साथ ही चेंबर, फुटपाथ और सड़क फिनिशिंग का कार्य करें -संभागायुक्त सिंह



उज्जैन। संभागायुक्त सह सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने नियमित निरीक्षण के दौरान मंगलवार को सिंहस्थ महापर्व को दृष्टिगत रखते हुए शहर में किए जा रहे मार्ग चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त सिंह ने निर्देश दिए कि जहां तक मार्ग चौड़ीकरण कार्य पूर्ण होता जा रहा है, उन स्थानों पर ड्रेनेज चेंबर, फुट-पाथ और सड़क की फिनिशिंग भी साथ-साथ करने के निर्देश दिए। कार्य की गति बढ़ाने के लिए संबंधित निर्माण एजेंसी को श्रमिकों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए।

संभागायुक्त सिंह ने कहा कि जहां तक कार्य पूर्ण हुआ है वहां आगे की ओर तेजी से कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य रखें। पैदल भ्रमण के दौरान रहवासियों और व्यापारियों ने शहर विकास के लिए हो रहे मार्ग चौड़ीकरण कार्य में पूरी तरह सहयोग देने का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर आगामी सिंहस्थ 2028 महापर्व पर विश्व स्तरीय आयोजन के लिए आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को सुविधा, सुरक्षा और यातायात प्रबंधन, भीड़ प्रबंधन के लिए शहर के प्रमुख मार्गों का चौड़ीकरण किया जा रहा है। मंगलवार को सिंहस्थ के प्रचलित कार्यों का नियमित निरीक्षण संभागायुक्त आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने किया। संभागायुक्त सिंह ने कोयला फाटक से कंठाल चौराहे तक, बियाबानी से तेलीवाड़ा तक किए जा रहे मार्ग चौड़ीकरण कार्य का पैदल भ्रमण करते हुए जायजा लिया। इस दौरान संभागायुक्त सिंह ने निर्देश दिए कि जहां तक कार्य पूर्ण हो चुका है वहां फिनिशिंग का कार्य भी पूर्ण करें। पाइप लाईन डालने के साथ ही आमजन को पानी की परेशानी नही हो इसका भी ध्यान रखें।

### व्यापारियों ने कहा हम नगर विकास में प्रशासन के साथ हैं

संभागायुक्त सिंह ने तेलीवाड़ा क्षेत्र में कार्य प्रभावित होने पर नाराजगी जताते हुए मार्ग चौड़ीकरण कार्य में आने वाली बाधा हटाकर तेज गति से कार्य करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त सिंह और कलेक्टर सिंह, निगम आयुक्त मिश्रा ने नरेंद्र टॉकीज तिराहा से कंठाल चौराहा, सतीगेट से छोटा सराफा खड़े हनुमान मंदिर तक कार्य का निरीक्षण करते हुए नगर निगम के अधिकारियों को बारिश के पहले आधार स्तर के कार्य पूर्ण करने के लिए अतिरिक्त लेबर लगाने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने इसके बाद खजूरवाली मस्जिद से केडी गेट, पत्तीबाजार, जूना सोमवारिया चौराहा तक मार्ग चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण कर निर्देश दिए कि लेबर बढ़ाकर रात्रि में भी कार्य करते हुए समय सीमा में कार्य पूर्ण करने और निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। इसके लिए मौके पर मौजूद इंजीनियरों द्वारा मॉनिटरिंग की जाए। व्यापारियों ने कहा हम नगर विकास में साथ है संभागायुक्त सिंह, कलेक्टर सिंह और निगम आयुक्त मिश्रा के निरीक्षण के दौरान सतीगेट से छोटा सराफा तक रहवासियों और व्यापारियों ने अधिकारियों से मिलकर कहा कि वे सभी नगर विकास के लिए हो रहे चौड़ीकरण कार्य का समर्थन करते हुए प्रशासन के साथ है। व्यापारियों का कहना था कि आने वाले समय में बारिश शुरू होना है ऐसे में कार्य जल्दी पूर्ण कराया जाए। संभागायुक्त ने सभी को भरोसा दिलाया कि निश्चित ही बारिश के पहले कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

गेहूं उपार्जन का आकस्मिक दौरा

# फिर अचानक गेहूं उपार्जन केंद्र पहुंचे सीएम डॉ. मोहन

» रिलीज किया वेयरहाउस की क्षमता बढ़ाने का ऑर्डर

» सुविधाएं देखने के बाद अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

» प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार मना रही किसान कल्याण वर्ष



उज्जैन। मैं कहीं भी हेलीकॉप्टर उतार सकता हूं और गेहूं उपार्जन केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण कर सकता हूं.. ़ कुछ दिनों पहले ये बात कहने वाले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 5 मई को उज्जैन की सेवा सहकारी संस्था दताना के नागझिरी स्थित अडानी एग्रो साइलो उपार्जन केंद्र पहुंचे। उन्होंने यहां केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को सुविधा संबंधी जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। इसके अलावा उन्होंने वेयरहाउस की क्षमता बढ़ाने का भी फैसला किया। वेयरहाउस की क्षमता बढ़ने से गेहूं को बेमौसम बारिश से बचाया जा सकेगा। इससे पहले सीएम डॉ यादव शाजापुर और खरगोन में भी गेहूं उपार्जन का आकस्मिक दौरा कर चुके हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मैं यहां गेहूं उपार्जन केंद्र पर आया हूं। हमने पूर्व में घोषित किया है कि गेहूं खरीदी को लेकर पूरे प्रदेश में स्लॉट बुकिंग की तारीख बढ़ाई है। गेहूं उपार्जन लगातार चल रहा है। मुझे बताया गया है कि हर जगह हमारी खरीदी सहज और सामान्य हुई है, लेकिन फिर भी आकस्मिक दौरे लगाकर हमने किसानों के साथ अपनी भावना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि जानकारी मिल रही है कि अब नियमित अंतराल से सात दिन के अंदर भुगतान भी हो रहा है। इस बीच लोगों का माल ढुलाई का काम भी चल रहा है। ऐसी परिस्थिति में तौल कांटे भी बढ़वाए गए हैं। सरकार ने सुविधाएं भी बढ़ाई हैं।

### किसानों को मिलें सभी सुविधाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे बताया गया था कि वेयरहाउस के अंदर अगर क्षमता बढ़ा दें, तो बारिश के मौसम में काफी लाभ होगा। आज हमने वेयरहाउस की क्षमता बढ़ाने के ऑर्डर भी निकाल दिए हैं। किसानों को किसी प्रकार की कोई तकलीफ नहीं होनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार यह साल किसान कल्याण वर्ष के रूप में मना रही है। हमारा प्रयास है कि किसानों को सब प्रकार की सुविधा मिले। अभी तक मेरी जानकारी में सरकार ने कल तक 41 लाख मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया है। हम अपनी कैपेसिटी और बढ़ा सकते हैं। मैं किसान भाइयों से कहना चाहता हूं कि अपने क्षेत्र के तौल कांटे पर जाकर प्रक्रिया में भागीदार बनें। इस दौरान कोई भी कष्ट होने पर जिला प्रशासन से संपर्क करें। जिला प्रशासन ने कंट्रोल रूप की स्थापना की है। हम गेहूं उपार्जन की रोज मॉनिटरिंग कर रहे हैं। गेहूं के साथ चना और मसूर की खरीदी भी चल रही है।

## नए निर्माण के दौरान पेड़ बचाकर कार्य करें- कलेक्टर



उज्जैन। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने मंगलवार को निर्माणाधीन संयुक्त प्रशासनिक भवन और गीता भवन का निरीक्षण किया। कलेक्टर सिंह ने दोनों भवन के आस-पास पेड़ बचाकर निर्माण कार्य करने के साथ ही भवन निर्माण के बाद परिसर में नीम, पीपल जैसे बड़े पेड़ों के पौधारोपण करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर सिंह ने निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी लेने के बाद कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा शहर में बहुमंजिला प्रशासनिक भवन निर्माण की सौगात दी गई है। पुलिस कंट्रोल रूम के सामने बनने वाला संयुक्त प्रशासनिक भवन मध्यप्रदेश का पहला ऐसा संयुक्त भवन होगा जिसमें कलेक्टर, एसपी कार्यालय के साथ ही अन्य विभागों के लिए भी कार्यालय रहेंगे। मंगलवार को सुबह माधव नगर क्षेत्र पुलिस कंट्रोल रूम के सामने निर्माणाधीन संयुक्त प्रशासनिक भवन का निरीक्षण किया। निर्माण एजेंसी बीडीसी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आने वाले समय में वर्षा ऋतु प्रारंभ हो जाएगी। ऐसे में भवन निर्माण स्थल पर जल भराव की समस्या नही हो इसके लिए बारिश के पहले भूतल स्तर के निर्माण कार्य को पूरा कराने के लिए कार्य की गति बढ़ाई जाए। मौके पर जानकारी दी गई कि करीब 4500 स्क्वेयर मीटर क्षेत्र में बहुमंजिला इमारत का निर्माण किया जाएगा। भवन परिसर में तीन स्तर पर मल्टीलेवल पार्किंग एरिया निर्धारित किया है।

सिंहस्थ महापर्व के लिए विभागों ने कमर कसी

# सुरक्षा के लिए साइबर सेल की टीम हो रही तैयार

उज्जैन। सिंहस्थ महापर्व के भव्य आयोजन को लेकर मध्य प्रदेश के विभिन्न विभागों ने अपनी कमर कस ली है। इसी कड़ी में मध्य प्रदेश पुलिस और राज्य साइबर सेल ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए एक विशेष योजना तैयार की है। इस योजना के तहत साइबर वॉरियर्स की एक बड़ी टीम तैयार की जा रही है जो सिंहस्थ के दौरान आने वाले लाखों लोगों को डिजिटल ठगी से बचाने में मदद करेगी। वर्तमान समय में पुलिस के लिए साइबर अपराध एक बहुत बड़ी चुनौती के रूप में उभरा है और सिंहस्थ जैसे वैश्विक आयोजन में यह खतरा और भी बढ़ जाता है।

### हजारों को दी जाएगी विशेष ट्रेनिंग

साइबर सेल इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत बड़े स्तर पर वालेंटियर्स को जोड़ रहा है। जानकारी के अनुसार इस प्रोजेक्ट के लिए अब तक एक हजार से अधिक छात्रों ने अपना पंजीकरण करा लिया है। विभाग ने कुल दो हजार वालेंटियर्स तैयार करने का लक्ष्य रखा है। इन छात्रों को साइबर अपराधों से निपटने और लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि वे मेला क्षेत्र में प्रभावी भूमिका निभा सकें।

### इंदौर और ओंकारेश्वर जाने वाले यात्री भी रहेंगे निगरानी में

सिंहस्थ के दौरान श्रद्धालु केवल उज्जैन तक सीमित नहीं रहते, बल्कि इंदौर और ओंकारेश्वर जैसे धार्मिक केंद्रों की भी बड़ी संख्या में यात्रा करते हैं। इस यात्रा मार्ग पर श्रद्धालु विभिन्न कंपनियों की सेवाओं और सुविधाओं का लाभ लेते हैं, जिसका फायदा उठाकर साइबर ठग उन्हें अपना निशाना बना सकते हैं। विशेष रूप से बुजुर्गों और महिलाओं को इन ठगों से बचाने के लिए पुलिस ने विशेष कार्ययोजना बनाई है।

### मेला क्षेत्र में तैनात रहेगी साइबर टीम

साइबर सेल की टीम वर्तमान में विभिन्न कॉलेजों के संपर्क में है ताकि सेवा के इच्छुक छात्रों को जोड़ा जा सके। ये वालेंटियर्स सिंहस्थ के दौरान पूरे मेला क्षेत्र में तैनात रहेंगे। इनका मुख्य कार्य संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखना और तकनीकी रूप से कम जानकार श्रद्धालुओं को डिजिटल सुरक्षा के प्रति सचेत करना होगा। विभाग का मानना है कि इस जनभागीदारी से साइबर अपराधों की दर में भारी कमी आएगी।

### तत्काल सहायता मिलेगी

राज्य साइबर सेल इंदौर के एसपी सव्यचारी सराफ ने बताया कि साइबर अपराधों से निपटने के लिए कई स्तरों पर जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। इस साल शिवरात्रि के दौरान उज्जैन में एक सफल प्रयोग भी किया गया था, जहां मंदिर परिसर में विशेष कैंप लगाकर पीड़ितों की तुरंत एफआईआर दर्ज करने की व्यवस्था की गई थी। इसके साथ ही पोस्टरों और विज्ञापनों के जरिए लोगों को ठगी से बचने के तरीके सिखाए गए थे। सिंहस्थ के दौरान इस टीम के जगह जगह पर केंद्र होंगे, कोई भी इन केंद्रों पर किसी भी तरह से मदद मांग सकेगा। उसकी तुरंत मदद की जाएगी।



# संभागायुक्त और कलेक्टर ने शैव अखाड़ों की पेशवाई मार्ग का निरीक्षण किया

उज्जैन। सिंहस्थ महापर्व के दौरान अखाड़ों का पड़ाव स्थल नीलगंगा क्षेत्र में होता है। नीलगंगा पड़ाव स्थल से अखाड़े पेशवाई के रूप में सिंहस्थ मेला क्षेत्र के शिविर स्थल की ओर जाते है। मंगलवार को संभागायुक्त सह सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने नीलगंगा से पेशवाई मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान संभागायुक्त सिंह ने पेशवाई मार्ग में की जाने वाली व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

संभागायुक्त आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने मंगलवार को सिंहस्थ महापर्व के दौरान नीलगंगा पड़ाव स्थल से शैव, उदासीन अखाड़ों की पेशवाई मार्ग का किया निरीक्षण। इस दौरान जानकारी दी गई कि सिंहस्थ 2028 में नीलगंगा सिंहस्थ पड़ाव स्थल से पंचदशनाम जूना अखाड़ा, पंच दशनाम आव्हान अखाड़ा, पंचायती महानिर्वाणी अखाड़ा, पंचायती अटल अखाड़ा, पंचायती निरंजनी अखाड़ा, पंचायती आनंद अखाड़ा और पंचायती नया उदासीन अखाड़ा की पेशवाई नीलगंगा से प्रारंभ होकर तीन बत्ती चौराहा, टावर चौक, फ्रीगंज ब्रिज से अग्नि अखाड़ा देवासगेट होकर निकलती है। इस दौरान पेशवाई मार्ग में आने वाले अतिक्रमण हटाने और अन्य व्यवस्थाएं की जाना प्रस्तावित हैउल्लेखनीय है की सिंहस्थ महापर्व के दौरान सभी 13 अखाड़ों की शाही पेशवाई निकालने का अपना एक अलग ही उत्साह और आनंद रहता है, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के स्थानीय प्रबंधक डॉ. गोविंद सोलंकी ने जानकारी देते हुए बताया कि शैव संप्रदाय के जो अखाड़े हैं। उनमें प्रमुख रूप से पंच दशनाम जूना अखाड़ा, पंचायती निरंजनी अखाड़ा, पंचदशनाम आव्हान अखाड़ा, पंचायती महानिर्वाणी अखाड़ा, पंचायती अटल, अखाड़ा पंचायती आनंद अखाड़ा और पंच अग्नि अखाड़ा प्रमुख है। जिनकी पेशवाई क्रमश: सिंहस्थ पड़ाव स्थल नीलगंगा से प्रारंभ होकर फ्रीगंज होते हुए अपने-अपने शिविर स्थल मेला क्षेत्र में प्रवेश करती है। पंच अग्नि अखाड़े की पेशवाई देवास गेट स्थित अग्नि अखाड़े से प्रारंभ होकर देवास गेट बस स्टैंड मालीपुरा होते हुए मेला क्षेत्र में प्रवेश करेगी, वहीं उदासीन संप्रदाय के दो अखाड़े है जिसमें प्रमुख है।

## राजनेता, अभिनेता ने किए महाकाल दर्शन

उज्जैन। बिहार के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव मंगलवार को अपने परिवार के साथ उज्जैन स्थित महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे। उन्होंने यहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। मंदिर समिति द्वारा उनका सम्मान भी किया गया। दर्शन के बाद मीडिया से बातचीत में पप्पू यादव ने देश में मानवता और लोकतंत्र की मजबूती की कामना की। यादव ने कहा कि उनकी प्रार्थना है कि देश में द्वेष की राजनीति समाप्त हो तथा संविधान और इंसानियत की रक्षा हो। उन्होंने पश्चिम बंगाल चुनाव परिणामों को लेकर भी सवाल उठाए। पप्पू यादव ने आरोप लगाया कि चुनाव निष्पक्ष नहीं रहा और 'साम, दाम, दंड, भेद' जैसी नीतियों तथा एजेंसियों के दुरुपयोग से परिणाम प्रभावित किए गए। उन्होंने चुनाव आयोग की भूमिका पर भी सवाल खड़े करते हुए कहा कि कई सीटों पर जबरन जीत दिलाई गई, जिससे लोकतंत्र की भावना आहत हुई है। इसी क्रम में, प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता गोविंद नामदेव ने भी अपने परिवार के साथ बाबा महाकाल के दर्शन किए। उन्होंने मंदिर की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें यहां आकर अद्भुत ऊर्जा का अनुभव होता है। हालांकि, नामदेव ने यह भी कहा कि सुरक्षा कारणों से गर्भगृह में प्रवेश न मिल पाने के कारण भक्तों को थोड़ी दूरी महसूस होती है।



सॉल्वर काण्ड में एनएसयूआई ने किया कुलगुरु का विरोध

# कार्रवाई नहीं होने पर छात्रों का हंगामा एचओडी पर भी एक्शन की मांग





उज्जैन। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में बीकॉम छटे सेमेस्टर की परीक्षा में डमी कैंडिडेट (सॉल्वर) बैठाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। आरोपी पर केस दर्ज होने के बावजूद यूनिवर्सिटी प्रशासन की ओर से कार्रवाई नहीं होने पर एनएसयूआई ने मंगलवार दोपहर प्रदर्शन करते हुए कुलगुरु का विरोध किया। इस दौरान छात्रों ने कुलगुरु का पुतला दहन की कोशिश भी की, लेकिन पुलिस ने उसे सफल नहीं होने दिया और पुतला छिन लिया।

मामला सोमवार 4 मई का है, जब वाग्देवी भवन में आयोजित बीकॉम परीक्षा में छात्रा सपना भदौरिया की जगह इंदौर निवासी विशाखा माहेश्वरी परीक्षा देने बैठ गई थी। इसकी सूचना छात्र संगठन के पदाधिकारी तरुण परिहार ने विभागाध्यक्ष को दी, जिसके बाद युवती को परीक्षा देने से रोक दिया गया। घटना सामने आने के बाद पुलिस ने विशाखा माहेश्वरी समेत तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। प्रारंभिक जांच में इसे सॉल्वर के जरिए परीक्षा देने का मामला माना गया है।

**कार्रवाई नहीं, भड़के छात्र, कार्रवाई की मांग**

एनएसयूआई का आरोप है कि पुलिस ने तो कार्रवाई कर दी, लेकिन यूनिवर्सिटी प्रशासन ने अब तक किसी जिम्मेदार अधिकारी पर कोई कदम नहीं उठाया। इसी के विरोध में सोमवार को छात्रों ने यूनिवर्सिटी परिसर में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने नारेबाजी करते हुए कुलगुरु और कुलसचिव का पुतला जलाया। छात्रों ने मांग की कि इस पूरे मामले में विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाए। हस्ढ्ढ के परिक्षेत्र अध्यक्ष तरुण परिहार ने कहा कि पुलिस ने अपना काम कर दिया, लेकिन यूनिवर्सिटी प्रशासन अब तक चुप है। हमारी मांग है कि दोषी अधिकारियों पर तुरंत कार्रवाई की जाए।

## सीएम मोहन यादव की मोसैरी बहन का निधन



उज्जैन। मुख्यमंत्री की मोसैरी बहन ग्यारसी बाई यादव का निधन हो गया ै। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार शाम 5 बजे चक्रतीर्थ पर किया गया। जानकारी के अनुसार, ग्यारसी बाई यादव का अल्प बीमारी के बाद निधन हुआ। 3 ग्यारसी बाई यादव अजय यादव और विजय यादव की माता थीं, तथा विनायक और सुमुख की दादी थीं। उनका नंदलाल यादव (अध्यक्ष प्रेस क्लब), नारायण यादव (अध्यक्ष मध्यप्रदेश कुश्ती संघ) और कलावती यादव (सभापति नगर निगम) से भी पारिवारिक संबंध था। उनकी अंतिम यात्रा मंगलवार, 5 मई को शाम 5.00 बजे उनके निज निवास वल्लभभाई पटेल मार्ग, खजूरवाली मस्जिद चौराहा से निकाली गई। यह यात्रा चक्रतीर्थ पहुंचकर अंतिम संस्कार में परिवर्तित हुई।

# सीईओ जिला पंचायत द्वारा विभिन्न मामलों में जनसुनवाई की



उज्जैन। कलेक्टर कार्यालय प्रशासनिक संकुल भवन में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांस कूमट द्वारा विभिन्न मामलों में जनसुनवाई की गई। बाढ़कुम्मेद निवासी मुकेश कुमार जैन ने आवेदन देकर शिकायत की कि उनकी ग्राम दुदरसी में स्थित कृषि भूमि के समीप स्थित भूमि का सीमांकन गलत तरीके से किया जा रहा है। इसमे नपती भी उचित तरीके से नहीं की जा रही है। इस पर तहसीलदार उज्जैन ग्रामीण को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

माकडौन निवासी चंद्रशेखर दवे ने आवेदन दिया कि उनके द्वारा माकडौन की नकल शाखा से जमीन के कागजों की प्रतिलिपि प्राप्त करने के लिए आवेदन दिया गया था। परंतु आज दिनांक तक उन्हें दस्तावेज उपलब्ध नहीं हुए है। इस पर तहसीलदार माकडौन को तत्काल नकल प्रदान करने के निर्देश दिए गए। उज्जैन निवासी लक्ष्मीनारायण चौहान ने आवेदन दिया कि उनके बेटे और बहू द्वारा हाथापाई कर उन्हें घर से निकाल दिया गया है तथा उनके मकान पर जबरन कब्जा कर लिया है। इस वजह से उन्हें भरण पोषण करने में बहुत परेशानी हो रही है। इस पर एसडीएम उज्जैन शहर को भरण पोषण अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। ग्राम गावड़ी तहसील तराना निवासी चंदाबाई ने आवेदन दिया कि गांव में उनके स्वामित्व की कृषि भूमि पर लगाई गई फसल को कुछ दबंग लोगों द्वारा बल पूर्वक काट कर कब्जा कर लिया गया है। इस पर एसडीएम तराना को मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। तहसील महिदपुर के ग्राम दुबली निवासी रमेश परमार ने आवेदन दिया कि वे पिछले 04 वर्षों से आधे शरीर से लकवाग्रस्त है। उनकी आय का और कोई साधन नहीं है इसलिए उन्हें शासन की ओर से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। इस पर सीईओ जनपद पंचायत महिदपुर को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।उज्जैन निवासी कमल कुमार ने आवेदन दिया कि उनके घर के सामने पीएचई की पाइप लाइन फुट गई है जिस वजह से पानी उनके मोहल्ले के आस पास लगातार बहता रहता है। उनके द्वारा विभाग में पूर्व में भी शिकायत दर्ज करवाई है परंतु आज दिनांक तक इसका निदान नहीं किया गया है। पानी के लगातार बने रहने के कारण क्षेत्र में बीमारियों की संभावना बन रही है। इस पर आयुक्त नगर निगम को शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। उज्जैन निवासी श्रीमती सुनीता शर्मा ने आवेदन दिया कि उनके पति ने एक हाउसिंग फाइनेंस कंपनी से घर बनाने के लिए ऋण प्राप्त किया था। जिसका उनके द्वारा बीमा भी कराया गया था, उनके पति की असमय मृत्यु हो गई है। होम लोन का बीमा होने के बावजूद संस्थान द्वारा लोन की रिकवरी उनसे की जा रही है तथा उन पर शेष राशि जमा करने का दबाव बनाया जा रहा है। इस पर एलडीएम उज्जैन को मामले में उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार अपर कलेक्टर शाश्वत शर्मा तथा अन्य अधिकारियों द्वारा विभिन्न मामलों में जनसुनवाई की गई।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं संपादक सुनील वर्मा के लिए 1/4, परदेशीपुरा इन्दौर से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रेस 4/54 प्रेस कॉम्प्लेस एबी रोड इंदौर मध्यप्रदेश इन्दौर से मुद्रित.
कार्पोरेट कार्यालय : 301, अरु प्लाजा एमजी रोड इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com